भाद्रपद शुक्ल पक्ष षष्ठी 09:53
उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 9 सितंबर 2024
वर्ष 34, अंक 221, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पाकिस्तान में शिक्षा आपातकाल घोषित 14

कंगना की फिल्म को मिला यूए सर्टिफिकेट 13

खेलों के महाकुंभ पर अल्पविराम

अब चार साल बाद अमेरिकी के लॉस एंजेलिस में होगा आयोजन

पेरिस। पेरिस पैरालंपिक के समापन समारोह में परेड के दौरान भारतीय दल की तरफ से तीरंदाज हरविंदर और स्प्रिंट रनर प्रीति पाल ध्वजवाहक बने। अब चार साल के बाद खेलों के इस महाकुंभ का आयोजन अमेरिका करेगा। फ्रांस की तरफ से मेजबानी अमेरिका को सौंपे जाने के बाद समारोह औपचारिक रूप से समाप्त हो गया। समारोह में गायिका की मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति का दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया। यहां तकनीक का भी भरपूर इस्तेमाल देखा गया। फ्रांस के झंडे के रंग में आकर्षक रोशनी और आतिशबाजी की गई। समारोह में लेजर लाइट का शो भी हुआ। इसमें दुनियाभर से आए एथलीट के योगदान की सराहना करते हुए उनकी उपलब्धि को दिखाने का यादगार प्रयास किया गया। समारोह का स्तब्ध करने वाला एक लम्हा ऐसा भी रहा जब खिलाड़ियों के साथ-साथ खेल प्रशंसकों की भावनाओं का ज्वार भी उमड़ा। अब चार साल के बाद अमेरिकी शहर लॉस एंजेलिस में ओलंपिक और पैरालंपिक का आयोजन किया जाएगा।

सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं : योगी

अखिलेश पर कसा तंज, अंबेडकरनगर में कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

संवाददाता, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता तो विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। योगी ने कहा कि जो लोग सत्ता को अपनी जागीर समझते थे, वे अब सत्ता में वापस आने के लिए अराजकता पैदा करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा के शासनकाल में गुंडे और माफिया अपनी समानांतर सरकार चलाते थे, लेकिन 2017 में भाजपा की सरकार बनने के बाद से हालात बदल गए और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होने लगी।

रविवार को मुख्यमंत्री ने अंबेडकरनगर के हीड़ी पकिड़िया में 1231 करोड़ रुपये की लागत वाली 6,778 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार चलाने के लिए जज्बा चाहिए, दिल चाहिए और दिमाग भी चाहिए। सत्ता विरासत में मिल सकती है, लेकिन बुद्धि नहीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि जब अंबेडकरनगर में हिंदू जागरण मंच के अध्यक्ष और टांडा निवासी हमारे प्रमुख कार्यकर्ता की हत्या हुई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। तब भी मुझे आंदोलन करने के लिए यहां आना पड़ा था।

मुख्यमंत्री ने सुल्तानपुर में सर्राफा व्यवसायी के यहां हुई डेढ़ करोड़ रुपये की लूट मामले के आरोपी मंगेश यादव की पुलिस मुठभेड़ में मौत पर अखिलेश द्वारा सवाल उठाए जाने की तरफ इशारा करते हुए कहा आप मुझे बताएं कि अगर कोई डकैत पुलिस से मुठभेड़ में मारा जाता है, तो सपा को बुरा क्यों लगता है। आप इन लोगों से पूछिए कि अपराधियों के साथ क्या होना चाहिए?

2017 के बाद माफिया मुक्त हो गया है प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकरनगर में दावा किया कि 2017 के बाद उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त हो गया है। योगी ने सपा, कांग्रेस और बसपा पर अपने-अपने शासनकाल में तुष्टिकरण के अलावा और कुछ नहीं करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों की सरकार में कोई भी आयोजन नहीं करने दिया जाता था। न होली, न दीपावली, न दशहरा, न दुर्गा पूजा, न नागपंचमी और न ही कृष्ण जन्माष्टमी या शिवरात्रि... कोई भी त्योहार आप शांतिपूर्ण तरीके से नहीं मना सकते थे। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2017 के बाद त्योहारों में विघ्न डालने वाले और बेटियों व व्यापारियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले गायब हो गए हैं। योगी ने मतदाताओं से कटेहरी विधानसभा सीट पर प्रस्तावित उपचुनाव में भाजपा का समर्थन करने की अपील की।

एक नजर

महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी आईसीयू में भर्ती

अयोध्या, अमृत विचार : श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत रविवार शाम अचानक बिगड़ गई। उन्हें लखनऊ स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूरीनरी समस्या व कम आहार लेने की समस्या के चलते आईसीयू में डॉ. दिलीप दुबे की निगरानी में भर्ती किया गया है। उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। वह इन दिनों ग्वालियर में थे। वहां भी इलाज चल रहा था।

ईद मिलादुन्नबी का त्योहार 16 को

अजमेर। अजमेर में इस्लामिक कलैंडर से रबी उल्ल अव्वल माह के आगाज हो जाने के बाद अब यह तय है कि 16 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी का जश्न मनाया जाएगा। अजमेर में दरगाह से जुड़े सूफी इंटरनेशनल संस्था ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मोत्सव 'जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी' पर जुलूस की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूफी इंटरनेशनल के साथ अन्य मुस्लिम संगठनों ने तय किया कि हर साल की तरह इस साल भी दरगाह के नजदीकी ढाईदिन के झौपड़े से जुलूस शुरू होगा।

कश्मीर पहुंचे रक्षामंत्री राजनाथ ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लोगों से कहा

पीओके के लोग हमारे अपने आकर बनें भारत का हिस्सा

जम्मू, एजेंसी

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के निवासियों से भारत आने और उसका हिस्सा बनने के लिए कहा। उन्होंने पीओके के निवासियों से कहा कि हम आपको अपना मानते हैं, जबकि पाकिस्तान आपको विदेशी मानता है।

भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ठाकुर के समर्थन में रामबन विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त करने के बाद से जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के चुनावी वादे को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और कहा कि जब तक भाजपा है, यह असंभव है।

रक्षामंत्री ने अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा

स्थिति में बड़े बदलाव का स्वागत किया और कहा कि युवाओं के पास अब पिस्तौल व रिवॉल्वर के बजाय लैपटॉप और कम्प्यूटर हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई भी श्रीनगर में लोगों पर गोलियां चलाने की हिम्मत नहीं करता। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में अगली सरकार बनाने के लिए भाजपा का समर्थन करें, ताकि हम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर विकास ला सकें। इतना विकास होगा कि पीओके के लोग देखकर कहेंगे कि हमें पाकिस्तान में नहीं रहना है, हम भारत चले जाएंगे।

राजनाथ ने कहा कि पड़ोसी देश में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने हाल में एक हलफनामा दायर कर कहा कि पीओके एक विदेशी भूमि है, लेकिन भारत में लोग आपको ऐसा नहीं मानते हैं। हम आपको अपना मानते हैं, इसलिए आइए तथा हमारा हिस्सा बनिए। रक्षा मंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक के रूप में जम्मू-कश्मीर का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 से पहले कश्मीर में आतंक का माहौल हुआ करता था। आज कोई भी पिस्तौल या रिवॉल्वर से गोली चलाने की हिम्मत नहीं कर सकता। यह एक मजबूत नेता के सत्ता में होने का परिणाम है।

...तो क्या अफजल को फूल-माला पहनाई जानी चाहिए थी: राजनाथ सिंह ने संसद पर हमले के दोषी अफजल गुरु को फांसी दिए जाने के बारे में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि उसके साथ क्या किया जाना चाहिए था? अगर उसे फांसी नहीं दी जाती तो (क्या) उसे फूल-माला पहनाई जानी चाहिए थी? भाजपा के वरिष्ठ नेता ने पार्टी घोषणापत्र में शामिल विभिन्न गारंटी को रेखांकित करते हुए कहा कि भाजपा कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास चाहती है तथा जम्मू-कश्मीर को देश का आधुनिक राज्य बनाना चाहती है।

घाटी में आतंकवाद बंद करे पाकिस्तान तो होगी बात

बनिहाल। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बंद कर दे तो भारत उसके साथ बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। रामबन जिले के बनिहाल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार मोहम्मद सलीम भट के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे। कौन पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारना नहीं चाहेगा? क्योंकि मैं इस वास्तविकता को जानता हूं कि आप अपने मित्र को बदल सकते हैं, लेकिन अपने पड़ोसी को नहीं। हम पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहते हैं, लेकिन सबसे पहले उन्हें आतंकवाद को रोकना होगा।'

कालिंदी एक्सप्रेस को सिलेंडर पेट्रोल बम से पलटने की साजिश

सिलेंडर से टकराई ट्रेन तो हुआ धमाका, इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोकी ट्रेन

संवाददाता, शिवराजपुर (कानपुर)

अमृत विचार: प्रयागराज से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को रविवार रात करीब सवा 8 बजे फर्रुखाबाद रूट के बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच स्थित मुडेरी गांव की क्रासिंग के पास ट्रैक पर भरा गैस सिलेंडर रखकर पलटाने की कोशिश की गई। तेज रफ्तार ट्रेन सिलेंडर से टकराई तो तेज धमाका हुआ। सिलेंडर करीब 50 मीटर दूर जा गिरा। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी।

ट्रेन वहां करीब 22 मिनट तक खड़ी रही। चालक ने क्रासिंग पर तैनात गेटमैन को मामले की जानकारी दी। इसके बाद रेलवे और पुलिस अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। आनन फानन में मौके पर पहुंचे पुलिस और रेलवे अधिकारियों को वहां क्षतिग्रस्त सिलिंडर, पेट्रोल बम, माचिस और झोले में संदिग्ध पाउडरनुमा बारूद मिला। पास स्थित झाड़ियों में लोगों के बैठने के निशान भी मिले। फॉरेंसिक की टीम ने वहां जांच की। कन्नौज के आरपीएफ इंस्पेक्टर ओपी मीणा ने कहा कि किसी आतंकी साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता है। भिवानी जा रही ट्रेन नंबर 14117 कालिंदी एक्सप्रेस कानपुर से छूटकर रात करीब सवा आठ बजे बर्राजपुर स्टेशन से बिल्हौर के लिए आगे बढ़ी तो मुडेरी गांव स्थित क्रासिंग के पास ट्रैक पर रखे एलपीजी सिलेंडर से टकरा गई। धमाके की आवाज से यात्री भी घबरा गए। गेटमैन व अन्य अधिकारियों को सूचना देने के बाद वहां से करीब 22 मिनट बाद लोको पायलट ट्रेन लेकर रवाना हो गया।

डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पटरी के साइड में भरा हुआ गैस सिलेंडर मिला है, जिससे ट्रेन टकराई है। पास ही झोले में कुछ पाउडर मिला है।

सिलेंडर की जांच करते अग्निशमन विभाग के जवान।

झांसी रूट पर साबरमती हुई थी डिरेल

कानपुर। 17 अगस्त को गोविंदपुरी से भीमसेन के बीच रात करीब 2 बजे साबरमती एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश रची गई थी। रेलवे लाइन पर पटरी बांध दी गई थी जिससे टकराकर ट्रेन के 22 कोच बेपटरी हो गए थे। इस घटना में एसएजी, एएनआई व पुलिस समेत कई जांच एजेंसी जांच कर रही हैं।

पटना जा रही मगध एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी

पटना। बिहार के बक्सर जिले में त्रिवेणीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच रविवार सुबह नई दिल्ली से इस्लामपुर जा रही मगध एक्सप्रेस की कपलिंग अचानक टूट गई, जिससे ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्रा ने बताया कि यह घटना सुबह करीब 11.08 बजे तुरीगंज और रघुनाथपुर रेलवे स्टेशनों के बीच हुई। सरस्वती चंद्रा ने बताया कि डाउन लाइन में त्रिवेणीगंज-रघुनाथपुर के बीच ट्रेन के इंजन से 13वें नंबर के डिब्बा एस-7 और इंजन से 14वें नंबर के डिब्बा एस-6 के बीच का कपलिंग अचानक टूट गई। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

लोकबंधु अस्पताल में रविवार को घायलों का हालचाल लेते मुख्यमंत्री योगी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लखनऊ के सरोजनी नगर में शनिवार को गिरी इमारत में आठ लोगों की जान जाने की घटना को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिया है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री ने दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख, जबकि घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। रक्षामंत्री एवं लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी फोन पर जहां घटना के बाद राज्य सरकार से अपडेट ले रहे हैं। इस मामले में रात 2.30 बजे ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी एमके सिंह की तहरीर पर सरोजनी नगर थाने में मालिक राकेश सिंघल पर गैर इरादतन हत्या समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

सरोजनी नगर हादसा

- प्रधानमंत्री ने की मुआवजे की घोषणा राष्ट्रपति ने भी जताया दुख

योगी ने अस्पताल पहुंच घायलों का लिया हालचाल

लखनऊ। गोरखपुर दौरे के बाद रविवार को एयरपोर्ट पर उतरते ही मुख्यमंत्री सीधे सरोजनी नगर हादसे में घायलों का हालचाल लेने लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने विभिन्न वार्ड में भर्ती 10 मरीजों के पास जाकर एक-एक का हाल जाना। उन्होंने कहा कि किसी भी मरीज को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके बाद योगी ने यहां वार्ड में मौजूद मरीजों के परिजनों से भी मुलाकात की।

जांच समिति के अध्यक्ष होंगे गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता

मुख्यमंत्री ने सरोजनी नगर हादसे की गहन जांच के लिए रविवार को तीन सदस्यीय समिति का गठन किया। जांच समिति में गृह सचिव डॉ. संजीव गुप्ता को अध्यक्ष तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के सचिव बलकार सिंह व लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) विजय कनौजिया को सदस्य नियुक्त किया गया है।

किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के बाद ईंट से कूंचा मुंह, मृत समझ भागे दरिंदे

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- नाबालिग के शोर मचाने पर हाथ, पैर और मुंह पर कपड़ा बांध की गई बर्बरता

अमृत विचार : बीकेटी कोतवाली क्षेत्र में घर से मोमोज खाने निकली किशोरी का मुंह दबाकर आरोपी जंगल में उठा ले गये। उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसे ईंट से कुचला गया। शोर मचाने पर हाथ, पैर व मुंह पर कपड़ा बांधकर आरोपियों ने उसके साथ बर्बरता की। उसे मृत समझ कर आरोपी भाग निकले। मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

बीकेटी थाना क्षेत्र की निवासी पीड़िता के परिजन के मुताबिक, शनिवार रात करीब 8 बजे 14 वर्षीया किशोरी घर से कुछ दूरी पर दुकान पर मोमोज खाने निकली थी। इसी दौरान बरगदी गांव निवासी ऐश और उसका साथी किशोरी का मुंह दबाकर जंगल में उठा ले गये। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने हाथ- पैर व मुंह कपड़े से बांध दिया। बाद में दोनों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अपनी करतूत छिपाने के लिये आरोपियों ने किशोरी के मुंह व पीठ पर ईंट से ताबड़तोड़ वार कर लहूलुहान कर दिया। होश में आने पर पीड़िता किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को रो-रोकर आपबीती बताई। मामले को जानने के बाद कोतवाली पहुंचे परिजनों ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। डीसीपी आर अभिजीत शंकर ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिये भेजा गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।

भारत में मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मिला

- विशेष अस्पताल में किया गया आइसोलेट स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट

नई दिल्ली। भारत में मंकीपॉक्स का संदिग्ध मामला सामने आया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लेकर जानकारी दी है। हालांकि संदिग्ध रोगी के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दी है। मंत्रालय ने बताया कि संदिग्ध ने हाल ही में मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे एक देश की यात्रा की थी। फिलहाल उसे मंकीपॉक्स के लिए तय किए गए एक अस्पताल में आइसोलेट किया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि फिलहाल संदिग्ध रोगी की हालत स्थिर है। एमपॉक्स की मौजूदगी की पुष्टि के लिए मरीज के नमूनों का परीक्षण किया जा रहा है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि उसके लक्षण एनसीडीसी द्वारा पहले से बताए गए लक्षणों के अनुरूप ही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इसे लेकर पर्याप्त सावधानी बरती जा रही है। और सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जा रहा है।

सपा के पूर्व मंत्री यासर की गिरफ्तारी पर रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- पेपर लीक की फर्जी पोस्ट डालने का मामला, हाईकोर्ट ने दी चेतावनी

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सपा नेता व पूर्व मंत्री यासर शाह को बड़ी राहत देते हुए पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने संबंधी फर्जी पोस्ट मामले में उनकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने यासर को चेतावनी देते हुए ताकीद किया है कि वह भविष्य में सोशल मीडिया पर कोई सामग्री डालने को लेकर सतर्कता बरतें।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यासर शाह की याचिका पर पारित किया। याची की ओर से हुसैनगंज थाने में 22 अगस्त 2024 को दर्ज कराई गई एफआईआर को चुनौती दी गई थी। एफआईआर में तमाम सोशल मीडिया हैंडल्स को नामजद करते हुए आरोप लगाया गया है कि अभियुक्तों द्वारा पेपर लीक की फर्जी अफवाह फैलाते हुए पैसों की मांग की जा रही है। उक्त एफआईआर में यासर शाह द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए ट्वीट की भी शिकायत की गई। कहा गया है कि यूजर द्वारा भर्ती के पेपर लीक का असत्य कथन कहते हुए, अपमानजनक पोस्ट की गई है।

हरियाणा विस चुनाव

कांग्रेस से समझौता, 5 सीटों पर लड़ेगी आप

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच सीट समझौते पर सहमति बन गई है। आप ने हरियाणा में 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की पेशकश की थी। सूत्र बता रहे हैं कि अब पांच सीटों पर बता बनी है। दोनों दल लोकसभा चुनाव की तर्ज पर विधानसभा चुनाव भी साथ मिलकर लड़ेंगे। संभावना है कि गठबंधन की घोषणा सोमवार को हो जाएगी। रविवार को दूसरे दिन भी हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया और आप नेता राघव चड्ढा के बीच बैठक हुई। आप 10 सीटें मांग रही थी, लेकिन कांग्रेस ने उनको इतनी सीटें देने से साफ इनकार दिया।

एनईईटी की मेरिट सूची से मिलेगा नीट पीजी काउंसिलिंग में मौका

प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग अभ्यर्थियों की आपत्ति के बाद डीजीएमई कार्यालय ने किया दावा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं की शुचिता पर उठ रहे सवालों के बीच प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के अभ्यर्थियों के नीट पीजी मामले को लेकर शासन सतर्क हो गया है। इससे पहले की प्रभावित अभ्यर्थियों की नाराजगी बढ़ती रविवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने सावधानी बरतने की पहल करने का दावा कर दिया। दरअसल, नीट पीजी काउंसिलिंग में पीएमएसएच के चिकित्सकों की मेरिट सूची सवालों के घेरे में है। अधिक रैंक वाले अनुत्तीर्ण चिकित्सकों को मेरिट सूची में शामिल किए जाने के आरोप लग रहे हैं।

अभ्यर्थियों की शिकायत और 'अमृत विचार' में खबर प्रकाशित होने के बाद रविवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने कहा कि प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग (पीएमएसएच) के अभ्यर्थियों को नेशनल इलीजिबीलिटी-कम-इंट्रेन्स टेस्ट (एनईईटी) की मेरिट सूची के आधार पर नीट पीजी काउंसिलिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा। अधिकारियों का दावा है कि नीट पीजी काउंसिलिंग में पीएमएसएच के अभ्यर्थियों की जारी सूची को लेकर अभ्यर्थी चिकित्सकों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। कांउसिलिंग में उन्हीं अभ्यर्थी को मौका मिलेगा, जो लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उन्हें एनईईटी द्वारा प्राप्तांक के साथ विस्तृत परिणाम की कॉपी उपलब्ध हो जाएगी। इसके बाद राज्य में अभ्यर्थियों की मेरिट तैयार की जाएगी। परिणाम में पीएमएसएच के उत्तीर्ण अभ्यर्थी को ही राज्य सरकार की ओर से विशेष भारांक देकर मेरिट सूची तैयार की जाएगी। उक्त सूची में शामिल अभ्यर्थियों को सीट लॉक करने का मौका मिलेगा।

आपत्ति दर्ज कराएंगे पीएमएसएच अभ्यर्थी

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक प्रशिक्षण द्वारा जारी अनियमिताओं से भरी सूची पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए जल्द ही पीएमएसएच अभ्यर्थी राजधानी पहुंचेंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा और चिकित्सकों के कैरियर से जुड़े मामले में लापरवाही बरतना चिंतनीय है।

परीक्षा में आए सवालों पर भी उठी थी आपत्ति

11 अगस्त को दो पाली में संपन्न नीट पीजी की लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र भी सवाल उठ चुके हैं। एनईईटी की ओर से वेबसाइट पर अपलोड प्रश्नों पर अभ्यर्थियों ने विरोध दर्ज कराया था। विरोध के बाद आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड, नई दिल्ली ने जांच की थी, इसके बाद प्रकरण निस्तारित कर दिया गया था।

जाति विशेष मामले में सत्तापक्ष और विपक्ष में खिंची तलवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश-राहुल ने सरकार की नीयत पर तो योगी ने दोनों की बुद्धि पर उठाए सवाल
- विधानसभा उप चुनाव से पहले राजनीति की धुरी बना मंगेश यादव एनकाउंटर मामला

अमृत विचार: : उत्तर प्रदेश में गर्माई पीडीए राजनीति के बीच जाति विशेष अर्थात 'यादव' मामले पर सत्तापक्ष व विपक्ष में तलवार खिंची दिख रही है। यह प्रकरण सुल्तानपुर में पिछले दिनों मंगेश यादव के पुलिस एनकाउंटर के बाद जोर पकड़ा है। इस मामले को लेकर सीधे तौर पर विपक्ष जाति की राजनीति कर रहा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेताओं ने एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए य सरकार की नीयत को कठघरे में खड़ा किया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश व राहुल गांधी की बुद्धि पर ही सवाल उठा दिया है।

दरअसल, विधानसभा की 10 सीटों पर होने जा रहे उप चुनाव से पहले प्रदेश में मंगेश यादव एनकाउंटर राजनीति की धुरी बन गया है। उप चुनाव में मुद्दा बनाने की मंशा के साथ आगे बढ़ता दिख रहा है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तो पुलिस पर जाति देखकर कर कार्रवाई करने के आरोप लगा दिए। उन्होंने न्यायालय और मानवाधिकार आयोग से दखल देने का अनुरोध किया है। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि उप्र. में कानून का शासन नहीं है। राहुल ने एक्स पर लिखा कि सुल्तानपुर में हुए मंगेश यादव के एनकाउंटर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा रूल आफ लॉ पर विश्वास ही नहीं करती।

अखिलेश यादव

राहुल गांधी

योगी व मंत्रियों का पलटवार

डकैत के मारे जाने पर उन्हें दर्द हो रहा है। सरकार चलाने के लिए जज्बा चाहिए, सत्ता विरासत में मिल सकती है, बुद्धि नहीं। **-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

जब सरकार कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए काम कर रही है तो सपा प्रमुख इसे जातिगत राजनीति में घसीटने का प्रयास कर रहे हैं। **-नंद गोपाल गुप्ता नंदी, कैबिनेट मंत्री**

बिखरते वोटों को संभालने के लिए सपा प्रमुख एनकाउंटर मामले को जातिगत तुल दे रहे हैं। पुलिस आधार कार्ड देखकर कार्रवाई करेगी क्या? **-ओपी राजभर, पंचायती राज मंत्री**

पहले भी होती रही है जाति-धर्म की राजनीति

बहुचर्चित बिकरू कांड के मुख्य आरोपी विकास दुबे का एनकाउंटर हो या बांदा जेल में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में हुई मुख्तार अंसारी की मौत? पहले भी अपराधी की मौत पर जाति-धर्म की होती रही है। प्रयागराज में बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपित व माफिया अतीक अहमद के बेटे असद व शूटर गुलाम को पुलिस टीम ने मार गिराया था। अतीक और अशरफ भी हत्याकांड का शिकार हुए। गौतमबुद्धनगर में एक लाख का इनामी बदमाश मेहरबान, बिजनौर में ढाई लाख का इनामी आदित्य राणा उर्फ रवि भी पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इन सभी की मौतों पर सवाल उठाने वालों ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए जाति-धर्म का नजरिया दिखाया था।

जाने वालों की बात का बुरा नहीं माना जाता : अखिलेश

अमृत विचार,लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जिनकी अपने दल में कोई सुनवाई नहीं, उनकी बातें कौन सुने, वैसे भी जानेवालों की बात का क्या बुरा मानना। सोशल मीडिया में एक्स पर रविवार शाम की अखिलेश की इस पोस्ट को, अबेंडकरनगर में मुख्यमंत्री योगी के दिए गए बयान से जोड़कर माना जा रहा है।

सपा प्रमुख ने कहा, जिसके शासन काल में महीनों आईपीएस फरार रहा हो, पंद्रह लाख प्रतिदिन की कमाई वाले थानों की चर्चा हो, भाजपाई खुद ही पुलिस का अपहरण कर रहे हों और दंड संहिता की जगह बुलडोजर संहिता ने ले ली हो, 'कानून-व्यवस्था' शब्द बनकर रह गये हों, न्यायालय की डपट खाना जिनकी आदत बन गयी हो, वो मौन ही रहें तो बेहतर है।

वहीं, एक अन्य पोस्ट में उन्होंने मेरठ में सेवानिवृत्त सैनिकों एवं गरीबों की जमीन पर प्रदेश सरकार के मंत्री द्वारा कब्जा किये जाने की घटना को शर्मनाक बताया, कहा कि सब कुछ पता होते हुए भी मुख्यमंत्री की चुप्पी बता रही है कि इस 'भू-हरण कृत्य' में सहमति है।

एक नजर

शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 70 करोड़ की ठगी, दो गिरफ्तार

अमृत विचार : गाजियाबाद एसटीएफ इकाई ने रविवार को शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 70 करोड़ की ठगी के आरोप में गाजियाबाद निवासी विनोद कुमार धाम एवं रविंद्र उर्फ नवाब को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ एएसपी वृजेश सिंह ने बताया कि दोनों ने पहले कल्पवृक्ष ट्रैडिंग मास्टर टेक्नॉलाजी के नाम से सैकड़ों निवेशकों से करोड़ों रुपए जमा कराए। इसके बाद कंपनी बंद करके आयुर्वेद इंडिया प्रा .लि . कंपनी की शुरुआत करते हुए यहां भी करोड़ों रुपए की ठगी की।

56 वरिष्ठ दंत सर्जन के हुए तबादले

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी अस्पतालों में कार्यरत 56 दंत सर्जनों के तबादले किए गए हैं। अधिकतर को जिला अस्पताल व मंडलीय अस्पतालों में भेजा गया है। फतेहपुर के जिला चिकित्सालय में तैनात डॉ .शरद कुमार और बिजनौर में तैनात डॉ .ओम प्रकाश सिंह को, नए बने स्वशासी मेडिकल कॉलेजों में प्रतिनियुक्ति बरकरार रखी गयी है। राजधानी के बलरामपुर व रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय में भी एक-एक सर्जन को तैनाती मिली है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का रथ रवाना

लखनऊ, लखनऊ : भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को अल्पसंख्यक मोर्चा का रथ पार्टी मुख्यालय से झण्डा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की सदस्यता लेने के लिए कोई भी देशवासी 8800002024 पर मिस्ड कॉल देकर या नमो ऐप के माध्यम से आसानी से पार्टी का सदस्य बन सकता हैं। उन्होंने कहा कि 11 से 17 सितंबर तक पार्टी द्वारा महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।

यूपीडा रखेगा शहरी निकायों के औद्योगिक क्षेत्रों का ख्याल

अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत सुधार की पहल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : शहरी स्थानीय निकायों को सौंपे गए 34 औद्योगिक क्षेत्र का ख्याल अब यूपीडा रखेगा। इनके वार्षिक रखरखाव पर अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन की पहल के तहत 43 करोड़ रुपये खर्च का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

संसाधनों की कमी के चलते 34 औद्योगिक क्षेत्रों का रखरखाव शहरी स्थानीय निकाय ठीक से नहीं संभाल पा रहे थे। ऐसे में औद्योगिक क्षेत्रों के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के प्रबंधन में सुधार के लिए राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने अटल औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत पहल की है। यूपीसीडा ने 34 औद्योगिक क्षेत्रों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध प्रस्तावित किया है, जिसका अनुमानित वार्षिक खर्च 2024-2025 के लिए 43 करोड़ रुपये है। वैसे यूपीसीडा, प्रदेश के 55 जिलों में 156 से अधिक औद्योगिक क्षेत्रों का प्रबंधन और देखरेख कर रहा है।

43 करोड़ खर्च होंगे हर वर्ष रखरखाव पर

औद्योगिक क्षेत्रों में 43 अनुबंध को दिया अंतिम रूप

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया की प्राधिकरण ने सिविल कार्यों के लिए 43 अनुबंध को अंतिम रूप दिया है, जिनसे यूपीसीडा 24x7 कार्य करते हुए इन्फ्रास्ट्रक्चर का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करेगा। रखरखाव में साइनेज और सड़क इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार, बेंच की स्थापना, प्रदूषण निगरानी और पब्लिक अड्रेस सिस्टम, ट्रैफिक लाइट, हरियाली और कचरा प्रबंधन शामिल है। इसके साथ ही 31,753 स्ट्रीट लाइट्स और 565 हाई मास्ट का रखरखाव भी किया जाएगा।

2024-25 में प्राथमिकता

वित्त वर्ष 2024-25 में, यूपीसीडा 39 .94 करोड़ रुपये के 45 व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध 58 औद्योगिक क्षेत्रों में लागू कर रहा है। इनमें नाली सफाई, जैसे आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में सामूहिक रूप से लगभग 920 किमी जल निकासी नेटवर्क और लगभग 450 किमी सड़कें हैं। इसके अतिरिक्त, छह प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण जल निकासी बुनियादी ढांचे का उन्नयन चल रहा है, जिसमें लगभग 437 करोड़ रुपए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। अटल औद्योगिक अवसंरचना योजना के चरण 3 में जल निकासी उन्नयन और बाढ़ प्रबंधन के लिए 303 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जो यूपीसीडा की दीर्घकालिक स्थायित्व की दिशा में एक बड़ी पहल है।

औद्योगिक क्षेत्रों में लगाए क्यूआर कोड

नवीन तकनीक का प्रयोग करते हुए यूपीसीडा ने सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्यों के अनुरक्षण अनुबंधों से संबंधित शिकायतों और फीडबैक पर नज़र रखने के लिए औद्योगिक क्षेत्रों में क्यूआर कोड लगाए हैं। ये क्यूआर कोड शिकायतों को दर्ज करने के लिए आवंटियों को सीधी पहुंच प्रदान करते हैं, जिससे त्वरित समाधान और बेहतर संतुष्टि सुनिश्चित होती हैं। क्यूआर कोड के माध्यम से दर्ज की गई शिकायतों को मुख्यालय स्तर पर ट्रैक किया जाता है, जिससे कुशल प्रबंधन और शिकायतों के सक्रिय समाधान की सुविधा मिलती है।

विधानसभा उप चुनाव के लिए बसपा जल्द घोषित करेगी बाकी प्रत्याशी

अमृत विचार , लखनऊ: विधानसभा उप चुनाव में 10 सीटों पर जीत के लिए बसपा अपने कैडर वोट बैंक पर मजबूत पकड़ बनाने में जुट गई है। अब तक छह संभावित प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। बाकी प्रत्याशियों की शीघ्र घोषित होने की संभावना है। उप चुनाव के लिए भाजपा के साथ ही, सपा व कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं, जबकि बसपा ने मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट से शाह नजर, अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट से राम गोपाल कोरी व अंबेडकरनगर की कटेहरी सीट से अमित वर्मा को प्रभारी बनाया है। पार्टी बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना कि उप चुनाव में बसपा बेहतर प्रदर्शन करेगी। जल्द ही बाकी सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए जाएंगे। इस बीच, अनुसूचित वर्ग पर कांग्रेस की बढ़ती पकड़ को लेकर बसपा सतर्क हो गई है। अनुसूचित वर्ग के आरक्षण में आरक्षण दिए जाने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कड़े विरोध के जरिये बसपा अपनी पकड़ मजबूत करने में जुटी है।

किसानों ने रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता को बताई समस्याएं

अमृत विचार, लखनऊ : कुर्सी रोड स्थित मिश्रपुर मेंराष्ट्रीय लोकदल(रालोद) के किसान संवाद में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे को किसानों ने बताया कि किसान पथ के निर्माण में ग्राम नगवामऊ खुर्द, अस्ती,विजयपुर,अकोहरी सैसारपुर गनौली अनवारी बेहटा जबरी सैहारा आदि गांव के लोगो को बाजार मूल्य से मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

रालोद के विस्तार हेतु चलाए जा रहे अभियान को गति देने के लिए प्रदेश सचिव अफसर अली द्वारा रविवार को आयोजित किसान संवाद में कार्यकर्ताओं ने स्वागत व अभिनंदन किया गया। किसानों की मांगों को सुनकर, अनिल दुबे ने कहा कि किसानों की बातों को राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी तक पहुंचाएंगे। साथ ही कहा कि रालोद किसानों के लिए हमेशा लड़ाई लड़ता रहेगा।

जन समस्याओं के निस्तारण में हुई ढिलाई तो संबंधित अधिकारी पर होगी कार्रवाई : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिली तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। निर्देश दिए कि जनता की हर समस्या को संवेदनशीलता से लें और समाधान के लिए त्वरित प्रभावी कदम उठाएं। ध्यान रहे कि किसी के भी साथ अन्याय न होने पाए।

योगी ने ये निर्देश रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने भरपूर मदद देने का भरोसा दिया। गोशाला में उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

महाराज जी! आपके साथ फोटो खूब वायरल होगी

मुख्यमंत्री के साथ मेनश्री।

जनता दर्शन में एक ऐसी फरियाद भी आई कि मुख्यमंत्री योगी उसे सुनकर हंस पड़े। फतेहपुर से आई मेनश्री नाम की बेहद छोटे कद की महिला ने गुहार की कि महाराज जी (मुख्यमंत्री योगी) के साथ फोटो खिंचवानी है ताकि सोशल मीडिया पर खूब वायरल होकर वह व्यापक पहचान बना सके। हंसते हुए मुख्यमंत्री ने यह मांग फौरन पूरी कर दी। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के गोला क्षेत्र से आई एक अन्य अत्यंत छोटे कद की महिला मुख्यमंत्री से आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंची थी। योगी ने उसके प्रार्थना पत्र को लेते हुए डीएम को निर्देशित किया महिला की भरपूर मदद की जाए।

योगी को चेक सौंपते सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर।

राज्य मंत्री ने योगी को दिया 2.59 करोड़ रुपये का चेक

अमृत विचार, लखनऊ: प्रदेश के सहकारिता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने रविवार को वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के लिए निगम के लाभांश (डिविडेंड) की कुल राशि 2,59,08,960 रुपये का चेक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रदान किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 57.49 करोड़ का लाभ अर्जित किया, जबकि वर्ष 2022-23 में 53.42 करोड़ का लाभ हुआ।

मऊ में सपा नेता पर दुष्कर्म की रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : मऊ जनपद में समाजवादी पार्टी के नेता के ऊपर एक सहयोगी महिला द्वारा दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

बलिया के एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि वह मऊ दीवानी कचहरी में सपा नेता वीरेंद्र बहादुर पाल के यहां मुंशी का काम करती थी। आरोप लगाया कि एक दिन वीरेंद्र बहादुर पाल उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर लेकर जा रहा था। इस दौरान धोखे से आरोपी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने आरोप लगाया कि आरोपी उसे लखनऊ स्थित अपने आवास पर भी ले गया वहां भी दुष्कर्म किया और फिर उसे उसके घर छोड़ दिया। पीड़िता का आरोप है कि दौरान उसने रेप करते समय वीडियो भी बना लिया था।

पूर्व आईएएस अधिकारी आर विक्रम सिंह का निधन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली, श्रावस्ती के रह चुके हैं डीएम कानपुर में नगर आयुक्त भी रहे

अमृत विचारः पूर्व आईएएस अधिकारी कैप्टन राघवेंद्र विक्रम सिंह का रविवार सुबह निधन हो गया। गले में संक्रमण के कारण शुक्रवार को उन्हें मैक्स हास्पिटल, दिल्ली में भर्ती कराया गया था।

कैप्टन राघवेंद्र विक्रम सिंह के पुत्र आदित्य विक्रम सिंह ने बताया कि 20 वर्ष पहले उन्हें कैंसर हुआ था। उपचार के बाद वह पूर्ण रूप से ठीक हो गए थे। लेकिन, शुक्रवार को पता चला कि जिस स्थान पर कैंसर हुआ था, वहां पस बन गया है। मैक्स हास्पिटल दिल्ली में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। रविवार की सुबह 5.30 बजे उनका निधन हो गया।

राघवेंद्र विक्रम ने आठ वर्ष तक सेना में भी सेवा दी थी। उप्र. लोक सेवा आयोग के माध्यम से वर्ष 1986 में उनका चयन पीसीएस में हुआ था। वे कानपुर नगर के नगर आयुक्त रहे। आईएएस में प्रमोशन के बाद वे श्रावस्ती व बरेली के जिलाधिकारी भी रहे। कासगंज में चंदन गुप्ता हत्याकांड के दौरान फेसबुक वाल पर टिप्पणी के दौरान वह काफी चर्चित भी रहे थे। बताते चलें कि बहराइच जिले के हरिहरपुर रैकवारी के मूल निवासी राघवेंद्र विक्रम विभिन्न समाचार पत्रों में सामयिक मुद्दों पर लिखते भी थे।

राघवेंद्र विक्रम सिंह

बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कंपटीशन में पेश मॉडल के साथ श्वेता। अमृत विचार

वाराणसी के मजदूर की बेटी श्वेता जाएगी इसरो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्पेस आर्ट और बेस्ट प्रोडक्ट डेवलपमेंट कंपटीशन में हुआ कक्षा 7 की छात्रा श्वेता का चयन

अमृत विचार : वाराणसी के करसड़ा स्थित अटल आवासीय विद्यालय की कक्षा 7 की टॉपर छात्रा श्वेता सत्ते स्कूल भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) जाएगी। इनका चयन वैज्ञानिकों से मिलकर ब्रह्मांड के रहस्यों को जानने के लिए किया गया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरनाथ राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अटल आवासीय विद्यालय योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। श्वेता सत्ते का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भ्रमण के लिए हुआ है। उसके पिता मजदूरी करते हैं। श्वेता ने कहा कि बड़े होकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना चाहती है। सुनीता विलियम्स और कल्पना चावला की तरह देश का नाम रोशन करने का सपना है।

लचर विभागीय रवैये से और घटेगी आम की उत्पादकता

अमृत विचार, लखनऊ: सरकारी तंत्र के लचर रवैये से भविष्य में आम की उत्पादकता और घटने की आंशका है। बीते दिनों मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से की गई पहल पर अगर काम हुआ तो 2.5 लाख मीट्रिक टन तक आम की पैदावार में बढ़ोत्तरी संभव है। हालांकि वर्तमान में आम के बागों की उत्पादकता घटकर 7 टन प्रति हेक्टेयर रह गई है।

निलंबित अभियंताओं की बहाली को योगी से गुहार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में अभियंताओं के कड़े विरोध के बाद भी सेवानिवृत्ति के एक दिन पहले पदावनत मुख्य अभियंता की बहाली नहीं की गई है, साथ ही हड़ताल के दौरान निलंबित अभियंताओं की बहाली भी नहीं हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप की मांग की है।

अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर का कहना है कि ऊर्जा मंत्री एके शर्मा व कॉरपोरेशन प्रबंधन के बीच वार्ता में बहाली के लिए कई बार आश्वासन दिया जा चुका है, पर इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 19 मार्च 2023 को ऊर्जा मंत्री की ओर से पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को उत्पीड़न की कार्रवाई को समाप्त करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे, पर इसका उल्लंघन किया जा रहा है।

अनुसूचित वर्ग के अभियंताओं के प्रकरणों का निस्तारण नहीं

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम में 800 से ज्यादा अनुशासनिक कार्रवाई के मामले लंबित हैं। रविवार को हाइडिल फील्ड हास्टल में केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में जांच समितियां बनवाकर प्रकरणों का शीघ्रता से निस्तारण कराए जाने की मांग की गई। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष पीएम प्रभाकर, महेंद्र सिंह, सचिव आरपी केन, संगठन सचिव नेकीराम आदि मौजूद थे।

आगरा में दो दिवसीय चिंतन शिविर आज से

अमृत विचार, लखनऊ : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से 9 और 10 सितंबर को आगरा में दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 'चिंतन शिविर' आयोजित होगा। चिंतन शिविर में मंत्रालय के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विजन 2047' को लागू करने के लिए एक्शन प्लान तैयार होगा।

शिविर में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सामाजिक न्याय एवं सामाजिक कल्याण से संबंधित विभागों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य प्रमुख हितधारक समूह शामिल होंगे, जो पूरे देश में पिछड़ों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं और नीतियों के कार्यान्वयन पर चर्चा करेंगे। अध्यक्षता केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा, रामदास आठवले भी उपस्थित रहेंगे।

टीकाकरण अभियान से शिशु मृत्यु दर में आई कमी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

1,61,61,882
शिशुओं को लगाए गए तीन वर्ष में टीके

अमृत विचार : राज्य में नवजात एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए लगातार नियमित टीकाकरण का अभियान चलाया जा रहा है। यही वजह है कि पिछले सात वर्षों में नवजात एवं शिशु मृत्यु दर में काफी कमी दर्ज की गयी है।

शासन के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि बीते तीन सालों में टीकाकरण के लिए 77 लाख 51 हजार 600 सत्र संपन्न किये गये, जिसमें एक करोड़ 61 लाख 61 हजार 882 शिशुओं का टीकाकरण किया गया। उन्होंने कहा, हर साल जीरो से लेकर 16 साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए लक्ष्य दिया जा रहा है ताकि कोई टीकाकरण से छूटा न रहे। टीकाकरण के लक्ष्य को पाने के लिए समय-समय पर यूविन पोर्टल जैसे नवाचार भी किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि वर्ष 2023-24 में बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण के लिए 28 लाख 343 सत्र आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया, अभी तक 27 लाख 82 हजार 621 सत्र संपन्न हो गये हैं। इसमें जीरो से लेकर एक साल तक के 56 लाख 90 हजार 886 बच्चों के टीकाकरण और 56 लाख 50 हजार 317 गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया।

शिशुओं को लगाया गया एमआर-1 और 2 का टीका

एनएचएम के महाप्रबंधक डॉ. मनोज शुक्ला ने बताया कि पिछले तीन साल में खसरा और रूबेला दोनों बीमारियों की रोकथाम के लिए एक करोड़ 62 लाख 36 हजार 990 शिशुओं को एमआर-1 का टीका लगाया गया। वहीं 1,48,81,368 शिशुओं को एमआर-2 का टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जिला चिकित्सालय एवं शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार से शनिवार तक सुबह 8 बजे से 2 बजे तक टीकाकरण किया गया है जबकि सभी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मंगलवार से रविवार तक ओपीडी में टीकाकरण किया जाता है।

आरोग्य मेले में 14 डेंगू व 40 मलेरिया रोगी मिले

अमृत विचार, लखनऊ : रविवार को संपन्न 165 वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेलें में आए 12 हजार 807 बुखार मरीजों में 40 मलेरिया और 14 डेंगू मरीजों की पुष्टि हुई है। मेले में 2971 गोल्डेन कार्ड वितरित किए गए । निदेशक स्वास्थ्य डॉ .शालिनी गुप्ता ने बताया कि मेले में एक लाख 81 हजार 624 रोगी आएं थे, इनमें से 1262 गंभीर रोगियों को बड़े अस्पतालों में रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि लक्षण के आधार पर 786 कोविड एंटीजन टेस्ट किए गए, मगर कोई भी पॉजिटिव नहीं मिला।

जीआईएमएस ग्रेटर नोएडा में बनेगा नया मेडिकल कॉलेज भवन

अमृत विचार, लखनऊ : ग्रेटर नोएडा के गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (जीआईएमएस) में 152 करोड़ की लागत से मेडिकल कॉलेज के नए भवन, लाइब्रेरी व हॉस्टल समेत अन्य निर्माण के लिए शासन ने मंजूरी दी है।

मेडिकल कॉलेज विंग 5 का 24,317 वर्ग मीटर में बी प्लस जी प्लस 6 तर्ज पर निर्माण होगा। बेसमेंट में पार्किंग, ग्राउंड फ्लोर पर एनाटॉमी व डाइसेंक्शन, पहले फ्लोर पर रिसर्च लैब, दूसरे पर बायोकेमिस्ट्री व लैब, तीसरे पर पैथोलॉजी, चौथे पर फॉरेंसिक मेडिसिन, पांचवें पर डर्मेटॉलोजी व साइकियाट्री डिपार्टमेंट तथा छठे पर कॉम्यूनिटी मेडिसिन विभाग का निर्माण होगा।

चिंताजनक वर्ष 2013-14 से एक भी स्वयं सहायता समूह गठित नहीं

आजीविका मिशन से 17,536 गांव दूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सरकार की तमाम कवायद के बाद भी सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 की सूची से छूटे व निर्धन परिवार की महिलाएं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से नहीं जुड़ सकीं।

प्रदेश में 17,536 गांव ऐसे हैं, जहां महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक भी स्वयं सहायता समूह का गठन नहीं किया। जबकि ऐसे वंचित परिवारों की महिलाओं को मिशन में शामिल करके उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। जो घर बैठे समूह और ऋण के माध्यम से कामकाज करके परिवार का हाथ बंटाकर आजीविका चला सकें।

मिशन निदेशक दीपा रंजन ने इस अभियान की समीक्षा की तो 2013-14 तक एक भी समूह का गठन न होना पाया। इस पर सभी जिलाधिकारी को समूह गठन कराने के लिए जिलेवार सूची भेजने के साथ लापरवाही बरतने वालों की रिपोर्ट मांगी है।

1.18 करोड़ गरीब परिवारों को है जोड़ना

आजीविका की दिशा में ग्रामीण विकास मंत्रालय की यह योजना है। इसके तहत प्रदेश के 1.18 करोड़ परिवार को राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ना है। इसमें गांवों में नये समूह बनाने हैं या फिर पहले से गठित समूह में महिलाओं को सदस्य बनाना है। मनरेगा व प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना से लाभान्वित परिवारों को भी शामिल करना है। जिनकी मिशन के सखी (लोकोस) एप पर फीडिंग की जानी है।

2 सितंबर तक इतने गांवों में नहीं बने समूह

गाजीपुर 1444, आजमगढ़ 989, जौनपुर 889, बस्ती 684, गोरखपुर 572, बिजनौर 598, मिर्जापुर 502, प्रतापगढ़ 502, चंदौली 482, प्रयागराज 444, बलिया 429, संत रविदास नगर 417, बरेली 388, पीलीभीत 378, संतकबीर नगर 376, लखीमपुर खीरी 374, आगरा 339, रायबरेली 336, गोंडा 332, सिद्धार्थ नगर 331, शाहजहांपुर 301, वाराणसी 251, सीतापुर 246, बहराइच 232, कानपुर नगर 219

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।
इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

मौसम

बादल छाए रहेंगे बारिश होने की भी संभावना है।

30.0° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- एकेटीयू में रजत जयंती समारोह के अवसर पर खेल प्रतियोगिता- 9 :00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित होटल रेनेसां में हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पुस्तक मैनुअल ऑफ चेस्ट एक्सरे का विमोचन। 10 :30 बजे।

स्निफर डॉग और ड्रोन कैमरे से हुई तलाश

अमृत विचार, लखनऊ : संयुक्त पुलिस आयुक्त अमित वर्मा ने कहा कि राहत कार्य जारी है। अंदर किसी के फंसे होने की संभावना नहीं है। पूरा मलबा हटवाया जा रहा है। पुलिस, अग्निशमन के अलावा एसडीआरएफ की 2 और एनडीआरएफ की 4 टीमों ने पूरी रात ऑपरेशन चलाया है। मलबे में कोई है या नहीं इसके लिए स्निफर डॉग की टीम बुलाई गई है। वहीं, ड्रोन कैमरे से भी तलाशी की जा रही है। पास के भवन को सील किया गया है। जर्जर होने के कारण लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ से कार्रवाई की गई है।

पिलर में दरार और 5 मिनट बाद ढह गई बिल्डिंग

ट्रांसपोर्ट नगर हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों ने बयां की हकीकत, गिरने के पहले धुआं भी फैल गया था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरमिलाप टॉवर गिरने का क्या कारण रहा, इसकी जांच के लिए गुजरात से तकनीकी टीम बुलाई गई है, लेकिन चौकी प्रभारी की तहरीर में निर्माण में लापरवाही और घटिया मैटेरियल लगाने का आरोप लगाया गया है। ऐसी ही जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने भी दी है। प्रत्यक्षदर्शी के मुताबिक पिलर में दरार आई और उसके पांच मिनट में ही टॉवर जमींदोज हो गया।

हादसे के समय टॉवर में मौजूद विजय ने बताया कि पहले पिलर में दरार आई। इसकी जानकारी होने पर गोदाम खाली कर दिया। इसके बाद पांच मिनट भी नहीं हुए थे बिल्डिंग गिर गई। कारीगर अतुल ने बताया कि वह पास की बिल्डिंग में काम कर रहा था। हरमिलाप टॉवर में भाई आदित्य काम कर रहा था। भाई को कॉल किया तो सिर्फ इतना ही सुन सका कि बचाओ। भागकर वहां पहुंचा तो एक पिलर मेरे ऊपर गिर गया। लक्ष्मी यादव ने बताया कि दूसरी मंजिल पर काम कर रहा था। पिलर में दरार आने की आवाज सुनी। दौड़कर नीचे पहुंचा तो देखा पिलर गिरने के कगार पर था। भागकर गए और सबको बताया कि बाहर निकलो। हादसे के समय अंदर करीब 40-45 लोग काम कर रहे थे।

सिक्योरिटी गार्ड शत्रुघ्न सैनी ने बताया कि पहले अंदर का एक पिलर धंसा और कुछ देर बाद बारिश होने लगी। उसी समय बिल्डिंग गिर गई। मैं चिल्ला रहा था, निकालो-निकालो। किसी ने आकर निकाला। करीब आधे घंटे के बाद मैं निकल पाया था। राजेंद्र ने बताया कि वह सीढ़ी से नीचे उतर रहे थे, तभी धुआं फैल गया। भागने लगे तो गाड़ी में फंस गए, चोट लग गई।

ट्रांसपोर्टनगर स्थित हरमिलाप टॉवर का मलबा हटातीं पोकलेन और जेसीबी मशीन। अमृत विचार

हादसे के समय बिल्डिंग का मेन गेट बंद था

स्थानीय लोगों ने बताया कि पिलर में दरार पड़ने के बाद धसने लगा। इस पर कुछ लोगों ने बाहर भागने के लिए आवाज भी लगाई। इसके 10 मिनट के अंदर ही पूरी बिल्डिंग गिर गई। कर्मचारी सामान हटाने में लगे थे। भागते समय मेन गेट भी बंद था। जिसके कारण अफरा-तफरी मच गई। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 10 मिनट में लोग अलर्ट होकर निकल गए होते तो शायद इतनी मौत न होती।

सामान हटाने के चक्कर में अंदर रुके रहे

स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी के पास बचने के लिए महज 10 मिनट थे, लेकिन सामान हटाने के चक्कर में ज्यादातर लोग फंसे रहे। बाहर की सड़क भी हल्की बारिश के बाद भर जाती है। कुछ लोगों ने बताया कि 5 दिन पहले से बिल्डिंग में पानी आ रहा था। इसकी जानकारी मालिक और ठेकेदार को दी गई थी। पर, अनसुना कर दिया गया। समय से मरम्मत न होने के कारण बिल्डिंग अंदर की तरफ झुक रही थी।

गुजरात की टीम करेगी भवन निर्माण की जांच

- आज आएंगे नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ
- मंडलायुक्त के निर्देश पर कराया जाएगा स्ट्रक्चरल ऑडिट

अमृत विचार, लखनऊ : कानपुर रोड योजना के ट्रांसपोर्ट नगर में गिरे हरमिलाप भवन के निर्माण की जांच नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गांधी नगर, गुजरात के विशेषज्ञ करेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने टीम से संपर्क किया है। टीम सोमवार शाम को शहर पहुंच जाएगी।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि भूखंड संख्या-54 पर निर्मित भवन के गिरने के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। रविवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी गांधी नगर, गुजरात से समन्वय स्थापित किया है। यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों की टीम सोमवार शाम तक आ जाएगी। विशेषज्ञों के माध्यम से भवन का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाएगा। इसमें लोक निर्माण विभाग के दक्ष अभियन्ताओं की टीम भी शामिल रहेगी, जो निर्माण के सैंपल लेकर गुणवत्ता का परीक्षण करेगी। इसके अलावा प्राधिकरण द्वारा बहुमंजिला भवनों में सुरक्षा के दृष्टिगत समय-समय पर स्ट्रक्चरल ऑडिट की प्रक्रिया को अनिवार्य किया जाएगा। इस संबंध में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा पूर्व में अनुमोदित प्रस्ताव में शासन से स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। साथ ही स्ट्रक्चरल ऑडिट के कार्य में दक्ष एवं अनुभवी संस्थाओं को सूचीबद्ध करने का कार्य करेंगे। नियमानुसार भवनों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराने वाले भवन स्वामियों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

बारिश के कारण बचाव कार्य में आई बाधा

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के 100 से अधिक जवान रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हैं। रविवार दोपहर को अचानक तेज बारिश हुई। इसके कारण करीब डेढ़ घंटे तक रेस्क्यू रोकना पड़ा। मलबा इतना अधिक था कि पास के भवन की दीवार को कटर से काटकर रास्ता बनाया गया। इसके बाद टीम अंदर दाखिल हुई। टीम मोबाइल की लोकेशन ट्रैस कर शवों को बाहर निकालना शुरू किया था। घटनास्थल पर 4 जेसीबी से मलबा हटाया जा रहा है।

60 ट्रक मलबा निकाला अभी 70 फीसद बाकी

ट्रांसपोर्टनगर में ढही बिल्डिंग में राहत व बचाव का काम चल रहा है। अभी अगले हिस्से का ही मलबा हटाया जा सका है। रविवार की रात तक करीब 60 ट्रक मलबा निकाला गया। करीब 70 फिसद बिल्डिंग का मलबा पड़ा है। ऐसे में मलबे में किसी के फंसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसी वजह से राहत व बचाव में लगी टीमें फूंक-फूंक कर कदम उठा रही हैं। मलबा भी एक सिरे से तोड़कर नहीं निकला जा रहा है। नगर निगम तथा एलडीए की टीमें लगातार 24 घंटे से काम कर रही हैं। पुलिस, प्रशासन के अधिकारी भी डटे हैं। एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीमें भी काम कर रही हैं। पूरा मलबा हटाने में कम से कम दो दिन का और समय लगेगा।

लोकबंधु अस्पताल के गेट के सामने भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

जलभराव के बीच निकला योगी का काफिला

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : आधे घंटे की बारिश से रविवार को आलमबाग में लोकबंधु अस्पताल सहित शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया।

बारिश से चौक, इन्दिरानगर, गोमती नगर और आलमबाग क्षेत्र में जलभराव से लोग परेशान हुए। ट्रांसपोर्ट नगर में शनिवार को बिल्डिंग गिरने से घायल लोगों को देखने लोक बंधु अस्पताल पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला जलभराव के बीच होकर निकला। जलभराव से घायलों के परिजनों और मरीजों को भी परेशानी हुई। इन्दिरा नगर के भूतनाथ मार्केट में बारिश से जलभराव हो गया। व्यापारियों की शिकायत पर नगर निगम की टीम ने जलनिकासी कराई।

10 घायल अभी भर्ती, 5 को दी छुट्टी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हादसे के 10 घायल अभी भर्ती हैं। पांच का लोकबंधु और पांच का केजीएमयू में विशेषज्ञों की निगरानी में इलाज किया जा रहा है। ट्रॉमा में भर्ती घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है।

लोक बंधु अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि रविवार शाम तक पांच घायल भारत, शत्रुघन सिंह, भानु, लक्ष्मीशंकर और राजेन्द्र को छोड़कर अन्य सभी की सेहत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई। आदित्य को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि ट्रॉमा में शांती देवी, परवीन, शिव मोहन, अनूप मौर्य और आदित्य भर्ती हैं। सभी की हालत स्थिर है।

लोकबंधु अस्पताल में भर्ती घायलों के परिजनों से मिलते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

रिश्तेदार और जनप्रतिनिधियों ने जाना हाल

हादसे के घायलों का हाल जानने के लिए रिश्तेदारों की अस्पतालों में आमद रही। इमरजेंसी में इलाज प्रभावित होता देख स्टॉफ को सख्ती करनी पड़ी। ट्रॉमा की इमरजेंसी में रिश्तेदारों को अंदर आने से रोक दिया गया। इस पर रिश्तेदार घायल के साथ मौजूद तीमारदार को बार-बार कॉल कर स्थिति जानने की कोशिश करते रहे। इसको लेकर कई रिश्तेदारों की सुरक्षा गार्डों से तीखी बहस भी हुई।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरमिलाप टॉवर के मलबे में लोगों की तलाश करते राहत एवं बचाव दल के सदस्य। अमृत विचार

टॉवर के मालिक पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रांसपोर्टनगर चौकी प्रभारी की तहरीर पर की गई कार्रवाई

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरमिलाप टॉवर हादसे के मामले में टॉवर मालिक राकेश सिंघल पर गैर इरादतन हत्या, सेवेन सीएलए समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। ट्रांसपोर्टनगर चौकी प्रभारी एमके सिंह की तहरीर पर रविवार रात 2:30 बजे सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हरमिलाप टॉवर शनिवार शाम बारिश के बाद भरभराकर गिर गया था। मलबे में दबने से 8 की मौत हो गई थी और 28 लोग घायल हो गए। घायलों में 3 लोगों की हालत गंभीर है, उनका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। इस बड़े हादसे को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया तो पुलिस तुरंत हरकत में आ गई।

ट्रांसपोर्टनगर चौकी प्रभारी महेश कुमार सिंह ने तहरीर में बताया कि टॉवर का निर्माण घटिया स्तर का था। किराए पर उठाए जाने के कारण मालिक ने बचत करने के चक्कर में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया। इसी कारण टॉवर कम समय में ही जर्जर हो गया।

इस संबंध में वहां के लोगों ने मालिक राकेश सिंघल को जानकारी दी थी, लेकिन उन्होंने मरम्मत और सुरक्षा के प्रबंधन नहीं किए। शनिवार को विस्फोटक आवाज के साथ पूरा टॉवर भरभराकर गिर गया। राकेश ने लाभ कमाने के लिए लोगों के साथ छल किया। खतरनाक भवन को किराए पर उठा दिया।

राकेश को मालूम था गिर सकती है बिल्डिंग

चौकी प्रभारी के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया कि टॉवर के मालिक राकेश सिंघल को इस बात का पूरा भान था कि उनकी लापरवाही और रुपये कमाने के लालच में टॉवर गिर सकता है। इसके बाद भी गोदाम बनाकर किराए पर दिया। उनकी लापरवाही के कारण शनिवार को हादसा हो गया।

ये धाराएं लगाई गईं

- बीएनएस- 115 (2) स्वेच्छा से चोट पहुंचाना
- बीएनएस- 105 गैर इरादतन हत्या
- बीएनएस- 110 गैर इरादतन हत्या का प्रयास करना
- बीएनएस- 318 (2) धोखाधड़ी
- 7 सीएलए एक्ट- 7 लॉ क्रिमिनल एमेंडमेंट एक्ट

लापरवाही ट्रांसपोर्टर 1,800 से अधिक भूखंडों पर बने भवनों में बता रहे खतरा, 1982 में एलडीए ने विकसित की थी ट्रांसपोर्ट नगर योजना

ट्रांसपोर्ट नगर की कमजोर 'नींव' पर टिका प्रदेश का कारोबार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इमारतें ही नहीं लोगों की मानी जाए तो पूरे ट्रांसपोर्ट नगर की ''नींव'' ही कमजोर है। जहां से पूरे प्रदेश का कारोबार टिका है।

शनिवार को भरभराकर गिरे हरमिलाप टॉवर से ट्रांसपोर्टर और वहां काम करने वाले लोग डरे हुए हैं। कहना है कि ट्रांसपोर्ट नगर योजना 1982 में एलडीए ने विकसित की थी। जिसे दो जोन में बांटा गया था। इसमें 1800 से अधिक भूखंडों पर बिल्डिंग, गोदाम, कॉम्पलेक्स, बेयर हाउस समेत अन्य भवन बने हैं। जिनकी जलभराव के कारण नींव कमजोर हो रही है। क्योंकि पूरे ट्रांसपोर्ट नगर में नाली और सीवर लाइन नहीं है। जो नाला है वह चोक रहता है। नाली न होने के कारण सड़क पर जलभराव रहता है। बारिश में तालाब जैसे हालात बन जाते हैं। सड़क पर बारिश और नाली का पानी चलता है।

जलभराव होने से हरमिलाप टॉवर कमजोर होने के कारण गिरा है। रविवार शाम हुई बारिश ने लापरवाही की पोल खोल दी। जगह-जगह सड़कों पर जलभराव हो गया।

बोले पदाधिकारी

"सबसे बड़ी समस्या नाली न होने के कारण जलभराव की है। इससे भवनों की नींव कमजोर हो रही हैं। चार साल से नगर निगम और एलडीए को समस्या से अवगत करा रहे हैं। शिकायत करने पर उल्टा भवन स्वामी पर एफआईआर करा दी।

-राज नारायण सिंह, प्रवक्ता, ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन

"पूरे परिसर में नाली नहीं है और नाला चोक रहता है। जलभराव से भवनों की नींव कमजोर हो रही है। जर्जर सड़कों से लोड ट्रक निकलने से कंपन होता है। इस पर ध्यान देना जरूरी है।

-टीपीएस अनेजा, अध्यक्ष, ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन

बदहाल ट्रांसपोर्ट नगर, चार वर्ष से एसोसिएशन उठा रहा समस्या

ट्रांसपोर्ट नगर एलडीए और नगर निगम की अनदेखी के कारण बदहाल है। रोजाना साढ़े तीन हजार बड़े-छोटे वाहन लोड होकर आते-जाते हैं। इसके बाद भी सड़कें जर्जर हैं। इस वजह से अक्सर वाहन पलट जाते हैं। स्ट्रीट लाइटें तक नहीं लगी हैं। जलभराव की वजह से हादसे ज्यादा होते हैं। पोल पर अकसर करंट तक आ आता है। कई लोग चपेट में आ चुके हैं। यह समस्या ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन चार साल से उठा रहा है। 25 अगस्त को आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका बिना समाधान के निस्तारण कर दिया गया। वहीं, एलडीए के अधिकारी योजना को नगर निगम को हैंडओवर बता रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

एफआईआर का विरोध, बंदी की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर में बिल्डिंग गिरने की घटना पर एक व्यापारी पर दर्ज एफआईआर का संगठनों ने विरोध किया है। सड़क पर प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि घटना को लेकर व्यापारियों का शोषण किया तो ट्रांसपोर्ट नगर से लेकर अमीनाबाद तक सभी व्यावसायिक गतिविधियां अनिश्चितकालीन बंद की जाएंगी।

रविवार शाम ट्रांसपोर्ट नगर व्यापार मंडल एवं वेयरहाउस ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष टीपीएस अनेजा ने व्यापारी संगठनों के साथ बैठक की। व्यापारी पर दर्ज एफआईआर का विरोध किया। कहा, इस घटना को लेकर व्यापारियों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय हुआ तो सहन नहीं करेंगे। एसोसिएशन ने प्रशासन से इस हादसे की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

अध्यक्ष ने कहा नगर निगम ट्रांसपोर्ट नगर में सीवर लाइन, नाली और सड़कें तुरंत बनवाए। घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए एक नई विकास नीति बनाई जाए। वहीं दवा व्यापारी समिति के महामंत्री सीएम दुबे ने कहा है व्यापारियों का शोषण हुआ तो व्यापारी लड़ाई लड़ेगा। पूरी जांच के बाद ही कदम उठाए जाएं। मांगों को लेकर सड़क पर नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया गया। वहीं, लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र भी ट्रांसपोर्टनगर के व्यापारियों के समर्थन में उतर पडे.हैं उन्होंने कहा व्यापारियों का शोषण हुआ तो पूरे लखनऊ में बंदी का समर्थन करेंगे।

ट्रांसपोर्ट नगर में बैठक करते विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी। अमृत विचार

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सिविल अस्पताल में घायलों का जाना हाल

अमृत विचार, लखनऊ : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने रविवार को सिविल अस्पताल जाकर घायलों का हाल जाना। उपमुख्यमंत्री ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के परिजनों से भेंट कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएं दीं।

एक नजर

नगर निगम के लेखा विभाग में छत का प्लास्टर गिरा

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के लालबाग स्थित मुख्यालय के लेखा विभाग में रविवार को फाल्स सीलिंग के साथ छत का प्लास्टर गिर गया। गनीमत यह रही कि अवकाश होने के कारण उस समय वहां कोई मौजूद नहीं था। नगर निगम कार्यालय में कई बार छत का प्लास्टर और फाल्स सीलिंग गिर चुकी है। लेखा विभाग में इससे पहले फाल्स सीलिंग गिर गई थी। वहां कई कर्मचारी बैठते हैं। जिससे कर्मचारियों में भय का माहौल बना रहता है। लेखा विभाग का 1 साल पहले ही रिनोवेशन कराया गया है।

गोमती नदी से निकाला 10 क्विंटल कचरा

अमृत विचार, लखनऊ : स्वच्छ पर्यावरण आंदोलन सेना ने रविवार को अभियान चलाकर गोमती नदी की तलहटी से 10 क्विंटल कचरा निकाला। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में सुबह 5 :30 बजे से चलाए गए अभियान में 3 दर्जन स्वयं सेवकों ने पॉलीथीन पैकेट, फल, फूलमाला, पूजा विसर्जन सामग्री, कांच के टुकड़े, मलबा, डायपर सहित सैकड़ों देवी देवताओं की मूर्तियां बाहर निकालीं। स्वयं सेवकों ने अभियान के बाद आदि गंगा गोमती मां की विधिवत आरती की तथा राष्ट्रगान के साथ समापन किया।

महिलाओं के लिए एक दिन फ्री ओपीडी

अमृत विचार, पीजीआई : स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन लगातार महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर काम कर रहा है। संस्था लगातार अभियान चलाकर जरूरतमंद महिलाओं को निशुल्क दवाएं वितरित करवाती है और कैंप लगाकर उनकी निशुल्क जांच भी करवाती है। अब संस्था की ओर से सप्ताह में एक दिन फ्री ओपीडी की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। चेयरमैन नीलू सुमेधा त्रिवेदी ने आशियाना के पराग रोड स्थित सेक्टर एन के हेल्थ केयर हॉस्पिटल में इस सुविधा की शुरुआत करवाई है। उन्होंने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं भी बेहतर स्वास्थ्य लाभ पा सकेंगे।

राजभवन और पटेल नगर में रहेगा बिजली संकट

अमृत विचार, लखनऊ : राजभवन खंड के 33 केवी बिजली उपकेंद्र कपूर रोड से पोषित 11केवी महिला विधायक फीडर पर आरडीएसएस योजना के तहत जर्जर एलटी एबीसी केबल को बदलने का कार्य आज किया जाएगा। जिसके कारण इससे पोषित इलाकों मे बिजली सप्लाई सुबह 9 :30 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा महिला पॉलीटेक्निक के पटेल नगर फीडर पोषक के महालक्ष्मी जनरल स्टोर के क्षेत्र में पोल लगाने, एसएमसी बॉक्स और एबीसी केबल को डालने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते महालक्ष्मी जनरल स्टोर और अन्य इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 10 से 5 बजे तक गुल रहेगी।

टैक्स वसूल रहे, कभी झाड़ू भी लगवा दिया करिए

अमृत विचार आपके द्वार | फैजुल्लागंज वार्ड-4 का अन्नपूर्णा नगर | समस्याएं बताई ही नहीं लोगों ने दिखाईं भी | नगर निगम के खिलाफ जमकर की नारेबाजी | टीम के निरीक्षण में निवासियों का छलका दर्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : फैजुल्लागंज वार्ड चतुर्थ की अन्नपूर्णा कॉलोनी। करीब 15 साल पहले बसी इस कॉलोनी को नगर निगम में शामिल हुए 10 साल से अधिक समय बीत चुका है। नगर निगम टैक्स लेता है लेकिन झाड़ू तक लगवाने की जहमत नहीं उठाता है। करीब-करीब सभी रास्ते कच्चे पडे.हैं। बारिश में लोग घरों में कैद होने को मजबूर हो जाते हैं। भीषण जलभराव के चलते बच्चे स्कूल नहीं जा पाते। गंदगी और जलभराव के कारण बड़ी संख्या में लोग यहां बीमार रहते हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक है।

स्थानीय लोगों की समस्याएं जानने के लिए जब ''अमृत विचार आपके द्वार'' की टीम रविवार को इलाके में पहुंची तो स्थानीय लोगों का दर्द छलक पड़ा। लोगों ने कहा वह लोग कई सालों से नगर निगम को टैक्स दे रहे हैं। टैक्स अगर रुका तो विभागीय लोग आकर मकान सील करने की धमकी देते हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर उन्हें कुछ नहीं मिल रहा। स्थानीय लोगों ने टीम को एक-एक कर ''समस्याएं बताई ही नहीं, दिखाईं भी।

रास्ते पर कीचड़ भरा होने से नाली की दीवार से निकलते लोग। अमृत विचार

बारिश में जलभराव हुआ तो बच्चों की स्कूल से छुट्टी

करीब तीन हजार आबादी की कॉलोनी होने के बावजूद सभी रास्ते कच्चे हैं। नालियां तक नहीं बनाई गईं। जलभराव होने की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि जलभराव होने से बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते। आरोप है कि नालियां और सड़क को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों, नगर आयुक्त और मेयर को पत्र दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

रास्ते पर जलभराव के बीच से निकला युवक। अमृत विचार

नहीं होती पुलिस गश्त, लगता है अराजकतत्वों का जमावड़ा

स्थानीय लोगों का कहना है कि कॉलोनी में कभी पुलिस की गश्त तक नहीं होती। इससे अराजकतत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। यह लोग महिलाओं से अभद्रता भी करते हैं। कॉलोनी के कई घरों में चोरियां भी हो चुकी हैं। कुछ खंभों पर लगी स्ट्रीट लाइटें भी खराब हैं।

बल्लियों के सहारे बिजली आपूर्ति, हादसे की आशंका

यह भी गजब है कि शहरी सीमा में शामिल इस कॉलोनी के एक बडे.हिस्से में बल्लियों के सहारे ही बिजली की आपूर्ति होती है। पोल पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाए गए हैं। लोगों ने बल्लियों के सहारे बिजली की लाइन दूर तक चला रखी है। बारिश में बल्लियां भी जर्जर हो चुकी हैं। इससे किसी भी समय हादसा होने की आशंका रहती है।

जमा किए गए हाउस टैक्स की रसीद दिखाते अन्नपूर्णा नगर के लोग।

कॉलोनी के कई लोग बीमार बच्चों की संख्या अधिक

गंदगी और जलभराव की वजह से कॉलोनी में कई लोग बीमार है। इनमें बच्चों की संख्या अधिक है। वंदना पांडेय ने बताया कि उनकी बेटी गौरी (4) को खांसी और बुखार की कई दिनों से शिकायत है। स्थानीय क्लीनिक से इलाज चल रहा। अंजना देवी का एक वर्षीय बेटा कृष्णा भी उल्टी-दस्त की समस्या से ग्रसित है। कई अन्य लोगों ने कई दिनों से बुखार न उतरने की समस्या बताई और कहा कि जल जमाव होने के कारण पनपती मच्छरों की फौज से स्थानीय लोग परेशान हैं। ठीक से फागिंग तक नहीं कराता है नगर निगम।

नींव में पानी भरने से घरों की बैठ रही फर्श, हादसे की आशंका

स्थानीय निवासी राम नरेश यादव के मकान के बगल में खाली प्लॉट है। जिसमें जलभराव है। जिसका पानी रामनरेश के मकान की नींव में जा रहा है। इसकी वजह से मकान की फर्श धंसने लगी है। मकान गिरने की आशंका से लोग डरे हुए हैं। कई अन्य घरों की भी ऐसे ही हालात बन रहे हैं।

पूर्व पार्षद ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में भी नहीं कराए विकास कार्य

स्थानीय निवासियों ने बताया कि अन्नपूर्णा नगर की प्लॉटिंग पूर्व पार्षद जगलाल यादव ने की थी। वर्तमान में तीन हजार से अधिक लोग कॉलोनी में निवास कर रहे हैं। गत 5 साल वह वार्ड के पार्षद भी रहे। इसके बावजूद उन्होंने विकास के नाम पर कुछ नहीं कराया गया। वर्तमान में यहां के पार्षद रामूदास कनौजिया हैं।

बल्लियों के सहारे लटके विद्युत तार।

प्लॉटों में जमा पानी, डेंगू के सीजन में एंटी लार्वा का छिड़काव तक नहीं

कॉलोनी में कई प्लॉट खाली पड़े हैं। जिनमें घनी जलकुंभी उग आई है। साफ सफाई न होने से मच्छर और जहरीले कीड़े पनप रहे हैं। यहां न तो फॉगिंग कराई जाती है और नहीं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया। जबकि बारिश का यह समय ऐसा है जब डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफा होता है। फिर भी लापरवाही।

प्लाट में उगी जलकुम्भी दिखाते क्षेत्रीय निवासी। अमृत विचार

कीचड़ से होकर निकलने को मजबूर लोग

घैला मार्ग से कॉलोनी को जाने वाला मुख्य रास्ता कच्चा है। बारिश की वजह से कीचड़ और कूड़ा जमा होने के कारण लोगों को आने-जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। हाल यह है कि बारिश में हुआ कीचड़ कई दिनों तक नहीं साफ होता है। मजबूरन लोगों को कीचड़ से भरे कच्चे मार्ग से होकर निकलना पड़ता है।

टीम

पंकज द्विवेदी, नीरज अभिषेक व छायाकार राजकुमार वाजपेयी।

कॉलोनी वासियों का दर्द

बरसात के समय में कॉलोनी की स्थिति बद से बदतर हो जाती है। सड़क पर जमा गंदा बदबूदार पानी क्षेत्र में संक्रामक रोग को दावत देने लगता है। बावजूद इसके क्षेत्र में न तो दवा का छिड़काव होता है और न फागिंग। अधिकारी तक झांकने नहीं आते। -अनूप सिंह

पिछले दस सालों से हम लोग नगर निगम को टैक्स दे रहे हैं। इसके बाद भी यहां न तो सड़क बनवाई गई, और न ही नालियों का निर्माण कराया गया। इसके चलते गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। समस्या के समाधान के लिए सभासद से भी गुहार लगाई पर व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। -अभिषेक मिश्र

चारों तरफ गंदगी और कीचड़ है। इसके कारण हर घर में कोई न कोई बीमार ही रहता है। तमाम प्रयासों के बाद भी न तो क्षेत्र में फागिंग की जाती है, और न ही दवा का छिड़काव होता है। जबकि नगर निगम हजारों में टैक्स की वसूली करता है। -पंकज जोशी

टूटी और सड़ चुकी बल्लियों के जरिए बिजली विभाग ने घरों में बिजली कनेक्शन दिए हैं। यहां कभी भी कोई हादसा हो सकता है, इनको बदलने के लिए विभाग को पत्र भी लिखा गया। लेकिन अब तक विभाग को चिंता नहीं हुई है। बारिश के मौसम में जरा सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। -महेश प्रसाद

हजारों रुपये का टैक्स देने के बाद भी नगर निगम कॉलोनी में कोई कार्य नहीं करा रहा है। चारों तरफ गंदगी और कूड़े का अंबार लगा हुआ है। सभासद से लेकर अधिकारियों तक गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नही की गई। - वंदना पाण्डेय

सुविधाएं देने के नाम पर क्षेत्र में न तो जनप्रतिनिध आगे आते हैं और न नगर निगम। लेकिन एक को वोट चाहिए तो दूसरे को टैक्स। पूरी कॉलोनी में चारों तरफ फैली गंदगी के कारण मच्छरों से लोग परेशान हैं कि कहीं कोई डेंगू से पीड़ित न हो जाए। -रोहित सिंह

क्षेत्र मे कभी सफाईकर्मी आते ही नहीं। जिसके कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। जिसके चलते आवारा जानवरों का जमावड़ा भी लगा रहता है। इसके चलते बच्चों के चोटिल होने का खतरा हर समय बना रहता है। - एसके श्रीवास्तव

क्षेत्र में अधिकांश सड़कें, नालियां टूटी पड़ी हैं। जिसके चलते नालियों में जमा पानी से उठती बदबू के कारण यहां रहना मुश्किल हो गया है। टैक्स देने के बाद भी सफाईकर्मी महीनों तक यहां झांकने तक नहीं आते। नगर निगम और सभासद शिकायत के बाद कोई काम नही करते हैं। - देवेंद्र सिंह

कॉलोनी की समस्याओं को लेकर कई साल से सभासद और नगर निगम अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं। बावजूद इसके क्षेत्र की दिशा और दशा आज तक नहीं बदली है। सिर्फ वोट के वक्त राजनीतिक प्रतिनिधि दिखते हैं। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष। -कपिल सिंह

क्षेत्र की टूटी सड़कों, नालियों के निर्माण और सफाई को लेकर कई बार प्रार्थना पत्र दिये गए हैं। हर बार समस्या के समाधान को आश्वासन तो दिया गया लेकिन काम नहीं किया गया। आश्वासन की घुट्टी पीते-पीते एक दशक निकल गया है। -अर्जुन कुमार तिवारी

घर के बाहर निकलने के लिए सड़क को अपने पैसों से सही कराया है। चारों तरफ सिर्फ गंदगी ही गंदगी फैली हुई है। जिसके कारण क्षेत्र में डायरिया, मलेरिया और डेंगू के मरीज भी है। लेकिन अधिकारियों की कौन कहे जीतने वाले प्रतिनिधि तक चुप रहते हैं और विकास की सुध नहीं लेते हैं। -ज्योति हरिओम रावत

इलाके में सफाई न होने के कारण हमारे बच्चे मलेरिया और कई अन्य बीमारियों से जूझ रहे हैं। नालियों में दवा के छिड़काव और फागिंग के लिए अधिकारियों और सभासद से मिन्नतें तक की जाती है, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकलता है। इस बार वोट के वक्त सभी मिलकर सबक सिखाएंगे। - श्रीकांती दीक्षित

बरसात में सड़कों पर पानी भरे होने के कारण रोड पर गाड़ी पार्क करने को मजबूर हैं। चोरी होने का खतरा हर समय बना रहता है। संबंधित विभागों समेत सभासद से शिकायत भी कर चुके हैं, लेकिन अधिकतर मार्ग कच्चे ही हैं। उन्हें दुरुस्त नहीं कराया जा सका है। -प्रज्ञा पाण्डेय

कॉलोनी में फैली गंदगी और सड़क पर जमा पानी के कारण यहां से निकलना दूभर हो गया है। सरकारी तंत्र के हर दरवाजे पर समस्या के समाधान की गुहार लगा चुके है। बावजूद इसके जिम्मेदारों के कान पर जूं नहीं रेंगता है। -सुशीला

वर्षों टैक्स देने के बाद नगर निगम सीवर लाइन और पानी की लाइन क्षेत्र में नहीं डाल सका है। जिसके कारण इलाके के लोगों को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जीतने के बाद सभासद महीनों से क्षेत्र में नहीं दिखें। - अंकिता साहू

इलाके में नगर निगम ने स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तक नहीं किया। इसके कारण पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा रहता है। यहां आए दिन कोई न कोई दुर्घटना हर किसी के साथ होती रहती है। लेकिन क्षेत्र को रोशन करने की ओर किसी का ध्यान नहीं। -क्षमा पांडेय

अन्नपूर्णा नगर में हालत अत्यंत चिंता जनक है, सूचना देने के बावजूद जोनल सेनेटरी अफसर का रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, आईजीआरएस शिकायतों पर फर्जी निस्तारण की रिपोर्ट लगा दी जा रही है, इलाके का सुपरवाइजर मैलाथियान ब्लीचिंग पाउडर की सील पैक बोरियां बेच ले रहा है, उच्च अधिकारियों को चाहिए की कॉलोनियों में टहल कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लें। सिर्फ खानापूरी न करें। -ममता त्रिपाठी सामाजिक कार्यकर्ता

वाराणसी और गाजियाबाद के बीच चलेगी पूजा विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ व रायबरेली में भी होगा ठहराव
- 8 अक्टूबर से 27 नवंबर तक 8 फेरों के लिए चलेगी ट्रेन

अमृत विचार: आगामी त्योहारों पर संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे बनारस और गाजियाबाद के बीच पूजा स्पेशल विशेष ट्रेन चलाएगा। बनारस-गाजियाबाद-वाराणसी विशेष ट्रेन 8 अक्टूबर से 27 नवंबर तक 8 फेरों के लिए चलाई जाएगी। ट्रेन मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली होकर गुजरेगी। ट्रेन वाराणसी से प्रत्येक मंगलवार और गाजियाबाद से प्रत्येक बुधवार को चलेगी।

ट्रेन नंबर 05047 विशेष ट्रेन 26 नवंबर को वाराणसी से 19:20 बजे रवाना होगी। भदोही से 20:08 बजे, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. से 21:35 बजे, अमेठी से 22:10 बजे, रायबरेली जं. से 23:05 बजे छूटकर दूसरे दिन लखनऊ (उत्तर रेलवे) स्टेशन पहुंचेगी। लखनऊ से 1:05 बजे, बरेली (उत्तर रेलवे) से 4:37 बजे और मुरादाबाद से 6:25 बजे छूटकर 9:30 बजे गाजियाबाद पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में ट्रेन नंबर 05048 पूजा विशेष ट्रेन गाजियाबाद से 11:30 बजे रवाना होगी। यहां से चलकर मुरादाबाद से 14:30 बजे, बरेली (उत्तर रेलवे) से 15:50 बजे चलकर लखनऊ (उत्तर रेलवे) पहुंचेगी। लखनऊ से 19:50 बजे, रायबरेली जं. से 21:15 बजे, अमेठी से 22:08 बजे, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. से 22:55 बजे और दूसरे दिन भदोही से 00:12 बजे छूटकर 1:45 बजे वाराणसी पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 20 और जनरेटर सह लगेज यान के 2 कोचों सहित 22 कोच लगाए जाएंगे।

उत्तर प्रदेश मेट्रो के नाम पर फर्जी भर्ती से रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपीएमआरसी में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को फर्जी लेटर के जरिए ठगी की कोशिश

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) लगातार भर्तियां निकालता रहा है। कुछ जालसाज इसका फायदा उठाकर फर्जी भर्तियों का विज्ञापन निकाल कर आवेदकों के साथ ठगी का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में ठगों ने यूपीएमआरसी के लेटरहेड की नकल कर फर्जी लेटर तैयार किया, जिसमें कस्टमर सपोर्ट रिप्रेजेन्टेटिव के 5 पद पर आवेदन बुलाए हैं।

यूपीएमआरसी की ओर से साफ किया जाता है कि कंपनी में कोई आधिकारिक भर्ती, परीक्षा एवं उनके परिणाम की जानकारी सिर्फ यूपीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट (www.lmrcl.com/ www.upmetrorail.com) पर ही उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा यूपीएमआरसी भर्तियों की जानकारी अखबारों में नोटिफिकेशन के माध्यम से भी प्रकाशित कराता है। यूपीएमआरसी लगातार ही ऐसे फर्जीवाड़े से बचने की अपील करता रहा है। कॉरपोरेशन में भर्ती आपकी मेरिट के आधार पर ही होगी एवं जानकारी सिर्फ और सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट पर ही साझा की जाएगी। इसके अतिरिक्त आप किसी भी अन्य स्रोत पर विश्वास ना करें और अगर कहीं भी आप इस तरह का संदेह पाते हैं, तो तुरंत उसकी सूचना हमें दें जिससे उचित कार्रवाई की जा सकें।

कल्याणी सोसाइटी | आवास आयुक्त ने 2004 से तैनात अभियंताओं व कर्मचारियों की सूची मांगी

नपेंगे आवास विकास के कई अभियंता और कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- अहिमामऊ में आवास विकास की अधिग्रहीत भूमि पर बस गई कॉलोनी

अमृत विचार : शहीद पथ के पास अहिमामऊ में आवास विकास की अधिग्रहित भूमि पर अवैध तरीके से कल्याणी सोसाइटी विकसित होने पर परिषद के जिम्मेदार अभियंताओं और कर्मचारियों पर कार्रवाई की तैयारी है।

आवास आयुक्त ने 2004 से अभी तक तैनात अभियंताओं और कर्मचारियों की सूची मांगी है। अभियंताओं और कर्मचारियों की लापरवाही से आवास विकास की जमीन पर बिल्डर ने कल्याणी सोसाइटी के नाम से भूखंड काटकर बेच डाले।

कई लोग वहां मकान बनाकर रह रहे हैं। पिछले महीने मकान सहित अन्य निर्माण तोड़ने गई आवास विकास की टीम को निवासियों के विरोध के बाद लौटना पड़ा था। परिषद ने बिल्डर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के साथ सोसाइटी में निर्माण रुकवा दिया था।

हाईकोर्ट में कल होगी सुनवाई

आवास विकास की कार्रवाई के विरोध में कल्याणी सोसाइटी के निवासियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिस पर 10 सितंबर को सुनवाई होगी। न्यायालय के निर्णय के बाद ही आवास विकास ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करेगा। कॉलोनी के निवासियों ने कहा है कि उन्होंने बिल्डर से भूखंड खरीदे हैं। जिस जमीन पर बिल्डर ने भूखंड काटकर बेचे हैं वह किसान के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज थी।

बिल्डर ने बेच डाले 50 से अधिक भूखंड

बिल्डर ने अहिमामऊ में प्लॉटिंग करके 50 से अधिक भूखंड बेच डाले। इनकी रजिस्ट्री भी कर दी। लगभग 8 लोग मकान भी बना चुके हैं। सूत्रों के अनुसार 2021 से कुछ लोगों ने कॉलोनी में मकान का निर्माण शुरू कर दिया था। 2023 में अभियंताओं ने निर्माणकर्ताओं को पहली बार नोटिस दी और काम रुकवा दिया। इसके बाद भी लोग चोरी छिपे निर्माण करते रहे। नोटिस के बाद कई और लोगों ने निर्माण शुरू कर दिए। पिछले महीने आवास विकास के अभियंता कॉलोनी में बने निर्माण तोड़ने पहुंचे थे।

सूचना

मेरे पुत्र अब्दुल बासित खान के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश MD ZAFAR KHAN अंकित हो गया था जबकि सही नाम MOHD ZAFAR KHAN है। – मो0 जफर खान पुत्र नईमुद्दीन खान, निवासी–160, अमन इन्क्लेव, हरदोई रोड, दुबग्गा, लखनऊ।

सूचना

मेरा नाम **नरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र स्व. रूद्र कुमार सिंह, ग्राम– बदरपुर, पोस्ट कुसम्ही, थाना– डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर** है। हाईस्कूल मार्कसीट में नरेन्द्र कुमार हो गया जो गलत है। हमें नरेन्द्र कुमार सिंह के नाम से जाना जाए।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम अमृता मिश्रा पुत्री श्री संदीप कुमार मिश्रा है। जोकि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 3531 1996 9303 में उसका नाम लक्ष्मी अंकित हो गया है। जोकि गलत है, मेरी पुत्री को उसके सही नाम अमृता मिश्रा पुत्री संदीप कुमार मिश्रा के नाम से जाना एवं पहचाना जाए। एतद द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के संबंध में समस्त विधिक औपचारिकताये स्वयं मेरे द्वारा पूरी की गई है। **–अमृता मिश्रा पुत्री संदीप कुमार मिश्रा, निवासी– ग्राम बेलहा, पोस्ट कनकारी जिला सीतापुर। मोबाइल नंबर– 7380608087**

सूचना

मैंने अपने पुत्र अंकित कुमार की गलत आचरण से परेशान होकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का अंकित कुमार स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा। **–बाबूलाल यादव पुत्र पितम्बर, निवासी– ग्राम पूरे आशाराम मजरे कोरिहर थाना गुरुबख्शगंज परगना व तहसील सदर जिला रायबरेली।**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मेरा फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया का ग्रीन कार्ड कही खो गया, खोज बीन के बाद भी नहीं मिला है। **अनिल कुमार (फार्मासिस्ट) पता–ग्राम व पोस्ट सेठमऊ, थाना सतरिख, जिला बाराबंकी।**

सूचना

सूचित किया जाता है कि **शहजाद अहमद पुत्र शरीफ अहमद, निवासी– मोहल्ला–मुड्डीगंज पोस्ट, नवाबगंज जिला गोंडा** के स्थाई निवासी हैं। इनके पासपोर्ट संख्या L1669325 में त्रुटिवस पिता का नाम शरीफ अहमद के स्थान पर मोहम्मद शरीफ दर्ज हो गया है आधार कार्ड मे शरीफ अहमद दर्ज है जबकि मोहम्मद शरीफ और शरीफ अहमद एक ही व्यक्ति हैं, उपरोक्त पासपोर्ट संख्या में मोहम्मद शरीफ के स्थान पर शरीफ अहमद किया जाना न्याय हित में है, शहजाद अहमद पुत्र शरीफ अहमद मोहल्ला मुड्डीगंज, पोस्ट नवाबगंज जिला गोंडा

सूचना

मेरी एचडीएफसी लाइफ पॉलिसी सं0– 10053999 में त्रुटिवश मेरा नाम मास्टर प्रशांत व जन्मतिथि 06/02/2004 दर्ज है, भविष्य में सभी अभिलेखों में मुझे **विक्रान्त कुमार गुप्ता पुत्र लक्ष्मी शंकर गुप्ता नि0 13/625, अंबेडकरनगर, रायबरेली** उ0प्र0 व जन्मतिथि 30/01/2005 से जाना पहचाना जाए

सूचना

सूचित हो कि मेरा पुत्र जियाउल हक शादीशुदा है। जियाउल हक और उसकी पत्नी परिवार के सदस्यों के साथ में झगड़ा प्रसाद करती है। शराब पीने का आदी है। गलत संगत में पड़कर लेनदेन करता है। परेशान होकर अपने पुत्र जियाउल हक व उसकी पत्नी से संबंध विच्छेद कर चल अचल संपत्ति से दोनों को बेदखल करता हूं। इनके दोनो पति पत्नी द्वारा किए गए अच्छे बुरे कर्म के स्वयं दोनों जिम्मेदार होंगे। मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई वास्ता नहीं होगा। **इकरामुल हक पुत्र मोहम्मद इब्राहिम, निवासी – मोहल्ला नसरत नगर कबीरा, कस्बा, थाना मल्लावां, जिला हरदोई**

NOTICE

This is to inform that DEVANSH SRIVASTAVA with Unique ID 7251971 has passed his high school in 2020. His father's name has printed on the marksheet as and pass certificate as SUBASH JI SRIVASTAVA whereas correct father's name is SUBHASH JI SRIVASTAVA.

सूचना

पहले मेरा नाम MUHAMMAD SAAD AKHTAR था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD SAAD AKHTAR ANSARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MOHAMMAD SAAD AKHTAR ANSARI S/O: AQEEL AKHTAR ANSARI R/O- 544/642 BISMIL COLONY LUCKNOW

सूचना

पहले मेरा नाम NAJIM था अब मैने बदलकर अपना नाम NAJIM ALI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। NAJIM ALI S/O: NAJISH R/O- AURAMAU, POST BHATAULY BEHANDER, HARDOI

एक नजर

बीटेक-एमसीए की प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं 19 से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में बीटेक और एमसीए पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नवप्रवेशित बीटेक (प्रथम सेमेस्टर) की सभी शाखाओं के छात्रों एवं एमसीए (प्रथम सेमेस्टर) के छात्रों की कक्षाएं 19 सितंबर से प्रारंभ होंगी। इस संदर्भ में समय सारणी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

तकनीकी ज्ञान व कला कौशल का दिखा प्रदर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : मैकफेयर इण्टरनेशनल के तीसरे दिन रविवार को विज्ञान, गणित एवं कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन देखने को मिला। भूटान, श्रीलंका, नेपाल एवं देश के विभिन्न प्रान्तों के विद्यालयों की छात्र टीमों ने यूरेका (साइंस क्विज), मॉडल डिस्प्ले, मैब-रोबो रेस, ग्रुप डिस्कशन एवं डिस्कवरी (साइंस क्विज) आदि प्रतियोगिताओं में अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया।

सुप्रसिद्ध रचनाओं पर आधारित कार्यशाला शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : ज्योति कलश संस्कृति संस्थान के तत्वावधान में हिंदी के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, कवियों एवं कवयित्रियों की सुप्रसिद्ध रचनाओं पर आधारित कार्यशाला का आयोजन रविवार से 17 तक किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन संगीत नाटक अकादमी के अभ्यास कक्ष में हुआ। कार्यशाला के निर्देशक प्रसिद्ध संगीतकार एवं यश भारती से सम्मानित केवल कुमार श्रीवास्तव एवं डॉक्टर अमिताभ श्रीवास्तव हैं।

टीटीई की समस्याएं दूर करने को रेल मंत्री को भेजा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ ऑर्गनाइजेशन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख कर समस्याओं को दूर किये जाने की मांग की है। साथ ही ट्रेनों में जनरल और स्लीपर बोगियों की संख्या बढ़ाने की मांग के साथ अन्य परेशानियों को जानकारी पत्र में दी है। एसोसिएशन के टीएन पांडेय के अनुसार लखनऊ सहित यूपी और बिहार आवागमन करने वाली ट्रेनों में स्लीपर और जनरल के कोच बढ़ाए जाएं। टीटीई रेस्ट हाउस में सब्सिडी वाला भोजन उपलब्ध कराया जाये। ट्रेनों की संख्या के अनुरूप चेकिंग स्टाफ बढ़ाया जाये।

निशातगंज क्षेत्र के पेपर मिल कॉलोनी के पार्क में गणपति बप्पा की आरती के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

गजानन की आरती करते पुजारी। अमृत विचार

गणपति की आरती और भजनों पर झूमे श्रद्धालु

घर-घर गणेश उत्सव की धूम, ढोल नगाड़ों से किया भक्तों ने बप्पा का स्वागत, पंडालों में उत्सव जैसा माहौल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः ढोल नगाड़ों के साथ शहर में गणपति पूजन शुरू हो गया है। गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका में चल रहे गणेश महोत्सव में रविवार को अयोध्या वाराणसी के आचार्यों द्वारा मंत्रों के साथ मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना की गई। गणपति बप्पा मोरया के उद्घोषों के साथ पंडालों और मंदिरों में भक्तों ने गणपति का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए पंडालों में अलग-अलग तरह के आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ हो गई हैं। झूलेलाल वाटिका में भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां आये हुए बच्चों ने झूलों का आनंद उठाया और तरह-तरह के व्यंजनों का स्वाद चखा। घरों में भी मंगल आरती के साथ गणपति की पूजा की गई।

गणपति का दरबार प्यारा लगता है, सुन लोग हुए मंत्रमुग्ध- झूलेलाल वाटिका में रविवार शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कोलकाता के संजय शर्मा और लखनऊ के सिद्धू महाराज के निर्देशन में हुए। भजन की शुरुआत संजय शर्मा ने गणपति का दरबार प्यारा लगता है सुनाया तो बप्पा के जयकारे गूंज उठे। भजन के अगले क्रम में जब उन्होंने सेठों की गुलामी तेरी नींद उड़ा देगी, गणपति की गुलामी तेरे काम बना देगी, सुनाया तो पंडाल में उपस्थित लोग घूमने लगे। उन्होंने एक और भजन महामंत्र गणपति का जपने से आते हैं गणराज, इसको जपने से बन जाते हैं सारे काज सुनाया।

हनुमान के हृदय में किस तरह बसते है प्रभु श्रीराम- नृत्य नाटिका 'राम भक्त हनुमान' का मंचन किया गया। इसमें दिखाया गया कि हनुमान के हृदय में प्रभु राम किस तरह से बसते हैं उनके अंग में राम नाम ही समाया है। बाद में सिद्धू महाराज के निर्देशन में नृत्य कार्यक्रम आगे बढ़ा। नृत्य निर्देशन भातखण्डे की अनुपमा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अनुपमा के निर्देशन में उनके शिष्य गणेश वन्दना, शिव तांडव, चामुण्डा और हनुमान चालीसा की प्रस्तुति दी। कलाकार भानवी श्रीवास्तव, (कथक) समृद्धि श्रीवास्तव, स्वर्णिमा, वशिंका, आरोही, अलका, अनामिका, संचयिता, मीमांसा, श्रुती, आरध्या सिंह मंच पर थी।

मेले जैसा माहौल- मेले में महिला एवं बच्चों के लिए विशेष प्रकार के झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा फूड जोन, किड्स जोन, गेम जोन, शापिंग जोन, लाइव प्रोग्राम नृत्य नाटिका एवं भजन, सिंगर सेलेब्रिटी मुख्य आकर्षण है। महामंत्री सतीश अग्रवाल ने बताया कि श्रंगार एवं आरती प्रतिदिन प्रातः 10 बजे एवं सायं 6 बजे होगी। इसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकते हैं।

इंदिरानगर सेक्टर 18 स्थित मेजर भूपेंद्र मेहरा पार्क में पूजा करते तेलुगू समुदाय के लोग।

तेलुगू एसोसिएशन हर्षोल्लास के साथ मना रहा गणेश उत्सव

अमृत विचार, लखनऊ : तेलुगू एसोसिएशन लखनऊ द्वारा इंदिरा नगर के सेक्टर 18 स्थित मेजर भूपेंद्र मेहरा पार्क में हर्षोल्लास के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। आयोजन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर रविन्द्र आईपीएस और उनकी धर्मपत्नी एन. इंद्राणी मौजूद रहीं जो कि एसोसिएशन की वाइस प्रेसीडेंट भी हैं। तेलुगु एसोसिएशन के अध्यक्ष डी एन रेड्डी ने बताया कि इस बार तेलुगु एसोसिएशन लखनऊ द्वारा तीन दिवसीय गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। रविवार को भजन कीर्तन के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्था की हिमा बिंदु नायक, के वी एस एन राव, के अदेप्पा, विजयलक्ष्मी, सिद्धार्थ सिंगल रेड्डी, के बिंबाधरा, सुचिता पलेटी, रंगा राव, श्रीमती वी रामादेवी, एम सुधाकर रेड्डी समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। संस्था द्वारा सोमवार को धार्मिक यात्रा के साथ गोमती तट पर विसर्जन किया जायेगा।

बप्पा को आज चढ़ेगा गजरा

शाम को भजन संध्या

कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव के तीसरे दिन सोमवार को बप्पा को गजरा चढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि कमेटी के लोग बप्पा को गजरा चढ़ायेंगे। ऐशबाग जलकल कालोनी में गणेश सेवा समिति जल संस्थान की ओर से जलकल कालोनी में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पंचम गणेश उत्सव की शुरुआत हुई। गणपति राखो मेरी लाज पूरन कीजो मेरे काज...जयघोष एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंडित ललित मिश्रा के निर्देशन में मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। मूर्ति स्थापना के समय पण्डाल गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंज उठा। मूर्ति स्थापना के साथ ही भक्तों ने गणेश पूजन कर रिद्धि-सिद्धि से सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम संयोजिका अनामिका मिश्रा ने बताया कि इस बार पर्यावरण का विशेष ध्यान रखते हुए स्थानीय मूर्तिकार द्वारा लाल मिट्टी एवं प्राकृतिक रंगों से रंगी हुई मूर्ति बनवाई गई है जो ईको फ्रेंडली है। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत भजन संध्या आयोजन किया गया। जिसमें इटौजा की महिला मंडली ने भजनों की प्रस्तुति से विघ्नहर्ता गणेश के चरणों में अपनी हाजिरी लगाई।

डांस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

राम मनोहर लोहिया लॉन चौक में गणेश उत्सव मंडल की ओर से रविवार को डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 5 से 15 वर्ष के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक जागरूक सेवा समिति बताशे वाली गली अमीनाबाद में मंगल आरती कर जलकल्याण की प्रार्थना की गई।

सुरेश ने अध्यक्ष, अनिल ने शिक्षा मंत्री पद के लिए किया नामांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 22 सितंबर को अग्रवाल शिक्षा संस्थान मोती नगर का होगा चुनाव
- युग प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन टीम के 37 सदस्यों ने किया नामांकन

अमृत विचार : अग्रवाल शिक्षा संस्थान मोती नगर चुनाव के लिए रविवार को नामांकन दाखिल किया गया। सुरेश अग्रवाल (बीआर हुंडई) ने अध्यक्ष, शहर के प्रसिद्ध युवा शिक्षाविद अनिल अग्रवाल ने शिक्षामंत्री व लखनऊ खाटू श्याम मंदिर में अपनी सेवा दे रहे युवा रुपेश अग्रवाल मिंटू ने मंत्री पद के लिए नामांकन दाखिल किया।

22 सितंबर को अग्रवाल शिक्षा संस्थान मोती नगर सत्र (2024-2027) का चुनाव कराया जाएगा। रविवार को निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के समक्ष नामांकन दाखिल किए गए। युग प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन टीम से सुरेश अग्रवाल (बीआर हुंडई) ने 37 सदस्यों के साथ अध्यक्ष पद पर नामांकन किया। सुरेश कार्यवाहक अध्यक्ष के तौर पर संस्थान में सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा शहर के प्रसिद्ध युवा शिक्षाविद अनिल अग्रवाल ने शिक्षामंत्री, लखनऊ खाटू श्याम मंदिर के रुपेश अग्रवाल मिंटू ने मंत्री व शहर के प्रमुख रक्तदानी मनीष अग्रवाल मानू ने मीडिया प्रभारी पद के लिए नामांकन किया।

नामांकन के बाद सभी ने परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान डॉ. सुयश अग्रवाल प्रमुख निमिषा डेंटल सेंटर, सीए अतुल अग्रवाल, प्लास्टिक सर्जरी प्रमुख डॉ. अमित अग्रवाल, सीएस आदित्य अग्रवाल, युवा उद्योगपति अंकुर अग्रवाल आदि ने लखनऊ खाटू श्याम मंदिर से एकत्रित होकर बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया।

अग्रवाल शिक्षा संस्थान में चुनाव के लिए नामांकन करते लोग। अमृत विचार

गुरमति जप तप समागम आयोजित

अमृत विचार, लखनऊः माता गुजरी सत्संग सभा की ओर से गुरमति जप तप समागम का आयोजन रविवार को श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरु नानक देव नाका हिंडोला में किया गया।

इस समागम में माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्याओं एवं समूह संगत द्वारा जपु जी साहिब, चौपाई साहिब एवं सुखमनी साहिब का पाठ किया और माता गुजरी सत्संग सभा की सदस्याओं ने शबद कीर्तन गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरजिंदर सिंह ने गुरु महाराज के चरणों में अरदास की। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने समागम में आई समूह संगत का आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा समूह संगत में गुरु का लंगर वितरित किया गया।

अनागत काव्य गोष्ठी में सम्मानित किए गए गिरिजा शंकर दुबे व राधा बिष्ट।

गिरिजा शंकर दुबे को मार्तंड व राधा बिष्ट को कविता चंद्रिका सम्मान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : अखिल भारतीय अनागत साहित्य संस्थान के तत्वावधान में रविवार को सरस अनागत काव्य एवं सम्मान गोष्ठी अनागत संस्थान कार्यालय त्रिवेणी नगर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता डॉ. एलपी गुर्जर लखनवी ने की। इस अवसर पर गिरिजा शंकर दुबे गिरिजेश को संस्था द्वारा अनागत मार्तंड सम्मान एवं डॉ. राधा विष्ट को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिजाशंकर दुबे, विशिष्ट अतिथि कन्हैयालाल थे। गोष्ठी का सफल संचालन एवं वाणी वंदना प्रवीण पांडेय आवारा ने किया। गोष्ठी में डॉ. अजय प्रसून, अखिलेश द्विवेदी, पवन कौशांबी, डॉ. एलपी गुर्जर लखनवी, गिरिजाशंकर दुबे गिरिजेश, कन्हैया लाल, डॉ राधा विष्ट, राम राज भारती फतेहपुरी, प्रवीण पांडेय आवारा, राकेश सिंह बघेल, डॉ कुसुम चौधरी, नीतू आनंद श्रीवास्तव, आशुतोष आशु एवं अवशेष ने अपनी कविताओं, गीत, गजल एवं छंदों से सबका मन मोह लिया।

सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का धरना 15 से

अमृत विचार, लखनऊ : सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक मण्डलवार 15 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशालयों पर धरना देकर ज्ञापन देंगे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) की प्रदेश कार्यकरिणी की रविवार को नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने बताया कि शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों से वार्ता की गई, लेकिन निस्तारण नहीं हुआ। अब संगठन फिर से आन्दोलन करेगा। मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशालयों पर धरना के साथ इसका आगाज होगा। संघ का वार्षिक प्रांतीय अधिवेशन बस्ती में 12 व 13 नवम्बर को होगा। प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुमार कुशवाहा व प्रदेश उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षकों की लंबित मांगें जब तक पूरी नहीं हो जाती हैं तब तक संगठन का संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर सुरेंद्र प्रताप सिंह, ध्रुव नारायण चौधरी, बिजेंद्र वर्मा, संदीप कुमार शुक्ल, सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार पाल, सुधाकर ज्ञानार्थी, मिथलेश कुमार मौर्य, ओम प्रकाश शर्मा, जमीलुद्दीन खान, अनिल सिंह, कृष्ण दत्त त्रिपाठी समेत जिले स्तर के पदाधिकारी शामिल हुए।

स्कूलों के राजकीयकरण, सिटीजन चार्टर, कैशलैस इलाज, रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती, सेवा सुरक्षा की धारा 21 की बहाली मांगें प्रमुख हैं।

अटल सदस्यता अभियान | तीन दिन में एक करोड़ सदस्य बनाकर रखी जा चुकी है बुनियाद

सदस्यता का नया रिकॉर्ड बनाएगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी अटल सदस्यता अभियान पर्व के तहत उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और लखनऊ बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कार्यकर्ताओं के साथ कैंट विधानसभा की बूथ संख्या 100 पर अभियान चलाकर लोगों को वृहद स्तर पर पार्टी का सदस्य बनाया। अभियान में अन्य स्थानों पर बीजेपी, वरिष्ठ नेता और अवध क्षेत्र सदस्यता अभियान प्रमुख नीरज सिंह, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, महापौर सुषमा खर्कवाल, अंजनी श्रीवास्तव, रजनीश गुप्ता ने भी सदस्यता अभियान टोलियों के साथ बूथ स्तर पर अभियान चलाया।

भाजपा युवा नेता नीरज सिंह ने कैंट विधानसभा क्षेत्र बूथ संख्या 70 पर अखिल भारतीय ब्रह्म समाज की ओर से आयोजित सदस्यता अभियान में और पश्चिम विधानसभा में ग्राम हयात की बूथ संख्या 4 और 5 के क्षेत्रवासियों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। एमएलसी मुकेश शर्मा ने पश्चिम विधानसभा के आचार्य नरेंद्र देव वार्ड की बूथ संख्या 235 पर अंजनी श्रीवास्तव और कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता अभियान चलाया। नीरज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए अभियान में भाजपा अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़कर रिकॉर्ड सदस्य बनाएगी।

अटल सदस्यता अभियान पर्व को संबोधित करते भाजपा नेता नीरज सिंह व महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

- महानगर क्षेत्र में चलाया गया अटल सदस्यता अभियान पर्व

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266
आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक
मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक
रविवार सांय अवकाश

एक नजर

चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर पुलिस ने चोरी की दो वारदात अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पकड़ा है। इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राणा के मुताबिक, 7 सितंबर को माती गांव निवासी गुड्डू ने मोबाइल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चोरों ने इसी रात गांव के सरजू प्रसाद के घर से भी दो मोबाइल फोन चोरी किए थे। बताया पुलिस कर्मियों को आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जांच में पता चला कि गांव निवासी विनोद कुमार और ललित गौतम ने दोनों चोरियां अंजाम दी थीं। इसके आधार पर रविवार को किसान पथ स्थित माती अंडरपास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के तीन मोबाइल बरामद किए। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

गोवंश ने युवक पर किया हमला, गंभीर

अमृत विचार, तालकटोरा : थाना क्षेत्र में गोवंश की टक्कर से साइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। राजाजीपुरम निवासी देवांश त्रिपाठी साइकिल से घर जा रहा था। रास्ते में गोवंश ने दौड़कर हमला कर दिया। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पहले भी हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं। आरोप है कि डेयरी संचालक गोवंश को खुला छोड़ देता है। कई बार मना करने के बाद भी वह सुनवाई नहीं कर रहा है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र का अपहरण कर हत्या का प्रयास

थार और स्कॉर्पियो से 10-12 की संख्या में पहुंचे हमलावरों ने किया हंगामा

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

अमृत विचार : पीजीआई कोतवाली क्षेत्र में सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र का थार व स्कार्पियो से पहुंचे 10 से 12 हमलावरों ने अपहरण कर हत्या का प्रयास किया। लात-घूसों व असलहों की बटों से पीटकर मरणासन्न हालत में फेंक कर आरोपी दो राउंड फायरिंग करते हुए भाग निकले। भीड़ मूक दर्शक बनी रही, मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः प्रतापगढ़ निवासी छात्र राम कृष्ण सिंह सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी कर रहा है। वह वृन्दावन योजना के सेक्टर 18 स्थित सपना एन्क्लेव अपार्टमेंट में रहता है। राम कृष्ण ने बताया परिचित दिव्यांशू पटेल कुछ दिनों से एक लड़की के बारे में उससे पूछताछ कर रहा था। लेकिन जब भी राम कृष्ण नाम पूछता तो नहीं बताता था। पीड़ित छात्र का आरोप है कि शनिवार रात 9 से 11 बजे तक

घायल छात्र

- पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन अपार्टमेंट के सेक्टर 18 का मामला
- पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

दिव्यांशू उसे बार-बार फोन कर नीचे मिलने के लिए बुला रहा था, लेकिन मिलने नहीं पहुंचा। रात 11 बजे राम कृष्ण अपने दोस्त आदित्य सिंह के साथ अपार्टमेंट के बाहर आया। तो वहां थार व स्कॉर्पिया सवार करीब 10 से 12 युवकों के साथ दिव्यांशू खड़ा मिला। पीड़ित का कहना है कि जैसे ही वह दिव्यांशू के पास पहुंचा वह लड़की की बात करते हुए उसे धमकी देने लगा। राम कृष्ण ने कहा कि उसकी कोचिंग में सैकड़ों लड़कियां पढ़ती हैं। जब तक उसे नाम नहीं मालूम होगा। तब तक वह कैसे उसके बारे में जानेगा।

थार गाड़ी चढ़ाकर कुचलने का प्रयास

पीड़ित ने बताया कि जब हमलावर उसे पीट रहे थे, तो वह मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई भी उसे बचाने नहीं आया। राम कृष्ण ने भागने का प्रयास किया तो गिराकर गाड़ी से कुचलने का प्रसास किया गया। इससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने आरोपियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

अपार्टमेंट से कुछ दूरी पर मरणासन्न हालत में फेंका

हमलावर मौके पर भीड़ जुटती देख राम कृष्ण का थार से अपहरण कर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि गाड़ी के अंदर भी आरोपियों ने उसे लात-घूसों और असलहों की बट से जमकर पीटा। इसके बाद खून से लथपथ मरणासन्न हालत में अपार्टमेंट से कुछ दूरी पर फेंक कर आरोपी भाग निकले।

दो राउंड फायर, मौके से खोखा बरामद

हमलावरों ने करीब एक घंटे जमकर हंगामा किया, दो राउंड फायरिंग की। इस बीच, किसी ने भी पुलिस को सूचना देने का साहस नहीं जुटाया। सभी मूक दर्शक बने रहे। घटना स्थल से आरोपियों के भागने के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घटना स्थल से कारतूस का खोखा बरामद कर, घायल को अस्पताल पहुंचाया।

इसी बात पर भड़के दिव्यांशू और उसके साथी राम कृष्ण को पीटने लगे। आदित्य ने बीच बचाव का प्रयास किया तो दिव्यांशू ने फायरिंग कर दी। आदित्य ने भाग कर जान बचाई। इसके बाद आरोपी, राम कृष्ण का थार से अपहरण कर उसे जमकर पीटने के बाद फेंक कर भाग निकले।

युवती को लेकर विवाद की बात आ रही सामने : कार्यवाहक इंस्पेक्टर पीजीआई अमित सिंह का कहना है कि अभी तक की जांच में विवाद का कारण किसी युवती को लेकर विवाद होना सामने आया है। फिलहाल घायल छात्र का मेडिकल करवाकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

वाह री पुलिस... मृत किसान का कर दिया शांतिभंग में चालान

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचार : वाह री पुलिस... कुछ वर्ष पहले मर चुके किसान के घर शांतिभंग की कार्रवाई का समन भेज दिया। इससे परिजन मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। अभी तक पुलिस कर्मियों ने इस लापरवाही को लेकर परिजन से संपर्क भी नहीं किया है। फिलहाल विभाग की फजीहत होती देख मलिहाबाद एसीपी ने मामले की जांच कर दोषी पर विभागीय कार्रवाई की बात कही है।

रहीमाबाद के गहदो निवासी किसान मैकू (65) की वर्ष 2021 में मौत हो गई थी। भाई लेखराम ने बताया कि जीवित रहते समय मैकू का सुरेश से जमीन विवाद चल रहा था। तब सुरेश ने मैकू के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसी बीच मैकू की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। परिजन ने अंतिम संस्कार के बाद मृत्यु-प्रमाण पत्र तक बनवा लिया था। इसके बाद भी 9 जुलाई को रहीमाबाद पुलिस ने मैकू के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुये समन भेज दिया। अधिकारियों के संज्ञान में आने पर रहीमाबाद थाने में हड़कंप है। एसपी मलिहाबाद धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी ने रहीमाबाद प्रभारी निरीक्षक से जवाब तलब किया है। एसीपी का कहना है कि मामले की जांच अन्य अधिकारी से करा रहे हैं। मामले में जिसकी लापरवाही सामने आएगी कार्रवाई की जायेगी। समन सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गई। यह देख लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे है। हालांकि, विभाग की फजीहत होते देख वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच कराने का दावा कर लापरवाह पुलिसकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की बात भी बोल रहे हैं।

- रहीमाबाद थाना पुलिस का मामला, एसीपी ने दिया जांच का आदेश

समन आने के बाद से परिजन परेशान

मृतक मैकू के नाम से समन आने के बाद से परिजन परेशान हैं। उनका कहना है कि इस संबंध में अभी तक थाना पुलिस की तरफ से कोई सूचना नहीं दी गई। परिजन ने इस कार्रवाई से मानसिक प्रताड़ित होने की बात कही है।

जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर के चचेरे भाई ने महिला को धमकाया, मामला दर्ज

अमृत विचार, ठाकुरगंज : ठाकुरगंज कोतवाली में महिला ने एक युवक के खिलाफ धमकाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी मलिहाबाद तिहरे हत्याकांड के मुख्य हत्यारोपी व जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर का चचेरा भाई है। आरोपी पीड़िता की दुकान हड़पने की नीयत से जान से मारने की धमकी दे रहा है।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक, मोहनी पुरवा निवासी सुशीला यादव ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया, घंटाघर तिराहे पर उसकी दुकान है। आरोप है कि दुकान को हड़पने की नीयत से अकील खान अपने बेटे गाजी के साथ मिलकर उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। महिला का कहना है कि 2 मई को आरोपी पिता-पुत्र ने दुकान पर काम करने वाले लव कुश को जान से मारने की धमकी दी थी। इसकी शिकायत अधिकारियों से भी की थी। लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। आरोप है कि अकील खान मलिहाबाद के तिहरा हत्याकांड की मुख्य हत्यारोपी सिराज खान उर्फ लल्लन खान का चचेरा भाई है। आरोपियों के पास अवैध असलहे भी हैं। इंस्पेक्टर का कहना है कि जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

सिविल डिफेंस और पुलिस के त्वरित एक्शन से टला बड़ा हादसा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यहियागंज के घने बाजार में रविवार शाम अचानक एक घर के चौथे तल पर आग लग गई। इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। धुआं निकलते देख आसपास के इलाके में भगदड़ मच गई। भीड़भाड़ वाले संकरे बाजार में जब तक दमकल गाड़ी पहुंचती चीफ सिविल डिफेंस और स्थानीय पुलिस ने गैस सिलेंडर बाहर फिंकवा आग पर काबू पा लिया।

मामला घने बाजार यहियागंज की संकरी गलियों से जुड़ा है। इस घने बाजार में रिहायशी क्षेत्र है। यहियागंज गुरुद्वारे और पुलिस चौकी के बीच बने दिवाकर वाजपेयी के मकान के चौथे तल से धुंआ उठता दिखा। धुआं जब गहराने लगा तो इसकी सूचना दमकल विभाग को दी गई। संकरा क्षेत्र देख मामले की जानकारी सिविल डिफेंस के प्रमुख अमरनाथ मिश्र और यहियागंज के पुलिस चौकी प्रभारी इंद्र बहादुर सिंह को दी गई। मामला गंभीर देख यह दोनों कुछ स्थानीय लोगों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पहले लाइट कटवाई गई और फिर गैस के सिलेंडर को बाहर फिंकवा लोगों की मदद से उस पर पानी डाला गया। पुलिस और सिविल डिफेंस के त्वरित एक्शन से बड़ा हादसा टल गया और किसी भी तरह के जानमाल की हानि नहीं होने पाई।

- घने संकरे यहियागंज बाजार स्थित एक आवास के चौथे तल पर लगी आग पर पाया काबू

गैस सिलेंडर को हटाते सिविल डिफेंस के प्रमुख अमरनाथ मिश्र और यहियागंज के पुलिस चौकी प्रभारी इंद्र बहादुर सिंह।

छात्रों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ विश्वविद्यालय के हैं छात्र, जानकीपुरम क्षेत्र की घटना

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच मारपीट का एक वीडियो सामने आया है। इसमें तीन छात्रों के सिर पर चोट आई है। घायलों का कहना है सर बोलने और सिर झुकाकर नमस्ते करने के लिए आरोपी मजबूर कर रहे थे, पुलिस से शिकायत करने पर हमला किया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, घटना जानकीपुरम थाना क्षेत्र की है। न्यू कैंपस में अकुंश यादव, नितिन उपध्याय और शेख बिलाल बीटेक फाइनल ईयर के छात्र हैं। तीनों किराए के कमरे में रहते हैं। शनिवार रात 12.30 बजे चाय पीने जा रहे थे। रास्ते में कॉलेज से पास आउट तीन आरोपी सफारी से आए और रोक लिया। सीनियरों का सम्मान करने की बात कही। उनकी बातों को नजर अंदाज कर तीनों छात्र आगे बढ़ने लगे। इससे गुस्साए आरोपियों ने गाड़ी से डंडा और राड निकालकर हमला कर दिया। इससे नितिन उपाध्याय और शेख बिलाल का सिर फट गया है। जबकि अंकुश के चेहरे पर चोट आई है। पूरी घटना एक दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित पक्ष से मिले प्रार्थना-पत्र के आधार पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

बजाज शोरूम के द्वितीय तल पर लगी आग, तीन बाइकें जलीं

संवाददाता, ठाकुरगंज

अमृत विचार : ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में रविवार को बजाज शोरूम के द्वितीय तल पर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कर्मचारियों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। घटना में जनहानि नहीं हुई है, लेकिन तीन बाइकें जल गईं।

मुख्य शमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार के मुताबिक, दोपहर करीब 12:17 बजे बालागंज स्थित बजाज शोरूम के द्वितीय तल पर आग लगने की सूचना मिली। चौक व हजरतगंज फायर स्टेशन से तीन गाड़ियों से दमकल कर्मी पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि आग मम्टी में रखे हुए ऑयल के डिब्बों में लगी थी। जिसने विकराल रूप धारण कर लिया था। डिब्बों का ऑयल बहकर जीने पर फैल गया। इससे ऊपर जाना कठिन हो गया था। दमकल कर्मियों ने जीने पर गत्ते और बोरी के टुकड़े डालकर रास्ता बनाते हुए धुएं के बीच रेस्क्यू किया। इसके अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से आग पर काबू पाया। सीएफओ का कहना है कि प्रथम दृष्टया में फ्रिज में शॉर्ट सर्किट से आग लगी।

दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

गैस रीफिलिंग करते समय वैन में लगी आग, भगदड़

अमृत विचार, मलिहाबाद : थाना क्षेत्र के ग्राम घोला चौराहे पर रामबाबू की दुकान पर में अवैध तरीके से गैस रीफिलिंग का कार्य होता है। यहां केवलहार निवासी अबरार रविवार को वैन में गैस भरा रहा था। इसी दौरान आग लग गयी। इससे वैन आग का गोला बन गयी। इससे आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। फिलहाल दुकानदार ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक वैन पूरी तरह जल चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से यहां पर गैस रीफिलिंग की जा रही है। जिम्मेदार भी कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

पेशी से फरार कैदी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज पुलिस ने कचहरी में पेशी से फरार कैदी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जिला जेल से पेशी के लिए एसीजेएम कोर्ट आया था। पेशी के बाद लॉकअप की तरफ जाते समय भाग निकला था।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि रविवार को अयोध्या रोड के पास से बस्ती निवासी राजकुमार कनौजिया को गिरफ्तार किया गया। 27 अगस्त को सिपाही विपिन पाण्डेय व देवेश कुमार राजकुमार को पेशी पर लेकर कोर्ट आए थे। पेशी के बाद सिपाही राजकुमार को लॉकअप की तरफ ले जा रहा था। तभी बंदी, सिपाहियों का हाथ झटक कर भाग गया था। इंस्पेक्टर ने बताया कि सर्विलांस की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रैक करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है।

बेकाबू बाइक डिवाइडर से टकराई पति की मौत, पत्नी- बेटा गंभीर

संवाददाता, निगोहां

- तेज रफ्तार में होने के कारण हुआ हादसा, निगोहां का मामला

अमृत विचार : निगोहां थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई, वहीं पत्नी व बेटा घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

पुलिस के मुताबिक, खुर्रमनगर निवासी अफाक अहमद (50) पत्नी शबीना व बेटे मो. अरबाब के साथ रविवार को रायबरेली स्थित ससुराल से बाइक से घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 4 बजे वह निगोहां के लालपुर पहुंचे थे। तभी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों लोग गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने घायलों को मोहनलालगंज सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टर ने अफाक को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शबीना व मो. अरबाब को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक बाइक पर तीन लोग सवार होने से गाड़ी बेकाबू हुई। बाइक पर तीन लोग न होते तो शायद इतना बड़ा हादसा टल सकता था।

युवक का फंदे से लटका मिला शव, हत्या की आशंका

अमृत विचार, गोसाईगंज : गोसाईंगंज कोतवाली क्षेत्र में मवेशी चराने गये युवक का शव संदिग्ध हालात में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजन ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्रथम दृष्टया आत्महत्या बताई है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

पुलिस के मुताबिक, बेरियामऊ निवासी कौशल 7 सितंबर की दोपहर घर से निकला था। उस समय वह नशे में धुत था। इसके कुछ देर बाद घर लौट कर दोबारा शराब पीकर चला गया। शाम को मवेशी घर आ गये, लेकिन वह नहीं आया। परिजन ने तलाश शुरू की। उसका नंबर मिला तो मोबाइल की कुछ दूरी पर घंटी बजते सुनाई दी। उसका मोबाइल जियालाल के बाग में चिलवल के पेड़ पर फंदे से लटका मिला।

ठाकुरगंज के निजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत, हंगामा

ठाकुरगंज संवाददाता

अमृत विचार : ठाकुरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मंजू टंडन ढाल पर रविवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती मरीज सतीश (40) की मौत हो गई। मरीज के परिजन ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजन को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

मूल रूप से हरदोई के भरावन निवासी रजनीश ने बताया कि भाई सतीश कस्बे में पेंटिंग का काम करता था। भाई को गुर्दों में पथरी की समस्या थी। स्थानीय डॉक्टर की सलाह पर रविवार शाम करीब 4:00 बजे वह अपने भाई को मंजू टंडन ढाल स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करने पहुंचे थे। डॉक्टर ने सतीश की हालत को देख उसे अस्पताल में भर्ती कर लिया और उसका इलाज शुरू कर दिया। रात 11:30 बजे सतीश की इलाज के दौरान मौत हो गई। भाई रजनीश का आरोप है कि डॉक्टर ने इलाज में लापरवाही बरती। जिस वजह से सतीश की मौत हो गई इसको लेकर अस्पताल में मौजूद तीमारदार हंगामा करने लगे। मामला बढ़ता देख पैरामेडिकल स्टाफ ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया लोगों को समझा कर शांत कराया गया है। इसके बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

सार-संक्षेप

सआदतगंज कोतवाली पुलिस ने आरोपी पर दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार, ठाकुरगंज : सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र में बीते शनिवार को साइड मांगने के विवाद में स्कूटी सवार युवक ने अधिवक्ता की पिटाई कर मुंह पर लात मार दी। अधिवक्ता लहूलुहान होकर गिर गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह के मुताबिक, अंसार नगर निवासी अधिवक्ता मो. नदीम अंसारी ने दिए प्रार्थना-पत्र में बताया शनिवार को बाइक से कचहरी जा रहे थे। काली मंदिर लकड़मंडी के पास सड़क पर जाम से बाइक किनारे कर खड़े हो गए। इसी बीच, स्कूटी सवार युवक ने साइड मांगने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। अधिवक्ता के विरोध करने पर युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। इसके बाद मुंह पर लात मार दी, जिससे मुंह से खून निकलने लगा। शोर मचाने पर स्कूटी सवार जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया स्कूटी सवार की पहचान कराई जा रही है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

झाड़ियों में मिली बच्ची को आसरे की दरकार

अमृत विचार, ठाकुरगंज : झाड़ियों में मिली 12 दिनों की लावारिस बच्ची इधर- उधर रेफर की जा रही है। बाजार खाला अंतर्गत राजकीय बाल गृह (शिशु) प्रयागनारायण रोड की अधीक्षिका ने बच्ची को शिशु गृह में रखने के बाल कल्याण समिति/न्यायपीठ बाराबंकी के आदेश को नजरअंदाज कर दिया। मामला बाराबंकी जिले का है। 26 अगस्त को एक बच्ची हैदरगढ़ थाना अन्तर्गत टीकाराम मंदिर के पास झाड़ियों में मिली थी। बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया गया था। जहां से बाराबंकी जिला अस्पताल में भेजा गया। वहां से डॉक्टर ने बच्ची को राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। 11 दिन तक बच्ची यहां भर्ती रही। ठीक होने पर सीडब्ल्यूसी बाराबंकी के अफसरों ने बच्ची को राजकीय बाल ग्रह में आश्रय देने का आदेश दिया था। इसे मानने से अधीक्षिका ने इंकार कर दिया है। चाइल्ड लाइन सदस्यों के अनुसार, डीपीओ लखनऊ विकास सिंह से बात की तो उन्होंने मदद करने से मना कर दिया। जबकि आसरा न मिलने से बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। जिसे देख आनन-फानन में चाइल्ड लाइन बाराबंकी समन्वयक मनोज कुमार ने बच्ची को वीरांगना झलकारी बाई अस्पताल में भर्ती कराया। बाराबंकी की डीपीओ डॉ. पल्लवी सिंह निरीक्षण पर पहुंचीं। मामले में उपनिदेशक प्रवीण त्रिपाठी के प्रयास से न्यायपीठ सदस्य राजेश शुक्ला ने शिशु गृह के डॉ. सुदर्शन से बात की। उन्होंने कहा कि मैंने सिर्फ यह कहा था कि बच्चे का वजन कम है, न कि भर्ती करने से मना किया गया है।

महिला से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई पुलिस ने पति को नशीला पदार्थ देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने दिये प्रार्थना-पत्र में बताया था कि पति के साथ 3 सितंबर को लखनऊ आई थी। दोनों तेलीबाग के शनि मंदिर के पास रुके थे। शुक्रवार रात अवनीश सिंह और मुकेश उर्फ रिक्की ने कुछ देर महिला के साथ पति से बात की। फिर नशीला पदार्थ खिला कर महिला से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर भाग निकले। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी रायबरेली निवासी अवनीश सिंह और मुकेश को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

ई-रिक्शा चालक का हत्या आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक की हत्या के आरोपी को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार रात विवाद के बाद आरोपी सुफियान ने कैंची से गोदकर ओमवीर की हत्या कर दी थी। पिता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना अंतर्गत रहीम नगर डूडौली निवासी ओमवीर (25) और सुफियान कबाड़ का काम करते थे। शुक्रवार देर रात दोनों में पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान सुफियान ने ओमवीर पर कैंची से हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी भाग निकला था। परिजनों ने पुलिस की मदद से ओमवीर को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां ओमवीर की मौत हो गई। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच कैरियर मेडिकल कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान महमूदाबाद, जिला सीतापुर निवासी मो. सुफियान (20) के रूप में हुई। आरोपी शहर छोड़कर भागने की तैयारी में था। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल कैंची बरामद की है।

शहर में चल रही हैं डेयरी, लेकिन कागजों पर 990 बाहर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : यूं तो शहर में अब तक नगर निगम का कैटल कैचिंग दस्ता कागजों पर 990 डेयरी हटा चुका है, लेकिन इनमें से अधिकांश फिर से रिहायशी क्षेत्रों में खुलेआम चलने लगी हैं। वजह कुछ और नहीं डेयरी संचालकों की दबंगई है जो कैटल कैचिंग दस्ते से मारपीट और पथराव कर मवेशी छुड़ा ले जाते हैं और उन्हें फिर से शहर के बीचोबीच चलाना शुरू कर देते हैं। सड़कों पर दौड़ते मवेशियों से लोग चोटिल हो रहे हैं। डेयरी संचालन के लिए लगभग 12,000 पशुओं की क्षमता वाले बालागंज और तकरोही में एलडीए ने दिया। 2019 से 2021 के बीच इन्हें शिफ्ट भी किया जा चुका है।

- दबंगों के आगे कागजों पर हटतीं डेयरी, कैटल कैचिंग दस्ता हो जाता है पस्त
- तकरोही और बालागंज में कैटल कालोनी में शिफ्ट कर चुका है नगर निगम
- एलडीए ने लगभग 12,000 पशुओं की क्षमता वाली डेयरी विकसित की थी

गौर करने की बात यह है कि अवैध डेयरी को लेकर उच्च न्यायालय ने वर्ष 2000 में आदेश दिया था कि पुलिस-प्रशासन इन्हें दोबारा स्थापित न होने दें। इसके बाद भी शहर में डेयरी संचालित हो रही हैं। इन डेयरी में दूध निकाल कर पशुओं को छोड़ देने से आमजन के लिए सड़क पर चलना तक मुहाल हो चुका है।

डेयरी संचालक टीम से करते हैं अभद्रता और मारपीट

डेयरी हटाने के दौरान दबंग डेयरी संचालक नगर निगम की टीम से अभद्रता कर मारपीट पर उतर आते हैं। कई बार कैटल कैचिंग दस्ते से मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। शुक्रवार को शंकरपुरवा प्रथम वार्ड से सपा पार्षद नमिता यादव के पति व पूर्व पार्षद पंकज यादव ने गुडम्बा थाना क्षेत्र में पशु पकड़ने गई टीम के कर्मचारियों के साथ मारपीट की और मवेशियों को गाड़ी से उतरवा लिया। इससे पहले भी नगर निगम की टीम के साथ पीजीआई के मवैया, आशियाना, पारा आदि क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। खजुहा क्षेत्र में एक किशोरी और उसे बचाने गए युवक को गंभीर रूप से चोटिल करने वाले गाय को पालने वाले पशुपालक पर प्राथमिकी दर्ज कराने की बात भी हवा में रह गई। दावों के बाद भी प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

डेयरी से बहाते हैं गोबर, नालियां हो जाती हैं चोक

शहर में घनी आबादी के बीच गलियों में अवैध तरीके से संचालित डेयरी से गोबर सड़क और नालियों में बहाया जाता है। जिससे नालियां चोक हो जाती हैं वहीं क्षेत्र में गंदगी भी बनी रहती है। दूध निकालने के बाद डेयरी संचालक जानवर खुले छोड़ देते हैं। क्षेत्रीय निवासियों की शिकायत पर नगर निगम का कैटल कैचिंग दस्ता जब डेयरी हटाने जाता है तो संचालकों के भारी विरोध का सामना करना पड़ता है। डेयरी हटाने के बाद नगर निगम के अधिकारी संबंधित थाने को इस आशय का पत्र भी देते हैं कि डेयरी दोबारा संचालित न हो पाए। ऐशबाग स्थित रामनगर में तो बाकायदा खुलेआम डेयरी चल रही है। कई शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई।

> शहर से लगभग 990 डेयरी नगर निगम ने 2019 से 2021 के बीच एलडीए की बालागंज और तकरोही में बनाई गयी कैटल कैचिंग कालोनी में विस्थापित कर दी थीं। इनमें से ज्यादातर डेयरी फिर स्थापित हो गईं। जबकि न्यायालय का आदेश है कि पुलिस-प्रशासन दोबारा अवैध डेयरी स्थापित न होने दें।
>
> -डॉ अभिनव वर्मा, पशु कल्याण अधिकारी, लखनऊ नगर निगम

शिव नगर खदरा में सार्वजनिक स्थल पर बंधीं गाय। अमृत विचार

एक नजर

अंशुल के खेल से ब्रायन क्लब बना चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : अंशुल के खेल से ब्रायन क्लब ने यूनिटी क्लब को 2-0 गोलों से हराकार फुटबाल लीग का चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। ला मार्टिनियर कॉलेज के पोलो ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले के बाद खिलाड़ियों को छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने पुरस्कार वितरण किया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने एक-दूसरे ताबड़तोड़ हमले किये। पहले ही हाफ में ब्रायन क्लब ने शानदार मूव तैयार किए। ब्रायन के स्टार स्ट्राइकर अंशुल ने पहले ही हाफ में दो गोल मारकर अपनी टीम 2-0 से बढ़त दिला दी थी। यह बढ़त अंत तक कायम रही। अंशुल ने खेल के 12वें मिनट में यूनिटी की पूरी रक्षापंक्ति को छकाते हुए गोल किया और टीम को 1-0 से आगे कर दिया था। 7 मिनट बाद अंशुल ने एक बार फिर मध्य क्षेत्र से गेंद ले जाकर गोल मारा। इस गोल से ब्रायन ने 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। यूनिटी के खिलाड़ियों ने खेल में वापसी के लिए खासे प्रयास किये, लेकिन ब्रायन के डिफेंडरों ने उन्हें कामयाब नहीं होने दिया।

एकेटीयू में आज से लगेंगे चौके-छक्के

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 25 वर्ष पूरा होने पर रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 21 सितंबर के बीच होगा। विवि के प्रवक्ता डॉ. पवन कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता में क्रिकेट, एथलेटिक, बैडमिंटन, वालीबॉल, टेबिल टेनिस, कैरम, शतरंज के खेल होंगे। इसमें कुलपति एकादश, कुलसचिव एकादश, वित्त अधिकारी एकादश, परीक्षा नियंत्रक एकादश, आईईटी एकादश, एफओएपी एकादश, कैश एकादश, डीन एकादश, फार्मा एकादश, मैनेजमेंट एकादश की टीमें होंगी। सभी टीमों के अलग-अलग संयोजक भी बनाये गये हैं।

लखनऊ फॉल्कन्स को प्लेऑफ का टिकट

यूपी टी-20 लीग में लखनऊ फॉल्कन्स ने मेरठ मावरिक्स को सात विकेट से दी करारी मात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इकाना स्टेडियम में शाम को खेले गए यूपी टी 20 लीग के दूसरे मुकाबले में लखनऊ फॉल्कन्स ने मेरठ मावरिक्स को सात विकेट से करारी मात दी।

लीग में दूसरे पायदान पर रहते हुए मेजबान लखनऊ फाल्कन्स ने प्लेऑफ का टिकट हासिल कर लिया। हार के बावजूद मेरठ की टीम ने अंक तालिका में टॉप पर है। गत विजेता काशी रुद्रास ने तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया। सोमवार को कानपुर सुपरस्टार्स और गोरखपुर लॉयंस के बीच मुक़ाबला होना है। इसमें विजेता टीम को प्लेऑफ का टिकट मिलेगा।

आज देर शाम खेले गए मुकाबले में मेरठ ने दोनों सलामी बल्लेबाज मात्र छह रन पर खो दिए। मेरठ की टीम आठ विकेट खोकर 122 रन बना सकी। मध्यक्रम से रितुराज और निचले क्रम से यश गर्ग ने 29-29 रन का योगदान दिया। लखनऊ से नवनीत, पर्व सिंह, विप्रज निगम और अक्षु बाजवा ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में लखनऊ के लिए पार्थ और समर्थ ने ठोस शुरुआत की और 39 रन जोड़े। पार्थ 19 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान प्रियम गर्ग सात रन ही बना सके। प्रशांत यादव की गेंद पर प्रियम ने एक आसान कैच माधव कौशिक को दे दिया। इसके बाद कृतज्ञ ने समर्थ के साथ पारी को संभाला और स्कोर को 92 रनों तक ले गए। कृतज्ञ ने 29 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 35 रन बनाए। दूसरे छोर पर डटे समर्थ सिंह ने 37 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। लखनऊ ने 17.3 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

आतिशी पारी खेलने वाले लखनऊ के समर्थ।

कर्ण की आतिशी बल्लेबाजी से काशी रुद्रास की बड़ी जीत

बल्लेबाजी करते कर्ण।

अमृत विचार, लखनऊ : कर्ण शर्मा की 69 रनों की आतिशी बल्लेबाजी और गेंदबाजों के किफायती और शानदार प्रदर्शन के बलबूते काशी रुद्रास ने यूपी टी20 लीग के मुकाबले में बड़ी जीत दर्ज की। काशी रुद्रास की यह 10वें मैच में पांचवीं जीत है। रविवार को काशी रुद्रास ने नोएडा सुपर किंग्स को 79 रनों के अंतर से पराजित किया। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए काशी रुद्रास ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर 167 रन बनाए। काशी रुद्रा के कप्तान कर्ण शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 67 रनों की पारी खेली। उन्होंने 53 गेंदों का सामना किया और पांच चौके एवं तीन छक्के लगाए। प्रिंस यादव रहे ने 35 गेंदों पर 36 रनों का पारी खेली। इन्हीं दोनों बल्लेबाजों के दम पर काशी रुद्रास ने 167 रनों का आंकड़ा बोर्ड पर टांगा। अन्य बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाए। यशोवर्धन सिंह ने 12 और शिवम मावी ने नाबाद 18 बनाये। नोएडा के गेंदबाज बॉबी यादव ने उम्दा गेंदबाजी करते हुए 40 रन देकर तीन विकेट लिए। शुएब ने दो और कुनाल त्यागी ने एक विकेट लिया।

कराटे खिलाड़ियों के जज्बे से मलेशियाई प्रशिक्षक हतप्रभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ दो दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

अमृत विचार : न तो इंफ्रा स्ट्रक्चर है, न ही कराटे के लिए पर्याप्त प्रशिक्षक। इसके बावजूद कराटे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन कर पदक जीत रहे हैं। उत्तर प्रदेश कराटे खिलाड़ियों के जोश और जुनून को देख मलिशयाई प्रशिक्षक सेंसेई उमा भी हतप्रभ हैं। मोती नगर स्थित महाराजा अग्रसेन कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान उन्होंने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण की एडवांस तकनीक की जानकारी दी। कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हो गया।

शिविर में दूसरे दिन मलेशियाई कोच सेंसेई उमा ने ट्रेनिंग देने के बाद खिलाड़ियों को कुमिते (फाइट) के दौरान होने वाले मानसिक दबाव का सामना करने के टिप्स दिये। उन्होंने इसके साथ ही काता काम्बिनेशन में फोकस कैसे बेहतर करें, इसके बारे में जानकारी दी। विशेष प्रशिक्षण शिविर का समापन मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद राजू गांधी और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी संजय बंसल ने किया। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के अध्यक्ष टीपी हवेलिया ने बताया कि इस शिविर में उत्तर प्रदेश के 60 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया और अपनी तकनीक को निखारा। अंत में एसोसिएशन के महासचिव जसपाल सिंह ने आभार जताते हुए सेंसेई उमा की सराहना की। उन्होंने अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकाल कर यूपी के कराटे खिलाड़ियों के हुनर को निखारने में अपना बहुमूल्य योगदान किया।

शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षक और अन्य। अमृत विचार

बाल निकुंज मोहिबुल्लापुर की टीम जीतीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेज की ओर से खेले जा रहे शिवसहाय क्रिकेट टूर्नामेंट में सीनियर के दो ग्रुपों के बीच फाइनल मैच रविवार को खेला गया। बीकेटी इंटर कॉलेज मैदान पर खेले गए मैच में बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर ने बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन छावनी को हरा दिया।

बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर के 88 रनों के जवाब में पलटन छावनी की टीम 56 रन ही बना सकी। मैन ऑफ द मैच का खिताब विजेता टीम के ऑलराउंडर मोहम्मद जीशान को मिला। जिन्होंने 31 रन बनाए और 4 विकेट भी लिये। दो ग्रुपों में खेले गए एक अन्य फाइनल में बाल निकुंज मोहिबुल्लापुर ने बाल निकुंज विद्यालय बेलीगारद को हराया। बाल निकुंज मोहिबुल्लापुर के 117 रनों के जवाब में बेलीगारद अलीगंज की टीम 52 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच विजेता टीम के बल्लेबाज विकास कुमार को मिला, जिन्होंने तीन छक्के और दो चौकों की मदद से 35 रन बनाए। दोनों टीमों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

पुरुष 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल में स्वर्ण जीतने वाली लखनऊ की टीम। अमृत विचार

लखनऊ जोन की अनामिका को मिली स्वर्णिम सफलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ जोन की अनामिका साहनी व प्रयागराज जोन की मुस्कान पटेल ने 62वीं यूपी पुलिस वार्षिक तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अपना तीसरा स्वर्ण जीता। 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर स्थित शहीद भगत सिंह तरणताल में आयोजित प्रतियोगिता में अनामिका साहनी ने महिला 1500 मी. फ्री स्टाइल में और मुस्कान पटेल ने महिला 200 मी.बैक स्ट्रोक में स्वर्ण जीते।

दूसरी ओर प्रयागराज जोन की वंदना साहनी व लखनऊ जोन के अवध नरेश यादव ने भी आज स्वर्ण जीते।

लखनऊ जोन की अनामिका साहनी। अमृत विचार

▸▸ 62वीं यूपी पुलिस वार्षिक तैराकी एवं क्रासकंट्री प्रतियोगिता

तीसरे दिन के मुकाबलों में महिला 1500 मीटर फ्री स्टाइल में लखनऊ जोन की अनामिका साहनी ने स्वर्ण जीता। महिला 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में मेरठ जोन की रिया वर्मा ने स्वर्ण, वाराणसी जोन की दिव्यानी निषाद ने रजत व गोरखपुर जोन की शिवांगी श्रीवास्तव ने रजत पदक जीता। महिला 100 मीटर बटर फ्लाई में प्रयागराज की वंदना साहनी ने स्वर्ण जीता। महिला 200 मीटर बैक स्ट्रोक में प्रयागराज जोन की मुस्कान पटेल ने स्वर्ण व नैन्सी पटेल ने रजत पदक जीता। पुरुष 100 मीटर बटर फ्लाई में लखनऊ जोन के सूरज चौहान ने स्वर्ण, मेरठ जोन के चरणजीत ने रजत व पीएसी पूर्वी जोन के सूरजकांत ने कांस्य पदक जीता। पुरुष 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में मेरठ जोन के रोहित शर्मा ने स्वर्ण, लखनऊ जोन के सूरज चौहान ने रजत व वाराणसी जोन के दीपक निषाद ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 200 मीटर बैक स्ट्रोक में लखनऊ जोन के अवध नरेश यादव ने स्वर्ण, गोरखपुर जोन के दुर्गेश शर्मा ने रजत व पीएसी पूर्वी जोन के वीरेंद्र सिंह ने कांस्य पदक जीता।

पुरुष 4 गुणा 100 मीटर फ्री स्टाइल में लखनऊ जोन ने स्वर्ण, मेरठ जोन ने रजत व पीएसी पूर्वी जोन ने कांस्य पदक जीता।

अभिनन्दन ग्रंथ लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊः 'बैसवारा अंचल के प्रति एक कहावत है कि यहां कविता की खेती होती है'। यह बात समारोह के अध्यक्ष प्रो. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने ई. सुनील कुमार वाजपेयी के षष्ठि पूर्ति समारोह में कही। उन्होंने कहा कि काव्य का वरदान उन्हें अपने परिवेश व अनुवांशिकी से मिला है। यद्यपि वह अब लखनऊवासी हो गये हैं। उप्र हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में आयोजित इस समारोह में सुनील कुमार वाजपेयी के व्यक्तित्व पर आधारित अभिनन्दन ग्रंथ 'जीवन पथ पर चलते-चलते' का लोकार्पण भी किया गया। ई. सुनील कुमार वाजपेयी की षष्ठि पूर्ति पर उनका एवं उनकी धर्मपत्नी नीलू वाजपेयी का समिति द्वारा सम्मान किया गया।

अध्यक्ष नागेन्द्र व वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने आनंद कुमार

अमृत विचार, लखनऊ : शिक्षा भवन स्थित कार्यालय वित्त एवं लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा में राजकीय वित्त एवं लेखा (शिक्षा) कर्मचारी एसोसिएशन का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष नागेन्द्र भूषण पांडेय चुने गए। वहीं प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद कुमार शर्मा चुने गए। जबकि प्रांतीय महामंत्री विशाल कुमार उपाध्याय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता चुने गए। इस सम्मेलन में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष आर के निगम भी उपस्थित रहे।

टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट : बारिश ने धोया मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विधायक डॉ.नीरज बोरा ने किया 23वेंआदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

अमृत विचार : वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान की देखरेख में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वें आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत एलडीए स्टेडियम अलीगंज में रविवार को हुई। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्तर विधानसभा विधायक डॉ.नीरज बोरा ने प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और टूर्नामेंट की चमचमाती ट्रॉफी का अनावरण किया। साथ ही सभी टीमों को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को प्रोत्साहित किया।

आज समारोह में अति विशिष्ट अतिथि विराज सागर दास गुप्ता (अध्यक्ष, बीबीडी ग्रुप) सहित विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद पृथ्वी गुप्ता सहित पार्षद मान सिंह, स्वदेश सिंह, प्रमोद सिंह राजन, सुरेंद्र वाल्मीकि, पार्षद प्रतिनिधि सुनील शंखधर सहित महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

इस अवसर पर वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि, टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक बृजेश चौधरी, आयोजन समिति के अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी व महामंत्री आशीष घावरी की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। आयोजन समिति के अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी ने बताया कि पहले दिन लवकुश नगर गौरी वारियर्स बनाम पीएमसी स्पोर्ट्स क्लब के बीच खेला जाने वाला उद्घाटन मैच बारिश के चलते नहीं हो सका। अब यह मैच 9 सितंबर को एलडीए स्टेडियम अलीगंज में ही खेला जाएगा।

उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट के 23वें संस्करण में लखनऊ के अलावा गोंडा, बहराईच, फतेहपुर व बाराबंकी जिलों की भी टीमें भाग ले रही है। इस टूर्नामेंट में आईपीएल की तर्ज पर रंगीन ड्रेस में टेनिस बॉल से टीमों के बीच 10-10 ओवर के मैच खेले जाएंगे।

प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर विधायक डॉ.नीरज बोरा और अन्य। अमृत विचार

निशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ द मदद सहयोग गाइडेंस संस्था के सहयोग से हुआ मेडिकल कैंप का आयोजन

अमृत विचारः द मदद सहयोग गाइडेंस संस्था की तरफ से मिनी इंडोर स्टेडियम बैडमिंटन हॉल राजाजीपुरम में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैंप में लगभग 200 लोगों को मुफ्त दवा दी गई साथ ही उनका चेकअप भी किया गया। द मदद सहयोग गाइडेंस की ओर से अब तक मेडिकल कैंपों के द्वारा 13563 से ज्यादा लोगों को फायदा पहुंचाया जा चुका है।

मेडिकल कैम्प में बतौर मुख्य मुख्य अथिति डॉ. ऋषिका गुप्ता केजीएमयू, गौरी सांवरिया पार्षद राजाजी पुरम, शिवपाल सांवरिया पूर्व पार्षद राजाजीपुरम मौजूद रहे। सनराइज ताइक्वांडो एकेडमी ने इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में सहयोग किया। डॉक्टरों की टीम में डॉ. मोहम्मद जैद, डॉ. मोहम्मद अशरफ, डॉ. मारिया परवीन, डॉ. जोया जमील, डॉ. रोजी जमील, मौजूद रहीं। वहीं फाउंडेशन की टीम मे मोहम्मद आलम अध्यक्ष द एमएसजी फाउंडेशन, अतहर हुसैन, मोहम्मद जमन, इमरान अली, और फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

भारत-बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः अखिल भारत हिन्दू महासभा त्रिदंडी ने रविवार को जीपीओ हजरतगंज में राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद वहां हिन्दुओं के साथ हुए अत्याचार व हिन्दू धार्मिक स्थलों में हुई तोड़फोड़ के बावजूद भारत में होने जा रही आगामी भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट व टी20 सीरीज रद्द करने की मांग को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी व राष्ट्रीय प्रवक्ता शिशिर चतुर्वेदी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता जुटे और भारत-बांग्लादेश क्रिकेट सीरीज को रद्द करने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बीते दिनों बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद वहां की अल्पसंख्यक हिन्दुओं को निशाने पर लिया जा रहा है।

विरोध मार्च निकालते अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य।

'जीवन के स्वर' की प्रतियां की गईं वितरित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः हिन्दी तभी ग्राह्य हो सकेगी जब हिन्दी में विज्ञान, चिकित्सा-अनुसंधान और न्यायिक कार्य शुरू होंगे। वक्ताओं ने यह रविवार को अ-मोक्ष साधना केंद्र राजनिकेतन वृन्दावन योजना में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर जीवन के स्वर की प्रतियां वितरित की गई।

आयोजन के मुख्य अतिथि उप्र राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान से निकलने वाली त्रैमासिक पत्रिका अपरिहार्य के पूर्व सम्पादक अनन्त प्रकाश तिवारी रहे। समारोह की अध्यक्षता गोपाल कुंज ने की। समारोह में पूर्व न्यायाधीश आरपी द्विवेदी, पूर्व न्यायाधीश एसके विश्वकर्मा के साथ ही इं. जटाशंकर, अधिवक्ता विनय शंकर पाण्डेय, पूर्व वायु सेना अधिकारी केएस मिश्र उपस्थित रहे। इस अवसर पर अ-मोक्ष साधना केन्द्र के संस्थापक शिवशंकर द्विवेदी ने अपनी कविता संग्रह जीवन के स्वर में बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। अ-मोक्ष साधना केंद्र के महा प्रबन्धक कुसुम लता द्विवेदी ने जीवन के स्वर की प्रतियां उपस्थित सदस्यों को भेंट स्वरूप देकर हिन्दी के प्रति अ-मोक्ष साधना के प्रयासों को रेखांकित करने का प्रयास किया।

सामाजिक कार्यों में योगदान देने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः संस्कृति विभाग के सहयोग से आस्था फाउंडेशन की ओर से शक्ति सम्मान और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कनक भाई सभागार गांधी भवन में किया गया। आस्था फाउंडेशन की सचिव अनिता वर्मा ने बताया कि यह सम्मान समाज की उन विभूतियों को दिया जा रहा है जिन्होंने अपने कार्य क्षेत्र में सफलता प्राप्त की है और साथ ही सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम में वैरियशन डांस ग्रुप की ओर से कथक नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें रत्ना ओझा, सीमा सोनी व मोनिका सरीन ने लोगों को मनमुग्ध किया। संस्था ने सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए रेखा सिंह, डॉ. शैली श्रीवास्तव, डॉ. मनीषा मिश्रा, गुजंन जैन, डॉ. पूनम मिश्रा, नीशू त्यागी, मेहजबी परवीन, अर्चना पांडे, रत्ना दुबे, शम्स हैदर नकवी, अजय द्विवेदी, संतोष राय, प्रभात बोस, अनिल त्रिपाठी, गायत्री जोशी, नीमिषा सोनकर और सुनीता पांडे को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सलोन विधायक अशोक कुमार, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, संदीप शाही, अरविंद मिश्रा और डॉ. अशोक नागर उपस्थित रहे।

सम्मानित होने वाले डॉ.अनिल रस्तोगी, संदीप शाही, अनुपम बिसारिया व अन्य।

चत्वारि राज्ञा तु महाबलेना वर्ज्यान्याहु : पण्डितस्तानि विद्यात् ।
अल्पप्रज्ञै : सह मन्त्रं न कुर्यात दीर्घसुत्रै रभसैश्चारणैश्च ॥

अल्प बुद्धि वाले, देरी से कार्य करने वाले, जल्दबाजी करने वाले और चाटुकार लोगों के साथ गुप्त विचार-विमर्श नहीं करना चाहिए । राजा को ऐसे लोगों को पहचानकर उनका परित्याग कर देना चाहिए।

संपादकीय

विश्वास का माहौल बने

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में शांति बहाली के प्रयास सफल नहीं हो पा रहे हैं। मणिपुर में एक साल से ज्यादा समय से हिंसा जारी है। अब प्रदेश के जिरीबाम इलाके में फिर से हिंसा भड़क गई। सप्ताह की शुरुआत में इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर लोगों पर बम गिराने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। पिछले पांच दिनों में राज्य में हिंसा की घटनाओं में सात लोगों की मौत हुई है। हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले साल मई से मणिपुर में जारी जातीय संघर्षों में ड्रोन का इस्तेमाल नया था। सीमांत क्षेत्रों में ड्रोन रोधी प्रणाली तैनात की है।

मणिपुर के पहाड़ी क्षेत्रों में नगा समुदाय और मैदानी भागों में मैतेयी समुदाय निवास करता है। मैतेयी समुदाय अधिक विकसित है और राजनीतिक धरातल पर भी उसकी पकड़ अच्छी है। मणिपुर में इन दोनों समुदायों के लोगों के बीच तनाव का लंबा इतिहास रहा है। मणिपुर की 53 प्रतिशत आबादी मैतेई है, जिनके पूर्वज म्यांमार और आसपास से आने के बावजूद यहां का मूल निवासी होने का दावा करते हैं। इनका बड़ा हिस्सा हिंदू धर्म के प्रति आस्थावान है। लगभग 16 प्रतिशत मैतेई पारंपरिक सनमाही धर्म का पालन करते हैं। इनमें 8 फीसद वो लोग भी हैं, जो इस्लाम धर्म को मानते हैं। 1.6 प्रतिशत मैतेई ईसाई भी हैं।

मणिपुर में जारी हिंसा ने लंबे समय से चली आ रही शिकायतों और दरारों को उजागर किया है जो दशकों से इस क्षेत्र को परेशान कर रही हैं। भूमि स्वामित्व, जातीय पहचान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों ने तनाव और संघर्ष को बढ़ावा दिया है, जिससे अंतर-समुदाय विभाजन और अविश्वास बढ़ा है। पिछले दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत ने मणिपुर की स्थिति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि इतने लंबे समय से वहां अशांति का वातावरण है , मगर उसे हल करने की कोशिश नहीं की गई। इसे लेकर विपक्षी भी सवाल उठाते रहे हैं। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा एवं अशांति के कारणों और परिणामों का परीक्षण करना जरूरी है। संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करके, संवाद, समझ और समावेशी विकास को बढ़ावा देकर, मणिपुर और उसके विविध समुदायों के लिए अधिक शांतिपूर्ण और समावेशी भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सरकार को क्षेत्र के लोगों में स्वामित्व और अपनेपन की भावना को बढ़ावा देने के लिए विश्वास माहौल बनाने के प्रयास करने चाहिए।

सेकुलर सिविल कोड : राजनीति या समय की मांग

प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन, भारतीय वायु सेना (वेटरन)

प्रश्न यह भी उठ सकता है कि कॉमन सिविल कोड की क्या आवश्यकता है और इसका क्या लाभ है। हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 (नीति निर्देशक तत्व) यह अधिकार देता है कि देश के सभी निवासी धर्म, जाति व जेंडर के भेद भाव से ऊपर उठकर एक "जस्ट सोसाइटी" का निर्माण करें ।

दुर्भाग्य से अपने देश में 'सेकुलर' (धर्म निरपेक्ष) शब्द का प्रयोग विभिन्न नकारात्मक प्रतिक्रियाओं को जन्म देता है। कुछ लोग इसे अव्यावहारिक रूप से प्रयोग होने वाला शब्द और कुछ देश के सेकुलर चरित्र को छलावा या धोखा मानते हैं। अकसर राजनीतिक चर्चाओं में सेकुलर शब्द का संदर्भ "धर्म विशेष"से जुड़े मुद्दों तक ही सीमित रहता है, जबकि सामाजिक परिपेक्ष में इसके मायने काफी विस्तृत है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हर धर्म या पंथ में बराबरी की परिकल्पना करते हुए हमें एक संप्रभु, सोशलिस्ट, सेकुलर व डेमोक्रेटिक रिपब्लिक कहा है और सभी धर्मों को न्याय, स्वतंत्रता व बराबरी का समान अधिकार दिया है।

परंतु दुर्भाग्यवश हमारी नागरिक-संहिता में संविधान की इस मूल भावना का पालन पूर्ण रूप से न हो सका, जो नागरिक-संहिता हर धर्म पर लागू होनी चाहिए थी, वह कुछ राजनीतिक कारणों के चलते मूलतः हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध धर्म / समुदाय तक ही सीमित रह गई। देश की आबादी का एक बड़ा भाग इसके दायरे से बाहर रह गया, फलस्वरूप, समान नागरिक-संहिता आज तक कोई संवैधानिक या विधिक रूप न ले सकी। इस विषय पर 1951 से लेकर आज तक के घटना क्रम में न जाते हुए यह कहा जा सकता है कि हमारे मुस्लिम समाज को समान नागरिक-संहिता के दायरे में न लाना एक बड़ी राजनीतिक व सामाजिक भूल थी जिसके कारण समुदाय से जुड़े पर्सनल कानूनों को बल मिला और आज तक हम एक कॉमन सिविल कोड विकसित नहीं कर पाए । स्वाभाविक है कि इसके चलते संविधान में सुनिश्चित किया गया बराबरी का मूल अधिकार आधा अधूरा ही रह गया । भारत का उच्चतम न्यायालय भी यह मत रखता है कि वर्तमान में लागू नागरिक-संहिता कुछ मायनों में सांप्रदायिक है क्योंकि इसमें देश के एक बड़े वर्ग का कानूनी समावेश नहीं है, जो अपने आप में पक्षपातपूर्ण है । उच्चतम न्यायालय के अनुसार संवैधानिक सिद्धांत पर आधारित एक ऐसी नागरिक संहिता का निर्माण होना चाहिए जो हर समुदाय को समान अधिकारों के साथ-साथ समान न्याय भी दिला सके । राजनीति या धार्मिक पक्षपात से ऊपर उठ कर यह स्पष्ट होना चाहिए कि कोई भी पर्सनल-ला या संहिता संविधान से ऊपर नहीं हो सकती। यदि ऐसा हुआ तो हर समुदाय, वर्ग-निरपेक्ष नागरिक संहिता को नज़र-अंदाज कर अपनी -अपनी धार्मिक रीतियों के अनुसार आचरण करेगा जो कानूनी, प्रशासनिक व सामाजिक दृष्टि से समाज में विषम परिस्थितियां उत्पन्न करेगा । हर धर्म में कुछ समान प्रथाएं विशेषकर दहेज, विवाह, तलाक, गुजारा-भत्ता, गोद-लेना या उत्तराधिकार होती है, अतः पर्सनल रस्मों-रिवाज की आड़ में किसी भी समुदाय के कानूनी अधिकार भिन्न-भिन्न नहीं हो सकते। सामाजिक न्याय व बराबरी का यह एक प्रमुख पहलू है, जो राजनीति से परे होना चाहिए। संभवतः उच्चतम न्यायालय की हाल में की गई टिप्पणी भी इस संदर्भ में थी।

अभी 15 अगस्त को हमारे प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से भी यह मुद्दा उठाया था। उनका उद्देश्य भी यही था कि संविधान के अनुरूप व उच्चतम न्यायालय के सुझावों के अनुसार इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि आखिरकार संवैधानिक तौर-तरीकों से चलने वाले हमारे देश में मजहबी पर्सनल कानून इतने प्रभावी कैसे हो गए कि हमें उनमें सांप्रदायिकता का आभास होने लगा । मुस्लिम समुदाय के नेताओं व धर्म-गुरुओं ने समान धार्मिक व्यवस्थाओं व सामाजिक रस्मों रिवाज को भी, जो एक जैसी नागरिक संहिता या कानूनों के द्वारा संचालित हो सकते थे, शरिया नियमों के अंतर्गत मूल अधिकारों की श्रेणी में ला खड़ा किया। जहां विवाह, वसीयत, दहेज, तलाक, गोद व उत्तराधिकार जैसे मामले जो एक समान कानून के दायरे में आने चाहिए थे, उनको भी अलग पर्सनल कानूनों द्वारा संचालित करने का प्रावधान किया। एक धर्म निरपेक्ष देश के लिए यह व्यवस्था न्याय -संगत नहीं कही जा सकती।

प्रश्न यह भी उठ सकता है कि कॉमन सिविल कोड की क्या आवश्यकता है और इसका क्या लाभ है। हमारे संविधान का अनुच्छेद 44 (नीति निर्देशक तत्व) यह अधिकार देता है कि देश के सभी निवासी धर्म, जाति व जेंडर के भेद भाव से ऊपर उठकर एक "जस्ट सोसाइटी" का निर्माण करें जिससे सब को बराबरी का अधिकार मिले, सभी के लिए एक सा कानूनी ढांचा तैयार हो, नेशनल इंट्रीग्रेशन को बल मिले, महिलाओं के अधिकारों व सशक्तीकरण में बढ़ोतरी हो और देश के लिए पक्षपातपूर्ण न्याय व्यवस्था के स्थान पर एक समन्वयकारी व्यवस्था बन सके । समान लीगल फ्रामवर्क देश व समाज के लिए एक प्रोग्रेसिव कदम होगा जिसमें विभिन्न पर्सनल कानूनों की विषमताओं को, अलग-अलग सोशियो-कल्चरल मान्यताओं को संवेदनशीलता के साथ निहित करने का अवसर होगा।

अतः यह समय की मांग है कि सामाजिक समरसता व उत्थान के लिए कि देश में समान नागरिक संहिता को स्थाई विधिक रूप दिया जाए। बिना किसी राजनीतिक या व्यक्तिगत दुर्भावना के यह स्वीकार करने का समय है कि विभिन्न धार्मिक व जातीय तौर-तरीके, रस्मों रिवाज न तो संविधान से ऊपर है और न ही विधि संभवतः। किसी भी धर्म के पर्सनल रीति-रिवाज "कमुयूनिटी स्पिसिफिक" तो हो सकता है परन्तु सार्वभौमिक "ला ऑफ द लैड़" से ऊपर नहीं और न ही इनको "स्वामित्व प्रकृति" का बनाया जा सकता है। भारत के संविधान की सर्वोच्चता रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, अतः समान-नागरिक संहिता हर धर्म, जाति, पंथ के अनुयाइयों को बराबरी का दर्जा दिलाने का एक मात्र विकल्प है।

प्रसंगवश

महत्व अठारह का

अपने यहां बालिग होने की उम्र अठारह वर्ष है, जब वह मतदान करने हेतु सक्षम होता है और सरकार बनाने बिगाड़ने में उसका हाथ होता है। वीर काव्य आल्हा में योद्धा वर्ग क्षत्रिय के लिए तो कह दिया गया है,' बारह बरस लौं कूकुर जीवै औ तेरह लौं जियै सियार। बरस अठारह क्षत्रिय जीवै आगे जीवन को धिक्कार'। हालांकि हम प्राचीन काल से ही इस अंक का महत्व देख रहे हैं। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भवद्गीता में अठारह अध्याय ही हैं। इन कर्मयोग-उपदेशों को सुनाने के बाद दुष्टों के दलन और धर्म स्थापना के लिए जो युद्ध हुआ, जिसे महाभारत कहते हैं, वह अठारह दिन ही चला। यही नहीं इसमें कुल अठारह अक्षौहिणी सेना ने ही भाग लिया था। ग्यारह कौरवों की ओर से और सात पांडवों की ओर से। वेदार्थ कहे जाने वाले पुराणों की संख्या भी अठारह ही है। चूंकि वेदाध्ययन का अधिकार सबको नहीं था और वे क्लिष्ट तथा सर्व बोधगम्य नहीं हैं,अतः उनका संदेश सरल भाषा में कथावों के रूप में पहुंचाने का कार्य पुराणों ने किया; इसीलिए इन्हें 'वेदार्थ'कहा गया।भक्ति भाव भरित,सबसे महत्वपूर्ण पुराण 'श्रीमद्भागवत्'की श्लोक संख्या भी अठारह हजार ही है। जब वेदव्यास वेदों का संकलन,महाभारत का सृजन और कुछ पुराणों की रचना कर चुके,और फिर भी उनका चित्त अशांत बना रहा,तो देवर्षि नारद आए और व्यास जी को भगवान के गुणगान से परिपूर्ण,भक्तिमय सृजन करने को कहा। इसी के परिणामस्वरूप भागवत रची गई और व्यास जी आनंद विभोर हुए। और तो और भगवान विष्णु के सप्तम अवतार श्रीराम की लक्ष्मी स्वरूपा पत्नी सीता जी भी जब अठारह साल की हुईं, तभी राम जी ने उस कार्य संपादन हेतु मन बनाया, जिसके लिए वे धरा धाम पर पधारे थे।' बरस अठारह की सिया सत्ताइस के राम। कीन्हों मन अभिलाष तब करनो सुर काम' ।।(रामचरितमानस)। मालूम हो कि जिस राक्षस कुल का संहार करने हेतु श्रीराम अवतरित हुए थे, उसमें निमित्त सीता जी को ही बनना था। बिना उनके कथानक आगे बढ़ता ही नहीं। इस तरह हम अठारह के अंक का महत्व बहुशः पाते हैं।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आंतरिक समायोजन में है संगठन की ताकत

द्वंद्व का रूप किसी भी प्रकार का हो । अन्तद्वंद्व हो, वर्गसंघर्ष हो, जाति-संघर्ष हो अथवा दो सेनाओं के बीच युद्ध हो । वे सुर और असुर हों या मालिक-मजदूर हों अथवा शासित और शासक के बीच का द्वंद्व हो। ये समस्त द्वंद्व अपने मूल रूप में स्वार्थ के द्वंद्व हैं। अहंता और ममता के द्वंद्व हैं। व्यक्ति-स्वार्थ और वर्ग स्वार्थ के द्वंद्व हैं। समष्टि-हित उनका समायोजन करता है। इसीलिए संघर्ष जीवन का पूरा सच नहीं है। संघर्ष पूरा सच होता तो समाज बनता ही नहीं। जंगल ही रह जाता। जैसे मूल से शाखा-प्रशाखा फ़ैलती हैं, वैसे ही व्यक्ति-स्वार्थ और समष्टि-हित का द्वंद्व - समायोजन विभिन्न देश-काल में विभिन्न रूप ले लेता है ।

एक व्यक्ति-स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति-स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है। समायोजन न हो तो परिवार परिवार नहीं रह सकता, मोहल्ला मोहल्ला नहीं रह सकता। इसी प्रकार राष्ट्र संघर्ष और समायोजन की निरंतर प्रक्रिया का परिणाम है।

एक व्यक्ति-स्वार्थ का एक समूह से भी द्वंद्व होता है फिर एक समूह का दूसरे समूह से भी हित टकराता है, तब दो समूहों का भी द्वंद्व होता है। यहां भी व्यक्ति-स्वार्थ एक समूह में संगठित है, इसलिए हम संगठित स्वार्थ को हित कह देते हैं, हालांकि वह किसी न किसी के विरुद्ध है। संगठन की ताकत आंतरिक समायोजन में है। इसी बात को हम दो राजनीतिक-दलों के बीच संघर्ष में देख सकते हैं । वहां भी संगठित व्यक्ति स्वार्थ हैं , भले ही वे उसे समष्टि-हित का आवरण देते हैं । समष्टि-हित का भाव और विचार होगा तो संघर्ष हो ही नहीं सकता ।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक व्यक्ति-स्वार्थ का दूसरे व्यक्ति-स्वार्थ से द्वंद्व होता है और यह एक परिवार में भी होता है और मोहल्ले में भी हो जाता है। समष्टि हित उसका समायोजन करता है।

नूरवाला में एक दल का नारा लिखा हुआ था - हम सत्ता के लिए नहीं सेवा के लिए हैं। अब यह सरासर झूठ है, सेवा में भला संघर्ष क्यों होगा ? यहां सेवा को सत्ता के आवरण के रूप में बतलाया गया था कि हम तो अच्छे हैं । बाजारवाद आया तो उसने वैश्वीकरण का नारा दिया। वैश्वीकरण किसका ?

अब इस आवरण में संगठित व्यक्ति-स्वार्थ अपार शक्ति से संपन्न है, इतना शक्तिशाली कि किसी भी राज्य की संप्रभुता उसका मुकाबला नहीं कर सकती। यह राज्य के मुकाबले में बाजार की सत्ता प्रतिष्ठित हो चुकी है । रांगेय राघव ने अपनी महायात्रा में ऐसे राज्यों का भी चित्रण किया है , जहां राजा उन धनिकों के प्रति कुछ शर्तों से जुडे हुए हैं । उनके बिना कोई निर्णय नहीं कर सकते । संगठित व्यक्ति स्वार्थ इतना शक्तिशाली बन सकता है । यूएनओ समष्टिहित का प्रतीक है, लेकिन अब वह प्रतीक मात्र ही है। ऐसा न होता तो रूस और यूक्रेन तथा इजरायल और गाजा का युद्ध इतने समय तक चल ही नहीं सकता था । समष्टि-हित व्यापक होता है , मनुष्य-मात्र के हित का साधक । मनुष्य का हित समस्त प्राणियों के हित से जुड़ा है, समस्त प्राणियों का हित पर्यावरण से जुड़ा हुआ है। संघर्ष है तो वह किसी न किसी के विरोध में है। जबकि समष्टि का अभीष्ट सर्व हित है।

यह वह भाव है, जिसे करुणा कहते हैं। विश्व के व्यापक दर्शन या विचार-परंपरा उसी भाव का विस्तार है। उसी भाव का चिन्तन है। बुद्ध,महावीर, ईसा और गांधी उसी भाव और विचार के प्रतीक हैं।

दो संस्कृतियों के द्वंद्व-समायोजन की प्रक्रिया में क्या विकसित बलवत्तर संस्कृति को विकासशील संस्कृति आत्मसात कर लेती है? सामाजिक-जीवन में द्वंद्व होता है, बिल्कुल ठीक बात है, किन्तु समायोजन भी होता है, अन्तर्भुक्ति भी होती है। ठीक इसी प्रकार से सांस्कृतिक-परंपरा की बात है,वहां भी समायोजन और अन्तर्भुक्ति होती है\हुई है। परिधियां तोड़कर अध्ययन करने का समय आ गया है। बहुत समय तक परिधियां बना कर अनुसंधान होते रहे हैं, (बौद्ध साहित्य,जैन साहित्य,शैव साहित्य ,वैष्णव साहित्य आदि) उस समय जरूरत भी थी। , क्योंकि संबंधित अनुसंधान एक सतत-प्रक्रिया है। राजनीति की बातें संस्कृति से बिल्कुल अलग तो नहीं हो सकती। किन्तु राजनीति के अपने नियम हैं और संस्कृति के अपने नियम हैं। राजनीति में व्यक्तिस्वार्थ और वर्गस्वार्थ प्रधान होता है, जबकि संस्कृति में समष्टिहित की प्रधानता होती है। राजनीति संघर्ष है और संस्कृति समायोजन और समन्वय है।

सोशल फोरम

आस्था का समंदर

बाजार में लहराते आस्था के समंदर के नीचे मुझे लूटतंत्र नजर आने लगा। पूजन सामग्री और उसके लिए जरूरी चीजों के दाम सुनकर तो मुझे ऐसा ही लगा। ऐसा नहीं कि इस लूटतंत्र से केवल मैं ही दुखी हूं। मेरे मित्र भी इस बात का रोना रोते हैं।

लेकिन क्या है न कि जैसे स्कूल में मास्टर जी की छड़ी के डर से रोते रोते हम कान पकड़ कर उठक बैठक की सजा पूरी करते थे वैसे ही आस्तिकों पर लटकती अदृश्य आस्था की तलवार भी इन्हें रोते रोते ये सब करने के लिए बाध्य करती है।

पर्व त्योहारों के मौसम में मैं अक्सर फल नहीं खरीदता। सच कहूं तो दाम सुन खुद को लुटवाने का हौसला नहीं होता। अपनी आस्था के नाम पर जो ये हौसला कर पाते हैं उन्हें मैं झुक कर सलाम करता हूं।

अफसोस कि पूजा की भीड़ में नामी मिठाई वाले की मिठाई की क्वालिटी भी लूटतंत्र के हवाले हो चुकी थी। मुझे समझ नही आता कि प्रतिदिन की सीमित दूध की उपलब्धता से त्योहारों पर ये असीमित लोगों को मिठाईयां कैसे खिला पाते हैं?

आस्था के इस लूटतंत्र में जब नकली मावा, नकली घी, नकली छेना, नकली मिठाई बाजार में छाई हो तो मुझे तो लोगों की आस्था भी असली नही लगती। यहां तो ऊपरवाले के सामने जलने वाले दिए के देसी घी और व्यंजन बनाने वाले देसी घी के दाम में जमीन आसमान का अंतर होता है। आखिर हम किसे बेवकूफ बना रहे हैं।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

सुनते हैं बनारस में बहुत सस्ता देसी घी मिलता है। एक बार मैंने एक मित्र से पूछा कि आखिर ये सस्ता घी खरीदता कौन है? पता लगा कि भंडारा करने वाले, धार्मिक उत्सवों पर सामूहिक प्रसाद बनाने वाले इसका जम कर उपयोग करते हैं। बहरहाल मेरा क्या है। मैं नास्तिक तो हंसुये के ब्याह में खुरपी के गीत गाता रहूंगा। आप लेकिन आस्था के इस समुद्र में रोते हुए नहीं बल्कि हंसते हुए डुबकी लगाईयेगा और अगर कुछ हाथ लगे तो मुझे जरूर बताएगा।

-फेसबुक वॉल से

भेड़ियों की मौजदूगी जीवन में ही नहीं मिथकों में भी है

जनपद बहराइच में भेड़ियों का आंतक मचा हुआ है। अब तक वे दस से ऊपर बच्चों की जान ले चुके है। घायलों और दहशतजदा लोगों की संख्या अलग है। वे गांव में झोपड़ियों और अधूरे मकानों मे रह रहे बच्चों का शिकार करते है। ये मजलूमों और मजदूरों के बच्चे होते है, बड़े और सुरक्षित मकानों तक इनकी पहुंच नही होती। अब यह उस क्षेत्र की बड़ी समस्या बन चुकी है। बच्चों का स्कूल जाना बंद हो गया है। लोग अपना ठिकाना बदल चुके हैं। सोच समझ कर बाहर निकलते है। उनकी छापेमारी हो रही है। उन्हें पकड़ने के लिए विशेषज्ञों ,की टीमें गठित की गई हैं। उनकी आदतों का अध्ययन किया जा रहा है।

भेड़िये कुत्ते के परिवार के जानवर हैं, वे कद में कुत्तों से बड़े होते हैं। कुत्तों को पाला जा सकता है लेकिन भेड़िये नही पाले जा सकते हैं। भेड़िया जंगल का सबसे धूर्त जानवर है। उनके सूंघने की क्षमता अद्भुत होती है, वह नौ किलोमीटर दूर की चीजों के गंध जान लेते हैं । उनका रंग खतरनाक ढंग से भूरा होता है ,उनकी पूछ गझिन होती है । उनके जबड़े बहुत मजबूत होते है , वे हड्डियां तक चबा जाते है । इनके दौड़ने की गति 55-71 के बीच होती है। उनके पैर लचीले होते है, वे दूर तक फलांग भर सकते हैं। पहले मुझे भेड़िये और लकड़बग्घे में कोई अंतर नही दिखता था लेकिन दोनों में मूलभूत अंतर है। भेड़िये श्वान परिवार के सदस्य है, वे मूलतः मांसाहारी होते हैं जबकि लकड़बग्घे बिल्ली परिवार के सदस्य है मांस के अलावा अन्य भोज्य पदार्थ भी खाते हैं। भेड़िये झुंड में शिकार करते हैं, वे बूढ़े भेड़ियों का ध्यान रखते हैं। उनमें अजब तरह की पारिवारिक होती है। एक तरह से वे सामाजिक प्राणी हैं। वे अकेले नही समूह में रहते हैं। जब उनके मुंह में आदमी का खून लग जाता है, वे आदमखोर हो जाते हैं। जंगल में उनके रहने की परिस्थितियां नहीं रही, इसलिए भेड़िए क्या अन्य जानवर जंगल के बाहर दिखाई दे रहे हैं। शेर और तेदुओं के शहर में आ जाने की भयानक सूचना हमें मिलती रहती है । वे अपने मूल स्थान से बेदखल किए जा रहे हैं । उनका शिकार मानव -भेड़िये अपनी बहादुरी दिखने के लिये करते है । आदमी और वन्य जीवों के बीच जो संबंध थे , वे नष्ट हो रहे हैं। जानवर क्या परिंदे भी गायब हो रहे हैं। साल भर पहले जो परिंदे देखे गये, वे अब नहीं दिखाई देते। इसी तरह वन्य जीवों पर भी संकट है, शेर तेदुओं की संख्या कम होती जा रही है। उनके संरक्षण के उपाय किए जा रहे हैं। चीन में भेड़ियों की संख्या कम हो रही है उनके क्लोन तैयार किए जा रहे। जंगल में हर तरह के खतरनाक जीव होते है, वे पर्यावरण के संतुलन लिएआवश्यक है । भेड़िये सिर्फ हमारे जीवन में किसी न किसी तरह उपस्थित रहते हैं बल्कि मिथकों में उनकी मौजूदगी है। सिटी आफ जॉय पुस्तक में एक डायन है जो भेड़िये में बदल जाती थी और भेड़ियों की तरह हिंसक व्यवहार करती थी। भेड़ियों की बहुत सी कहानियां हमारे लोकजीवन में हैं। भेड़िये मानव शिशु को उठा कर अपनी मांद ले जाते थे और अपने बच्चों की तरह पालते थे । वे चार पैर से चलते थे और उनकी तरह आवाज निकालते थे । 1867 में शिकारियों को जंगल इस तरह का बच्चा मिला जिसका बर्ताव भेड़ियों के बच्चों जैसा था। उसे पकड़ कर उन्होंने ईसाई अनाथालय को सौंप दिया, उसका नाम दीना रखा गया । बताया जाता है कि रुडयार्ड किपलिंग ने उसे केंद्र में रखकर मोंगली नाम की कथा लिखी । उस पर कई मशहूर फिल्में बनी।

स्वप्निल श्रीवास्तव
फैजाबाद

1856 के बीच अदभुत संस्मरण लिखे हैं। उन्होंने ठगों की कहानियां लिखी और उनका उन्मूलन किया। अवध प्रदेश की यात्रा करते हुए उन्हें कई ऐसे बच्चे मिले जिन्हें भेड़ियों ने पाला था।

ब्रिटिश काल में अधिकारी रहे विलियम स्लीमैन 1810 और 1856 के बीच अदभुत संस्मरण लिखे हैं। उन्होंने ठगों की कहानियां लिखी और उनका उन्मूलन किया। अवध प्रदेश की यात्रा करते हुए उन्हें कई ऐसे बच्चे मिले जिन्हें भेड़ियों ने पाला था। उन्होंने भेड़ियों से छुटकारा दिलाया। किस तरह वातावरण मनुष्य को बदल देता है इसका प्रमाण इस तरह की घटनाओं से मिलता है। हालीवुड में भेड़ियों के ऊपर अनेक फिल्में बनाई गई हैं जिसमें आवर आफ दी वुल्फ़, एन अमेरिकन वेयरवुल्फ़ इन लंदन ,दी टीन वुल्फ़ प्रमुख है। हिन्दी सिनेमा में गत वर्ष भेड़िया नाम की एक फिल्म आई है-इस फिल्म में ऐसे आदमी की कहानी है जिसे भेड़िया काट लेता है और वह भेड़िया बन जाता है। भेड़ियों की कहानियों से मिथक भरे हुए हैं , लोकजीवन में उनकी अनेक कथाएं प्रचलित हैं।

पतली कमर का विज्ञान

हमारा प्राचीन संस्कृत और मध्यकालीन रीति साहित्य कृशकाय नायिका की पतली कमर के कीर्तिगान से भरा पड़ा है। उर्दू की शायरी भी इस कमर-मोह से कुछ कम ग्रस्त नहीं रही है। कहीं तो पतली कमर की यशोगाथा इतना अतिशयोक्तिपूर्ण हो जाती है कि पढ़ने वालों की हंसी छूट जाए - है बारीक तार-ए-नज़र से ज़ियादा / दिखाई न देगी कमर देख लेना। पुरानी हिंदी फिल्मों के नायकों को नायिका की पतली कमर का ऑब्सेशन अलग ही स्तर का था - कमर न लचके हाय सजनिया। यह बात और है कि उस दौर के ज्यादातर नायक और नायिकाओं के हिस्से में कमर नहीं, कमरा हुआ करता था। मुझे पतली कमर के प्रति यह दीवानगी समझ नहीं आती थी। अभी एक अखबार की खबर देखकर न सिर्फ मेरी आंखें खुली, बल्कि हमारे कवियों, शायरों और गीतकारों की दूरदृष्टि और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी पता चला। इंग्लैंड की कुछ संस्थाओं ने वहां के स्वास्थ विभाग के बीस साल के आंकड़ों के विश्लेषण के बाद यह दावा किया है कि जिन लोगों की कमर पतली है, वे न सिर्फ सेहतमंद ज़िंदगी का लुत्फ़ उठाते हैं, बल्कि उनकी उम्र अपेक्षाकृत लंबी होती है। इस शोध के मुताबिक़ अच्छे स्वास्थ्य के लिए व्यक्ति की कमर की परिधि उसकी कुल लंबाई की आधी से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। मसलन किसी की लंबाई अगर 66 इंच है तो 33 इंच की कमर उसके लिए आदर्श है। इस महान शोध का मतलब यह कि आपको अगर स्वस्थ और लंबा जीवन चाहिए तो आप अपनी कमर को उसकी औकात में रखने की कोशिश करें।

ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

शिक्षक सम्मान का अर्थ

शिक्षक के सम्मान का अर्थ है उसके प्रति समाज की तरफ से कृतज्ञता ज्ञापन। फिलहाल शिक्षक के भीतर से गुरु खो गया है, पर वह ज्यादा दूर नहीं गया है। उस गौरव को फिर पाया जा सकता है, यदि शिक्षक आत्मनिरीक्षण करें। शिक्षक के सम्मान का अर्थ है उसके दीर्घ संघर्षों, उपलब्धियों और उसके सपनों के प्रति आदर भाव! आज समाज में एक मामूली राजनीतिक नेता शिक्षक से ज्यादा आदर से देखा जाता है और शिक्षक को महज एक वेतनभोगी समझा जाता है। समाज में शिक्षक का आदर गिरने का अर्थ है, ज्ञान से धन-संपत्ति का अधिक महत्वपूर्ण हो जाना!

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

शिक्षक के सम्मान का अर्थ है भारत की महान ज्ञान परंपरा का सम्मान! हमारे देश में दो गुरु परंपराएं हैं- एक रामायण के विश्वामित्र और दूसरी महाभारत के द्रोणाचार्य की। विश्वामित्र के शिष्य शिक्षा के बाद तप करते ऋषियों की रक्षा में लगते हैं, जबकि द्रोणाचार्य के शिष्य, कौरव हों या पांडव, वे शिक्षा के बाद जुआघर जाते हैं! आज के स्मार्ट क्लास 5-10 साल बाद कृत्रिम मेधा के क्लास में बदल जाएंगे। रो-बोट ही नए शिक्षक या प्रोफेसर होंगे। वे अंततः मशीन हैं और मशीन आदमी को मशीन ही बनाएगा, जबकि शिक्षक आदमी को मनुष्य बनाता है। अभी से देखा जा सकता है कि नौजवानों में तकनीकी समृद्धि और भावनात्मक दरिद्रता बढ़ती जा रही है!

एक नजर

ट्रांसफार्मर खराब होने से पानी का संकट

अमृत विचार, लखनऊ : सिसगोमती के बटलर कॉलोनी में रविवार सुबह सात बजे 630 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया। जिसके चलते एक बड़े इलाके की बिजली सप्लाई बाधित हो गई। सुबह बिजली न आने से लोगो के घरों में पानी की समस्या खड़ी हो गई। परेशान उपभोक्ताओं ने जेई, एसडीओ और अधिशासी अभियंता को फोन कर सप्लाई बाधित होने की जानकारी दी। जिसके बाद कर्मचारियों ने वैकल्पिक सोर्स से इलाके की सप्लाई को बहाल किया। एसडीओ ने बताया कि दोपहर तीन बजे खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर को लगाकर आपूर्ति को सामान्य किया गया। इसके अलावा कमता के शंकरपुरी कॉलोनी में एबीसी लाइन में आग लग गई। जिसके चलते क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चिनहट, गोमतीनगर विस्तार, इंद्रिरानगर, मुंशीपुलिया सहित कई इलाकों में बिजली की आवाजाही से लोग परेशान रहे।

चोरों ने घर से गहने व नकदी पार की

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद क्षेत्र में चोरों ने बंद घर से गहने व नकदी पार कर दी। ग्राम मवईकलां सरैंया निवासी राकेश कुमार ने पुलिस को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया शनिवार रात परिवार के साथ सोये थे। रविवार सुबह उठे तो घर में चोरी होने की जानकारी हुई। चोर कमरे व अलमारी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के गहने और 5 हजार रुपये समेट ले गये। पुलिस ने मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

राजस्व बढ़ाने पर विद्युत मजदूर पंचायत ने दिया जोर

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत मजदूर पंचायत उप्र केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक रविवार को लोहिया मजदूर भवन नरही में आयोजित की गई। बैठक में पंचायत के पदाधिकारी और सदस्यो ने यूपीपीसीएल मे अधिक से अधिक राजस्व बढ़ाने के लिए कठिन परिश्रम करने का निर्णय लिया। बैठक मे संगठन के महामंत्री गिरीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि कर्मचारियों को दशहरे से पूर्व बोनस देने का प्रबंधन से आग्रह किया गया है। इसके अलावा संविदा कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान देने की मांग की गई है। बैठक में मजदूर पंचायत के अध्यक्ष राजनारायण सिंह, महामंत्री आरबी सिंह, उपाध्यक्ष पीएन तिवारी, रघुवंश मिश्र, ओपी सिंह, धीरज सिंह, राज सिंह ने भी संबोधित किया।

कंस्ट्रक्शन डिजाइन के विपरीत तो नहीं बना दी 'मौत की बिल्डिंग'

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरमिलाप टॉवर का ठेके पर निर्माण, सामग्री और स्टील स्ट्रक्चर में खेल की आशंका
- कंस्ट्रक्शन डिजाइन के अनुसार निर्माण न होना हादसे की बताई जा रही वजह

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर में भरभराकर गिरा तीन मंजिला हरमिलाप टॉवर का लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से मानचित्र स्वीकृत था और निर्माण के लिए स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग से कंस्ट्रक्शन डिजाइन भी भवन स्वामी ने बनवाया था,। इसके बाद भी एक झटके में टॉवर गिरने की वजह अब तक सामने नहीं आई है। तकनीकी जानकारों की मानें तो इस तरह की घटना कंस्ट्रक्शन डिजाइन के विपरीत निर्माण करने पर होती है। यानी जो स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग बिल्डिंग निर्माण का डिजाइन बनाकर देता है उसके हिसाब से निर्माण नहीं किया जाता है।

ऐसा ज्यादातर ठेकेदार करते हैं, जो निर्माण सामग्री और स्टील स्ट्रक्चर में मानकों का पालन न करके कमीशनबाजी के चक्कर में निर्माण कर लोगों की जान से खिलवाड़ करते हैं। इस वजह से नींव के साथ पूरा भवन कमजोर रहता है। जलभराव, अधिक भार, कंपन, भूंकप या किसी टक्कर से एक पलभर में धराशायी हो जाता है। इस घटना में भी यह माना जा रहा कि बिल्डिंग ठेके पर बनवाई गई है और ठेकेदार ने डिजाइन के विपरीत निर्माण किया है। शायद इन्हीं कारणों से शनिवार को हादसा हुआ और आठ लोगों की दबकर मौत हो गई। हालांकि जांच के बाद ही घटना के कारणों की पुष्टि होगी।

भूकंप भी झेल जाती नींव

इंजीनियरों की मानें तो कंस्ट्रक्शन डिजाइन के अनुसार बनी बिल्डिंग पर भूंकप के झटकों का असर नहीं होता है। डिजाइन में भूकंप रोधी निर्माण शामिल होता है। यदि हरमिलाप टॉवर का कंस्ट्रक्शन डिजाइन के अनुसार निर्माण होता तो बिना किसी कारण भरभराकर नहीं गिरती। सुरक्षा की दृष्टि से फायर एनओसी और विद्यत सुरक्षा ऑडिट भी अनिवार्य है। बिना इसके बिल्डिंग का संचालन नहीं हो सकता है। व्यवसायिक निर्माण और उसकी मरम्मत आदि भवन स्वामी को खुद कराना होता है।

आग से बचाव के लिए भी जरूरी है कंस्ट्रक्शन डिजाइन

निर्माण के अलावा सुरक्षा के लिहाज से भवन कंस्ट्रक्शन डिजाइन के अनुसार बनना जरूरी है। नियमों का पालन करने से मॉल, गोदाम, अपार्टमेंट, कॉम्पलेक्स, मार्केट आदि बिल्डिंग में आग या किसी अन्य दुर्घटना में आसानी से काबू पाया जा सकता है। यानी डिजाइन के अनुसार भवन निर्माण से लोगों का बाहर सुरक्षित निकालना और रेस्क्यू करना आसान होता है। इसके लिए आसपास सेटबैक बनाया जाता है। इससे फायर गाड़ी आसानी से पहुंच जाती है। लेकिन, इन्हीं मानकों का ठेकेदार पालन नहीं करते हैं। इससे हादसे होते हैं और टीम के लिए रेस्क्यू करने में समस्या होती है।

यह भी जरूरी मानक

- बिल्डिंग में पर्याप्त वेंटिलेशन
- सभी बिल्डिंग में पर्याप्त प्राकृतिक रोशनी आना
- जल निकासी के इंतजाम के लिए नाली आदि
- एक बिल्डिंग को दूसरे की परछाई से बचाना
- बिल्डिंग में पहुंच को आसान बनाना

हरमिलाप टावर के मलबे से निकालीं गई क्षतिग्रस्त बाइकें। अमृत विचार

30 घंटे से रेस्क्यू जारी

मलबे में लोगों की तलाश कर रही एनडीआरएफ एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ट्रांसपोर्टनगर स्थित हरमिलाप टॉवर धराशाई होने के बाद 30 घंटे से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस टीम मलबे में लोगों की तलाश कर रही है। शनिवार रात 10:40 बजे के बाद मलबे में किसी के मिलने की जानकारी सामने नहीं आई है। टीम ने स्निफर डॉग की टीम भी बुला ली है। रविवार देर शाम तक माइक से मलबे में किसी के होने की उद्घोषणा भी की गई।

हरमिलाप (ग्राउंड प्लस 2) टावर आशियाना निवासी राकेश सिंघल का है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर आशियाना निवासी जसमीत साहनी का मोबिल ऑयल और दूसरी मंजिल पर दवा का गोदाम था। पहली मंजिल पर मनचंदा का गिफ्ट सेंटर का गोदाम था। शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तेज बारिश शुरू हुई। बारिश बंद होने के आधे घंटे बाद पूरी बिल्डिंग ढह गई।

रात 2 बजे से शुरू हुआ पोस्टमार्टम

बिल्डिंग गिरने से दबकर 8 लोगों की मौत हो गई। हादसे की गंभीरता देखते हुए डीएम के आदेश पर शनिवार देर रात पोस्टमार्टम हाउस खोला गया। आनन- फानन देर रात 12 बजे से शवों के पोस्टर्माटम की तैयारी शुरू हो गई। रात करीब 2 बजे सभी शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। औपचारिकता पूरी कर कुछ ही देर में पोस्टमार्टम शुरू हो गया। सुबह होते-होते पोस्टमार्टम कर शव परिवार वालों के हवाले कर दिए गए। रविवार को परिवार वालों ने शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

मलबे में दब कर खराब हुईं दवाएं रविवार को दिनभर सड़क पर पड़ी रहीं। अमृत विचार

कानपुर हाइवे पर शव रखकर प्रदर्शन

विधायक राजेश्वर सिंह और एसीपी विनय द्विवेदी के आश्वासन के बाद परिजन ने किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, सरोजनीनगर

अमृत विचार : ट्रांसपोर्ट नगर बिल्डिंग गिरने के हादसे में बंथरा के जुनाबग निवासी धीरज गुप्ता (48) की मौत हो गई थी। रविवार सुबह परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर गांव पहुंचे। इसके बाद लखनऊ-कानपुर हाइवे पर शव रखकर परिजनों व ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। विधायक राजेश्वर सिंह और एसीपी विनय द्विवेदी के आश्वासन के बाद परिजन ने अंतिम संस्कार किया।

धीरज गुप्ता दवा गोदाम में ऑटो लोडर वाहन चालक था। वह शनिवार को ट्रांसपोर्टनगर अपनी गाड़ी लेकर दवा लोड करने गया था, तभी यह हादसा हो गया। रविवार को जब पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर पहुंचा तो आसपास लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। परिजनों और रिश्तेदारों में चीख पुकार मच गई। कुछ देर बाद परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर उसका शव कानपुर रोड स्थित जुनाबगंज तिराहे पर रख दिया और रोड जाम कर प्रदर्शन करने लगे। मुआवजे की मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के कारण हाइवे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा। जानकारी होने पर विधायक राजेश्वर सिंह ने मोबाइल पर बात कर परिजन को ढांढस बंधाते हुए मदद का आश्वासन दिया। एसीपी कृष्णा नगर विनय द्विवेदी भी बंथरा पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों को किसी तरह समझा बुझा कर प्रदर्शन समाप्त कराया। इसके बाद रोड का यातायात सुचारू हो सका।

- प्रदर्शन के कारण हाइवे पर जुनाबगंज तिराहे पर काफी देर तक यातायात बाधित रहा

मृतक का शव रखकर कानपुर हाइवे पर जुनाबगंज तिराहे पर जाम लगाए लोग। अमृत विचार

मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाते विधायक राजेश्वर सिंह। अमृत विचार

के बच्चों को पढ़ाएंगे विधायक, दिया एक लाख रुपये का चेक

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह रविवार को ट्रांसपोर्टनगर स्थित हरमिलाप टॉवर हादसे में मृतक धीरज गुप्ता और जसमीत साहनी के घर गए। परिजन से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए सरकार से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, धीरज गुप्ता के परिजन को एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुआवजे की घोषणा पर उन्होंने आभार ज्ञापित किया।

सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लोकबंधु चिकित्सालय भी पहुंचे थे, जहां उन्होंने घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना। घायलों से बातचीत करने के बाद विधायक जुनाबगंज सराय शहजादी निवासी मृतक धीरज गुप्ता के घर पहुंचे और परिजन को ढांढस बंधाया। धीरज के बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी उठाने का आश्वासन दिया। एक लाख रुपये सहायता राशि दी। शाम को गोमतीनगर स्थित एल्डिको ग्रीन निवासी गुरुमीत सिंह साहनी के घर पहुंचे। हादसे में गुरुमीत के बेटे जसमीत सिंह साहनी की मौत हो गई थी। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

आज चकबस्त तिराहा की ओर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बार एसोसिएशन चुनाव के चलते सुबह 6 बजे से डायवर्जन लागू

अमृत विचार: बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए सोमवार को कैसरबाग क्षेत्र में चुनाव होना है। इसके चलते चकबस्त तिराहा से स्वास्थ्य भवन तिराहा तक सुबह 6 बजे से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

डीसीपी ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह ने बताया तय डायवर्जन के तहत चकबस्त तिराहा से स्वास्थ्य भवन तिराहे के बीच आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। चकबस्त तिराहा से सफेद बारादरी तिराहे के बीच आवाजाही पूरी तरह बंद रहेगी। परिवर्तन चौराहे से स्वास्थ्य भवन चौराहा तक वन-वे, सिर्फ स्वास्थ्य भवन चौराहा से परिवर्तन चौराहा की ओर जा सकेंगे। कैसरबाग बस अड्डे से सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, बरेली की तरफ जाने वाली रोडवेज बसें कैसरबाग अड्डा से चकबस्त की तरफ नहीं जा सकेंगी। इनके लिए वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग बस अड्डे से बलरामपुर हॉस्पिटल, सिटी रेलवे स्टेशन, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कार्यालय के सामने से डालीगंज पुल चौराहा होकर निर्धारित किया गया है।

वहीं दूसरी ओर कैसरबाग बस अड्डे से बाराबंकी, फैजाबाद, गोरखपुर की तरफ जाने वाली बसें चकबस्त की तरफ नहीं जा सकेंगी। वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग बस अड्डे से बलरामपुर हॉस्पिटल, सिटी रेलवे स्टेशन, डालीगंज पुल चौराहा, सीडीआरआई तिराहा, क्लार्क अवध तिराहा, चिरैयाझील तिराहा होकर तय किया गया है।

पांच दिन बाद गोमती बैराज के पास मिला नसरा का शव

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज रिवर बैंक कॉलोनी के पास नाले में गिरी मासूम का शव पांच दिन बाद गोमती बैराज के पास उतराता मिला। गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। परिजन ने शव की पहचान नसरा के रुप में की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गौस नगर निवासी इरफान की बेटी नसरा (6) चार सितंबर की दोपहर घर के पास खेल रही थी। तेज बारिश के दौरान जलभराव होने से नसरा की चप्पल पानी में गिर गई। बच्ची चप्पल उठाने का प्रयास करते हुए नाले में जा गिरी। उसका कोई पता नहीं चल सका। रविवार को गोमतीनगर समता मूलक चौराहा गोमती बैराज के पास एक शव जलकुम्भी में फंस कर उतराता हुआ दिखाई पड़ा। इंस्पेक्टर वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि शाम करीब 6.15 पर स्थानीय गोताखोरों ने शव मिलने की सूचना दी। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव की शिनाख्त नसरा के पिता इरफान ने की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

अब पर्चे पर मिलेगी डॉक्टर-विभाग की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मरीजों की सुविधा के लिए बलरामपुर अस्पताल में शुरू की गई व्यवस्था

अमृत विचार : बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अब डॉक्टर, विभाग और कमरों की जानकारी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अब पंजीकरण पर्चे पर ही सारी जानकारी मिलेगी। अस्पताल प्रशासन की ओर से ऑफलाइन बनने वाले पर्चे पर अब हर विभाग और कमरे की जानकारी छपवाई गई है।

बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना पांच से छह हजार मरीज और उनके तीमारदार आते हैं। दो मंजिल की ओपीडी में 50 से अधिक कमरे हैं। भूतल पर ओपीडी पर्चे का पंजीकरण, मेडिकल प्रमाण पत्र, खून की जांच, शुल्क जमा करने का काउंटर, दवा वितरण, एंटी रैबीज, टीकाकरण, आरडीसी काउंटर आदि है।

पहले तल पर दवा वितरण के साथ नेत्र, ईएनटी, मानसिक रोग, स्किन, डेंटल की ओपीडी, पैथालॉजी रिपोर्ट वितरण काउंटर है। ऐसे ही दूसरी मंजिल पर मेडिसिन, गेस्ट्रो, न्यूरो, यूरो, सर्जरी, किडनी, कैंसर, हार्ट की ओपीडी, ईसीजी की जांच के साथ दवा वितरण होता है। अभी तक ऑफलाइन मिलने वाले पर्चे में हर मंजिल के हिसाब से विवरण नहीं रहता था। अब पर्चे पर भूतल, प्रथम और दूसरे तल के साथ ओल्ड ओपीडी के विभागों, जांच केंद्र आदि का विवरण दर्ज रहेगा। पर्चे को पढ़कर मरीज, तीमारदार संबंधित ओपीडी डॉक्टर के कमरे में आसानी से पहुंच सकेगा। अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि मरीजों की सहूलियत के लिए पर्चे पर ही सारी जानकारी दी गई है।

25 दिन बाद करें डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में सफर

दो रूटों पर चलेगी बस, 80 रुपये होगा अधिकतम किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री से मांगा गया समय
- नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से सर्वे के बाद मंजूरी
- इसी सप्ताह आरटीओ कार्यालय में होगा बस का पंजीकरण

अमृत विचार: लखनऊ वासियों को डबल डेकर बस से यात्रा के लिए अभी 25 दिन और इंतजार करना पड़ेगा । शहर के दो रूट पर नवरात्र से बस का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। संचालन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। अधिकतम किराया 20 और अधिकतम 80 रुपये तय किया गया है।

सिटी ट्रांसपोर्ट के प्रबंध निदेशक आर के त्रिपाठी ने बताया कि नगरीय परिवहन निदेशालय ने सर्वे के बाद दो रूटों पर डबल डेकर बस के संचालन की मंजूरी दे दी है। नवरात्रि में उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समय मांगा गया है। 65 सीटर डबल डेकर बस का निरीक्षण टेक्निकल टीम ने कर लिया है।पंजीकरण इसी सप्ताह आरटीओ कार्यालय में हो जाएगा। बस का चार्जिंग प्वाइंट गोमतीनगर के विराज खंड बस स्टॉपेज पर बनाया जा रहा है। यात्रियों को पीछे से चढ़ना और आगे से उतरना होगा। पहली मंजिल पर चढ़ने के बाद भीतर बनी सीढ़ियों से आठ स्टेप से दूसरी मंजिल की सीट पर यात्री बैठ सकेंगे। बस का न्यूनतम किराया 20 और अधिकतम 80 रुपये तय किया गया है।

इन रूटों पर चलेगी बस

- स्कूटर इंडिया से कमता वाया अमौसी, ट्रांसपोर्टनगर, शहीदपथ, अहिमामऊ
- दुबग्गा से कमता वाया आईआईएम, टेढ़ी पुलिया, मुंशीपुलिया, रिंगरोड होकर

राष्ट्रीय पक्षी को अजगर ने बनाया शिकार

अमृत विचार, बाराबंकी: झाड़ियों में अजगर दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

रविवार सुबह वन रेंज रामसनेहीघाट के रायपुर गांव के पास झाड़ियों में एक विशाल अजगर राष्ट्रीय पक्षी मोर को अपना शिकार बनाए हुए था। सूचना पर वन विभाग की टीम अजगर को बड़ी मशक्कत से पकड़ कर एक जंगल में छोड़ दिया।

किसी भी उम्र में हो सकता है गठिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू में इंटरकॉलेजिएट रुमेटोलॉजी प्रतियोगिता और सीएमई में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

अमृत विचार : गठिया की बीमारी किसी भी उम्र में हो सकती है, लेकिन इस बीमारी से घबराने की जरूरत नहीं है। इसका इलाज अब आसान है। इसके इलाज के लिए अब दवाएं उपलब्ध हैं, वह भी कम कीमतों में। यह जानकारी पीजीआई की प्रो. अमिता अग्रवाल ने दी। वह केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में रविवार को आयोजित एसडी देवधर इंटरकॉलेजिएट रुमेटोलॉजी प्रतियोगिता और सीएमई को संबोधित कर रहीं थीं। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों से 16 टीमों ने भाग लिया।

प्रो. अमिता ने बताया गठिया का जो इलाज पहले इंजेक्शन के जरिए किया जाता था। उसके लिए अब दवाएं आ गई हैं। 60 से 70 फीसदी तक लोगों में यह दवाएं असर भी दिखा रही हैं। लोगों का जीवन गुणवत्तापूर्ण हो रहा है और वह अपना रोजमर्रा का काम आसानी से कर पा रहे हैं। प्रो. विकास अग्रवाल ने वास्कुलाइटिस के निदान और डॉ. दुर्गा प्रसन्ना ने संयोजी ऊतक विकारों पर चर्चा की। वहीं, डॉ. संदीप उपाध्याय ने रुमेटोलॉजी के बारे में अनुभव साझा किया।

प्रतियोगिता का संचालन कर रहे डॉ. मुकेश मौर्य और डॉ. अभिषेक ने बताया टीम बीएचयू और टीम केजीएमयू ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। अब दोनों टीमें जोनल राउंड में हिस्सा लेंगी। विजेता टीमों को डॉ. पुनीत कुमार और प्रो. उर्मिला धाकड़ ने सम्मानित किया।

सायरेक्स कंपनी समय पर ठीक नहीं करा पा रही उपकरण

अमृत विचार , लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल समेत तीन जिलों में करीब एक माह से अधिक समय से सीटी स्कैन मशीन खराब पड़ी है। उपकरणों की मरम्मत की जिम्मोदार सायरेक्स कंपनी को नोटिस जारी करने के साथ जुर्माना लगाने की संस्तुति अस्पताल प्रभारियों ने की है।

सायरेक्स कंपनी के पास बीपी मशीन, ऑक्सीजन पाइन लाइन, एक्सरे समेत सभी उपकरण ठीक करने का काम है। खराब होने के बाद सभी उपकरणों को तीन कार्यदिवस के अंदर ठीक करना होता है वरना इन पर जुर्माना लगाने का नियम है। लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल, सहारनपुर, अयोध्या में सीटी स्कैन मशीन खराब पड़ी हैं। कंपनी मशीन को ठीक नहीं कर पा रही है।

बलरामपुर अस्पताल में करीब एक माह दौरान करीब 700 से अधिक मरीजों की जांच टल गई है। वह जांच के लिए इधर-उधर दौड़ लगा रहे हैं। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण के मुताबिक, मशीन ठीक होने की प्रक्रिया में है। बताया कंपनी तय कार्यदिवस में मशीन को ठीक नहीं कर पाई।

सायरेक्स कंपनी के टेक्निकल हेड राघवेंद्र सिंह के अनुसार अयोध्या वाली सीटी स्कैन ठीक हो गई है। लखनऊ व सहारनपुर की मशीन के लिए पार्ट्स नहीं मिल रहे हैं। इसलिए मशीन ठीक होने में देरी लग रही है।

राजस्व टीम से युवक ने की मारपीट, रिपोर्ट

अमृत विचार, बाराबंकी : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के गोड़ा गांव में अवैध कब्जा हटवाने पहुंचे राजस्व टीम से एक युवक ने मारपीट की। क्षेत्रीय लेखपाल ने मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा उतपन्न करने का केस दर्ज कराया है। लेखपाल आशुतोष वर्मा के मुताबिक गोड़ा गांव में अवैध अतिक्रमण करने वालों को बेदखल किये जाने के आदेश पर टीम के साथ गुरुवार को जब वह गांव पहुंचा तो गांव के सरवन चौहान ने टीम को पैमाईश नहीं करने दी।

लापरवाही | सबसे अधिक बसें अयोध्या रोड, ट्रांसपोर्टनगर, अहिमामऊ के रास्ते पर चल रहीं

राजधानी में प्रवेश करने वाली सड़कों पर दौड़ रहीं डग्गामार बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डग्गामार बसों की वजह से लगता है भीषण लंबा जाम

अमृत विचार: डग्गमार बसों पर अंकुश लगाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से पिछले महीनों अभियान चलाया गया । डग्गामार बसों का संचालन किसी भी दशा नहीं हो इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिये थे, लेकिन कुछ बाद ही ऐसे वाहनों का संचालन लखनऊ समेत मुख्य सड़कों पर होने लगा है। डग्गामार बसों से बीते दिनों लखनऊ के दुबग्गा क्षेत्र में बड़ी दुर्घटना हुई थी, इसके बावजूद अधिकारी ढिलाई बरत रहे हैं।

लखनऊ के अंदर प्रवेश करने वाली सड़कों पर रोजाना दर्जनों की संख्या में डग्गामार बसें दौड़ रही हैं। जिन पर आरटीओ प्रवर्तन टीम और न ही यातायात विभाग का कोई प्रतिबंध नहीं दिख रहा है। सबसे अधिक डग्गामार बसें अयोध्या रोड, सुल्तानपुर रोड, अहिमामऊ, ट्रांसपोर्टनगर कानपुर रुट पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, आगरा एक्सप्रेसवे पर दौड़ रही हैं। पॉलिटेक्निक चौराहा से लेकर कमता ,चिनहट ,मटियारी बीबीडी, अहिमामऊ तक बस मालिकों ने परिवहन टीम से सेटिंग बना रखी है। गंभीर बात तो यह है इन बसों में साफ तौर पर दो गुना सवारियों को भरकर ढोया जा रहा है। पॉलिटेक्निक से सफेदाबाद तक डग्गामार बसों की वजह से रोजाना घंटों भीषण जाम लगता है, लेकिन परिवहन, पुलिस, यातायात की टीम मूकदर्शक बनी है। यही वजह है अवैध बसों के संचालन कराने वाले वाहन स्वामियों का हौसला बुलंद है। डग्गामार बस संचालक बस के बंफर से नंबर प्लेट छुपाकर रखते हैं। समय रहते परिवहन विभाग ने नहीं चेता तो कभी भी इन बसों से बड़ी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं।

राजधानी में जारी अवैध बसों का संचालन। अमृत विचार

> अवैध बसों के संचालन पर प्रतिबंध को लेकर संबंधित अधिकारियों, प्रवर्तन टीम को सख्त निर्देश दिये जा चुके हैं। अगर संचालन की शिकायत मिलती है तो अधिकारी, कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । अभियान लगातार चलाया जाएगा ।
>
> **-चन्द्र भूषण सिंह, परिवहन आयुक्त**

एक नजर

ट्रस्ट को मिली 9.5 क्विंटल चांदी मिंट को सौंपी गई

अयोध्या। अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण में ट्रस्ट को मिले सोना और चांदी की गुणवत्ता को परखने के लिए पहले चरण में 9 क्विंटल 44 किलो चांदी पूरे रिकॉर्ड के साथ मिंट के अधिकारियों को सौंप दी गई है। इसके साथ ही श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के दो सहयोगी भी हैदराबाद रवाना हुए हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक 4 वर्षों में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को 13 कुंतल चांदी और 20 किलो सोना प्राप्त हुआ है। इसकी गुणवत्ता के लिए भारत सरकार की संस्था मिंट के द्वारा जांच कराई जा रही है। पहले चरण में हैदराबाद के टकसाल की प्रयोगशाला में चांदी की जांच की जाएगी।

दुष्कर्म पीड़िता से पैसे मांगने का ऑडियो वायरल

रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक दुष्कर्म पीड़िता से मेडिकल के नाम पर महिला सिपाही द्वारा पैसे मांगने का एक ऑडियो वायरल हो रहा है। पुलिस विभाग वायरल ऑडियो की जांच की बात कह रहा है। थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली युवती से छेड़छाड़, दुष्कर्म व धमकी का एक मामला दर्ज किया गया। रविवार को दुष्कर्म पीड़िता का मेडिकल कराने को लेकर महिला सिपाही के द्वारा पैसा मांगने का आडियो चर्चा का विषय बन गया है। बताया जा रहा है कि वायरल आडियो में पीड़िता का मेडिकल कराने को लेकर एक महिला कांस्टेबल ने पीड़िता से एक हजार रुपए मांग रही है। वायरल ऑडियो में महिला कांस्टेबल ने दुष्कर्म पीड़िता और उसके पिता से कहा वकील को देने के लिए पैसे है, पुलिस के लिए नहीं, पैसे नहीं है तो मुकदमा क्यों लिखवाया? सीओ रुदौली आशीष निगम ने बताया पीड़िता का मेडिकल हो गया है। वायरल ऑडियो क्लिप की जांच की जा रही है।

बेटियों की हत्या कर पिता ने लगाई फांसी

वारदात से पहले पत्नी को किया था फोन, घटना से इलाके में फैली सनसनी

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार: प्रयागराज में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक बाप ने अपने ही कलेजे के टुकड़ों की गला रेतकर हत्या कर दी। फिर खुद भी फंदे से लटकर जान दे दी। वारदात से पहले पति ने अपनी पत्नी से फोन पर पूछा कि कितनी देर में घर वापस आओगी। पत्नी जब घर पहुंची तो कमरे में खून फैला हुआ था और पति फंदे से लटक रहा था। तीन शवों को देखकर वह दहाड़े मारकर रोने लगी। आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। खबर पर मौके पर एसपी एसएसपी फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि, अभी तक हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना धूमनगंज के रम्मन का पुरवा में रविवार दोपहर की है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी धूमनगंज थाना के रम्मन का पूरवा निवासी मनीष प्रजापति (30) है। यह पेटिंग का ठेका लिया करता था। वह रम्मन का पुरवा में किराए के मकान में रहता है। उसकी दो बेटियां थीं। बड़ी बेटी का नाम नैंसी पांच वर्ष और छोटी का नाम खुशबू तीन वर्ष था। आरोपी की पत्नी का नाम संगीता है। वारदात के वक्त पत्नी घर पर नहीं थी, वह बाजार गई हुई थी। आरोपी ने पत्नी को दो बार फोन किया था। लेकिन फोन नहीं उठा था। फिर तीसरी बार में पत्नी ने फोन उठाया। तो पूछा- कहां हो, कितनी देर में घर आओगी। पत्नी ने कहा कि अभी थोड़ी देर में आऊंगी। कोई काम है क्या। इसके बाद उसने फोन काट दिया।

पुलिस के मुताबिक, दोनों बेटियां कमरे में सो रही थीं। मनीष किचन से चाकू लेकर पहुंचा और दोनों का बेरहमी से गला रेत दिया। इससे पूरे बिस्तर और कमरे में खून फैल गया। इसके बाद वह पत्नी की साड़ी का फंदा बनाकर पंखे के हुक में फंसाकर लटक गया और खुदकुशी कर ली। पूरी घटना को अंजाम देने से पहले दरवाजे को अंदर से बंद कर लिया गया था। बाजार से पत्नी संजना जब वापस लौटी तो कई बार दरवाजा पीटा। अंदर से कोई आहट न मिलने पर खिड़की से झांकने लगी। संजना ने झांक कर देखा तो दोनों बच्चियां जमीन पर खून से लथपथ व पति फंदे से लटका हुआ था। ये सब देख पत्नी जोर-जोर से रोने लगी और बेसुध हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस के साथ एसपी एसएसपी और फोरेंसिक टीम भी पहुंची। मौके पर पुलिस ने सबूत जुटाये और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बृजभूषण ने द्रौपदी से की विनेश फोगाट की तुलना

संवाददाता, गोंडा

बृजभूषण शरण सिंह, पूर्व सांसद।

अमृत विचार: कांग्रेस में शामिल होने के बाद रेसलर बजरंग पुनिया व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बीच छिड़ी जुबानी जंग तेज हो गई है। शनिवार को बृजभूषण की मानसिकता खराब बताने वाले बजरंग के बयान पर रविवार को पूर्व सांसद ने पलटवार किया और विनेश फोगाट की तुलना द्रौपदी से कर डाली। बृजभूषण ने कहा पांच हजार साल पहले पांडवों ने अपनी पत्नी द्रौपदी को दांव पर लगाया था। इसके लिए लोग आज भी पांडवों की निंदा करते हैं। इसी तरह बजरंग पुनिया, दीपेंद्र हुड्डा व भूपेंद्र हुड्डा ने भी इस बार महिलाओं पर दांव लगाया है। पूर्व सांसद रविवार को अपने विश्नोहरपुर स्थित आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने को लेकर कहा कि बजरंग और विनेश के कांग्रेस में शामिल होने के बाद यह साफ हो गया है कि इस धरने को कौन लीड कर रहा था।

कार्यालय नगर पंचायत कुरारा–हमीरपुर

पत्रांक : 255/न0पं0कु0/अ0नि0सू0/2024–25 दिनांक : 07.09.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/अर्ह फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कुरारा को वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग योजना अन्तर्गत टाइड/अनटाइड ग्रान्ट की प्राप्त धनराशि के तहत जिलाधिकारी महोदय द्वारा स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नांकित कार्य के टेण्डर आमंत्रित किये जाते हैं टेण्डर फार्म निर्धारित नगद मूल्य जमा कर दिनांक 09.09.2024 से दिनांक 19.09.2024 तक 11.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा से प्राप्त किये जा सकते हैं तथा सीलबन्द टेण्डर दिनांक 20.09.2024 तक अपराहन्य 1.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत कुरारा/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय कार्यालय में रखे टेण्डर बाक्स में डाले जायेंगे जो इसी दिनांक को अपराहन्य 2.00 बजे प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय हमीरपुर के समक्ष खोले जायेंगे। टेण्डर खोलने के समय अनुपस्थित ठेकेदार की प्रतीक्षा नहीं की जायेगी। कार्यो की विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (2%)	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6
1	नगर पंचायत कुरारा के वार्ड नं0– 04 में हीरालाल के मकान से रामगोपाल के मकान तक सी0सी0 सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। (अनटाइड ग्रान्ट)	9.71	19420.00	1200.00	01 माह
2	नगर पंचायत कुरारा में तारिक खान के मकान से पप्पे चौरसिया के मकान तक नाला निर्माण कार्य। (टाइड ग्रान्ट)	9.52	19040.00	1200.00	01 माह

निर्धारित शर्ते :–

1. 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि निविदा क्रय करने के साथ ऑनलाइन ट्रान्जेक्शन /एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 के रूप जमा करनी होगी।
2. अनुबन्ध की कार्यवाही निविदा स्वीकृत होने के एक सप्ताह के अन्दर करनी होगी।
3. एक या समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. निविदा स्वीकृत होने के बाद 8 प्रतिशत जमानत एफ0डी0आर0/एनएस0सी0 के रूप में अधिशाषी अधिकारी के पक्ष में बन्धक कराकर जमा करनी होगी।
5. सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेंगी। प्रस्तावित कार्यो का स्थलीय निरीक्षण निविदा प्रस्तुत किये जाने के पूर्व कर लें निविदा स्वीकृति के उपरान्त कार्य के सम्बन्ध में कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।
6. निविदा के साथ 100/–रू0 व 10 रू0 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र संलग्न करना होगा जिसका प्रारूप नगर पंचायत से प्राप्त किया जा सकता है।
7. योजना से सम्बन्धित दिशा निर्देशों एवं शासनादेशों का अनुपालन टेण्डरदाता को करना होगा।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत कुरारा, हमीरपुर

तो मैं जेल में सड़ रहा होता: संजय

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करते मत्स्य मंत्री संजय निषाद। अमृत विचार

अमृत विचार: चौक में सर्राफा डकैती कांड का आरोपी मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद प्रदेश की सियासत गरम है। मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय निषाद ने मंगेश यादव एनकाउंटर पर अपनी सरकार का बचाव करते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोला है।

संजय निषाद ने सवाल खड़ा करते हुए कहा है, उनसे पूछा जाना चाहिए 7 जून 2015 को मैं गोरखपुर में रेल आंदोलन कर रहा था। उस समय सपा की सरकार थी, गोली मारी गई। उसमें मेरा एक भाई अखिलेश निषाद मारा गया तो क्या निषाद के बेटे को मारने में पुलिस भक्षक नहीं थी। उन्होंने कहा 302 का मुझे मुलजिम बना दिया गया था। अगर मेरा समाज नहीं होता तो मैं जेल में सड़ रहा होता। जिसकी सरकारों में होता रहा है, उसको लगता है ऐसा हो रहा है। इनके समय में जांच एजेंसिया संरक्षण प्राप्त थी। हमारे समय में जांच एजेंसिया सजा दिला रही हैं। एसटीएफ के सीओ डीके शाही के चप्पल पहनकर एनकाउंटर पर उन्होंने कहा ये जिसने किया है, उसी से पूछा जाए। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। जनता से वादा किया था माफिया मुक्त-भय मुक्त उप्र देने का। अपराध में जो भी शामिल रहेगा उन्हें उत्तर प्रदेश छोड़कर जाना पड़ेगा।

बुआ और भतीजी की डूबकर मौत

इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के भवनियापुर खुर्द गांव के मजरे छिछुली गांव की रहने वाली दो किशोरियों की तालाब में डूबकर मौत हो गयी। रविवार की सुबह दोनों का शव तालाब में उतराता मिला। दोनों आपस में बुआ-भतीजी थीं और शनिवार दोपहर घर से लापता थीं। परिवार वालों ने थाने में दोनों के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी और उनके तलाश में जुटे थे। रविवार की सुबह गांव की महिलाएं तालाब की तरफ गई तो उन्होंने दोनों के शवों को पानी में उतराता देख शोर मचाया। इसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई।

जूना अखाड़े ने माफिया को बनाया मठाधीश

कार्यालय संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। संगमनगरी में महाकुंभ से पहले जूना अखाड़ा के संतो में हंगामा खड़ा हो गया है। जूना अखाडा ने माफिया डान प्रकाश पाण्डेय उर्फ़ पीपी को पंच दशनाम जूना अखाड़ा का मठाधीश बना दिया है। जिसे लेकर संतो में नाराजगी है।

मालुम हो कि अल्मोड़ा जेल बंद प्रकाश पाण्डेय पीपी को आजीवन कारावास की सजा मिली है। माफिया डॉन प्रकाश पांडेय ' पीपी' को जूना अखाड़े में शामिल करते ही उनका नया नाम प्रकाशानंद गिरि दिया गया है। इसके दो दिन पहले प्रकाशानंद को जेल में ही श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा का संत और मठाधीश बनाने का फरमान जारी कर दिया गया था। इसकी जानकारी संत समाज में होते ही हंगामा खड़ा हो गया है। प्रकाश पाण्डेय के मठाधीश बनने को लेकर संत समाज में भी आलोचना की जा रही है। हलांकि तमाम चर्चाओ और आलोचना के बाद अखाड़ा प्रबंधन ने अपने कदम को पीछे कर लिया है। मालूम हो कि माफिया पीपी दाऊद इब्राहिम को मारने के लिए कराची जा पहुंचा था। जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक महंत हरि गिरि ने कहा कि इस मामले पर जांच की जा रही है।

सपा नेता की साढ़े आठ करोड़ की संपत्ति कुर्क

फर्रुखाबाद, अमृत विचार: गैंगस्टर के केस में आरोपित सपा नेता शिव प्रताप सिंह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। थाना मऊ दरवाजा पुलिस ने रविवार को 7.89 करोड़ से अधिक की संपत्ति को कुर्क की है। इसमें दुकानें, आवासीय भूखंड, बाइक सहित 14 वाहन शामिल हैं। छह खातों को फ्रीज कर उनमें जमा साढ़े पांच लाख से अधिक रुपए जब्त किए गए हैं। कोतवाली फतेहगढ़ में पूर्व बार संगठन महासचिव संजीव पारिया के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। इसमें राज्य स्तरीय माफिया बसपा नेता अनुपम दुबे और सपा नेता शिव प्रताप उर्फ चीनू को गैंग का सदस्य बताया गया था।

लूटकांड में जेल भेजे गए दीपू को क्लीन चिट

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार : 20 अगस्त को गदागंज थाना क्षेत्र के ढसवा मोड़ जलालपुर धई के पास सीएससी संचालक से हुई सात लाख की लूट के मामले में जेल भेजे गए युवक को कोर्ट ने रिहा कर दिया है। लूटकांड के बाद रास्ते में मिले रुपयों से भरे बैग को थाने वापस करने गए युवक को ही गदागंज पुलिस ने 26 अगस्त आरोपी बनाकर जेल भेज दिया था। शनिवार की रात को उसे रिहा कर दिया गया। जलालपुर धई निवासी रवि शंकर गदागंज में सीएससी चलते हैं। 20 अगस्त को शाम को दुकान बंद करके वह घर वापस जा रहे थे। तभी रास्ते में दो अज्ञात लोगों ने उनके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया।

राजाभैया की पत्नी ने मांगी सुरक्षा

लखनऊ, अमृत विचार: जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुरक्षा की गुहार लगाई है। भानवी ने एक्स पर लिखा है कि मैं भी एक महिला हूं, मेरे खिलाफ साजिश रची जा रही है, मुझे खतरा उत्पन्न हो गया है। ऐसे में आप राज्य के मुखिया होने के नाते किसी से भी मिल सकते हैं, लेकिन आप जिस शख्स मिल रहे हैं वह हमारे और हमारी बेटी के साथ इकोनामिक फ्रॉड के मामले में आरोपी भी हैं। उनके ऊपर आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली में केस चल रहा है। अक्षय प्रताप सिंह लगातार मेरे और मेरी बेटी के खिलाफ साजिश कर रहे हैं।

सांसद को नहीं मिलने दिया दुष्कर्म पीड़िता से

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार : खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म पीड़िता के घर शनिवार रात पहुंचे सांसद अवधेश प्रसाद को परिवारीजनों ने मिलने से मना कर दिया। मामले की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और कहने लगे कि घटना के तीसरे दिन आप आ रहे हैं। वह भी रात के अंधेरे में।

बताया जाता है कि पीड़ित परिवार के पक्ष में अभी तक सांसद का कोई बयान न आने से खार खाए परिजनों ने उनसे मुलाकात करने से मना कर दिया। सांसद ने ग्रामीणों से कहा हम पीड़िता और उनके परिवारीजनों के साथ खड़े हैं। सुरक्षा दिलाएंगे और मुआवजा भी। मौके की स्थिति ऐसी थी कि गांव में बिजली न होने से अंधेरा था। लोग मोबाइल की टॉर्च व बत्ती जलाकर सांसद की बात सुन रहे थे। कुछ ग्रामीणों द्वारा कहा गया कि पीड़ित परिवार को आरोपियों द्वारा मारने की धमकियां दी जा रही हैं, जिस पर सांसद ने कहा कि हम आ गए हैं अब आप लोगों को कोई धमकी नहीं दे सकता है। जिसने भी यह गलत कार्य किया है उसके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उसे फांसी की सजा भी मिलनी चाहिए।

साइकिल चालकों ने किया शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, नई दिल्ली

साइकिल चालकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते रेल अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: उत्तर रेलवे खेल संघ व कॉनकॉर द्वारा समर्थित रेलवे स्प्रिंट 50 किमी. साइक्लोथॉन में 200 से अधिक साइकिल चालकों ने धीरज और एथलेटिक क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। रविवार सुबह करनैल सिंह स्टेडियम में एजीएम/एनआर एके सिंघल ने हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरुआत कराई। कार्यक्रम साइकिलिंग को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने और एक स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने में मील का पत्थर साबित हुआ। ओलंपिक रजत पदक विजेता साक्षी मलिक व द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता जगदेव विष्ठ ने प्रतिभागियों को पदक प्रदान किए। कार्यक्रम रेलवे द्वारा आयोजित सबसे लंबा साइक्लोथॉन है। साइकिलिंग न सिर्फ एथलीट की ताकत बढ़ाता है बल्कि कार्डियोपल्मोनरी प्रदर्शन को भी बेहतर करता है। उत्तर रेलवे सेंट्रल हॉस्पिटल नई दिल्ली के ऑन्कोसर्जन आयरनमैन डॉ. बिश्वनाथ तिवारी ने लाभार्थियों को साइक्लोथॉन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। बताया कि साइकिल चलाने जैसी नियमित खेल गतिविधियां जीवनशैली संबंधी बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह और विभिन्न प्रकार के कैंसर जैसे स्तन, डिम्बग्रंथि, गर्भाशय, बृहदांत्र, अग्नाशय और यकृत कैंसर के जोखिम को काफी कम करता है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।

कार्यालय नगर पंचायत राजापुर चित्रकूट

पत्रांक– 363/नंपं0राजापुर/2024–25, दिनांक– 06/09/2024

भवन स्वामित्व नामान्तरण सम्बन्धी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने उनके नाम के सामने अकिंत भवन/स्वामित्व, नामान्तरण के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र इस कार्यालय में दिया है, उक्त नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति इस कार्यालय में दे सकता है, उक्त अवधि के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।

क0 सं0	नामान्तरण के लिए प्रार्थी/आवेदन का नाम	मकान नं0/प्लाट	नगर पालिका परिषद अभिलेखों में दर्ज भवन स्वामी/अध्यासी का नाम	भवन सं0 एवं मुहल्ला एवं नामान्तरण के लिए आवेदन किया गया है।	नामान्तरण का आधार
1	सुनीता देवी पत्नी स्व0 रामबाबू, अजीत कुमार पुत्र स्व0 रामबाबू, रोशन पुत्र स्व0 रामबाबू	304	सुनीता देवी पत्नी रामबाबू	304/दक्षिणनाका पश्चिमी भाग वार्ड नं0 05 राजापुर	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
2	राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पुत्र शिवनाथ गुप्ता	114	शिवनाथ गुप्ता पुत्र बैजनाथ गुप्ता	114/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग राजापुर	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
3	अरुण कुमार पुत्र स्व0 रामआसरे	119	रामआसरे पुत्र शीतल	119/माधौगंज धोबीगज राजापुर	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
4	रुपा देवी त्रिपाठी पत्नी रामबाबू त्रिपाठी	112	मन्नीलाल पुत्र जगदेव	112/वार्ड नं0 07 रुपौलिहा टोला	वारिश प्रमाण पत्र के अनुसार
5	दिनेश पुत्र बेला प्रसाद	प्लाट	–	माधौगंज राजापुर	इकरार नामा के आधार पर
6	गुडड़ी देवी पत्नी कमलेश	प्लाट	–	माधौगंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
7	राम राज्य पाण्डेय पुत्र जगमोहन पाण्डेय	प्लाट	–	वार्ड नं0 04 बाइपास रोड़ कारखाना	रजिस्ट्री के आधार पर
8	सत्यवान शुक्ला आदि पुत्र स्व0 जगदीश शुक्ला	33,34,35,40,89	जगदीश शुक्ला पुत्र बाबूलाल	रुपौलिहा टोला दक्षिणी भाग	वारिश के आधार पर
9	मुन्नी देवी पत्नी स्व0 रजवन्त सिंह	186	रजवन्त सिंह पुत्र मुन्नू सिंह	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	वारिश के आधार पर
10	मैना देवी पत्नी कपेश सोनकर	–	–	वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर	हलफनामा के आधार पर
11	सुन्ता देवी पत्नी उमेश सोनकर	–	–	वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर	हलफनामा के आधार पर
12	मोहनलाल पुत्र शिवप्रसाद	प्लाट	–	वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
13	ममता गोस्वामी पत्नी सिकन्दर गोस्वामी	216	अकुंश कुमार पुत्र सन्तोष कुमार	वार्ड नं0 06 गयागंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
14	लक्ष्मीनारायण मिश्र पुत्र स्व सत्यदेव मिश्रा	104	कुलदीप पुत्र राजेन्द्र	104/वार्ड नं0 09 अंजहाई राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
15	श्रीमती मधुकला पत्नी श्री राजू	135	मो0 शब्बीर पुत्र रमजान अली	135/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	रजिस्ट्री के आधार पर
16	श्रीमती चुनकी देवी उर्फ अर्चना पत्नी शैलेश	–	–	वार्ड नं0 06 गयागंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
17	रमेश गुप्ता, राकेश पुत्र स्व0 छोटेलाल, दिब्याशं पुत्र स्व0 राजेश	51	छोटेलाल पुत्र बल्देव	51/ माधौगंज राजापुर	वारिश के आधार पर
18	उमेश कुमार सोनी पुत्र शंकर लाल सोनी	11	श्री शिवा पुत्र शिवपूजन	11/ वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	रजिस्ट्री के आधार पर
19	नीरज शिवहरे पुत्र स्व0 शंकर लाल शिवहरे, मोहिनी जायसवाल पत्नी स्व0 रामदास शिवहरे	108	श्रीमती हंसवती पत्नी स्व0 शंकर लाल	108/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	दान रजिस्ट्री के आधार पर
20	मालती देवी पत्नी वंशीलाल	–	–	वार्ड नं0 08 कटरा पश्चिम भाग राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
21	दिलीप सोनी पुत्र उजागर सोनी	–	निर्मल चन्द्र पुत्र भूपेन्द्र नाथ	रुपौलिहा टोला दक्षिणी भाग राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
22	उरगेश पुत्र मंगल सोनकर	–	–	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	खतौनी के आधार पर
23	रामसखी पुत्री स्व0 रामभरोसा	–	–	वार्ड नं0 14 मानसनगर राजापुर	हलनामा के आधार पर
24	लक्ष्मी देवी पत्नी प्रताप चन्द्र	83	प्रताप चन्द्र पुत्र शिवमंगल	83/वार्ड नं0 11 दक्षिणी नाका पूर्वी भाग	हलनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर
25	उमाशंकर केशरवानी पुत्र रामनरेश	191	स्व0 रामनेरश पुत्र हनुमानप्रसाद	191/वार्ड नं0 14 मानस नगर राजापुर	वारिस के आधर पर
26	गया प्रसाद पुत्र सुन्दर लाल	–	सुन्दरलाल पुत्र तुलसी	चिल्लीमल, तह0 राजापुर चित्रकूट।	वारिस के आधर पर
27	सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र सुन्दर लाल	86	सुन्दरलाल पुत्र कन्हैला लाल	86/वार्ड नं0 10 रुपौलिहा टोला राजापुर	आपसी बटवारा के आधार
28	हुब्बलाल सोनी पुत्र वंश गोपाल	–	लक्ष्मनदत्त पुत्र रामआसरे	कर्वी राजापुर पुरानी प्रेट्रोल पम्प के पास	रजिस्ट्री के आधार पर
29	शिवमूरत पुत्र रामशरन	135	रामचरन उर्फ लाला	सोनरहटी गली, मानस नगर राजापुर	हलफनामा के अनुसार
30	सन्तोष कुमार निषाद पुत्र कन्धई निषाद	–	राममिलन वर्मा	माधवगंज राजापुर जनपद चित्रकूट।	इकरार नामा के आधार पर
31	शीतल प्रसाद सोनकर पुत्र गोपी	67	–	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	इकरार नामा के आधार पर
32	भगवानदास पुत्र बच्चनराम	–	सुनिता निषाद पत्नी महेश	रुपौलिहा टोला राजापुर	शपथ पत्र के आधार पर
33	श्रीमती सुनीता देवी पत्नी रामू वर्मा	–	कामिनी देवी पत्नी अखिलेश	माधौगंज धोबीगंज राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
34	सुषमा जायसवाल पत्नी ज्ञानप्रकाश जायसवाल	–	शेखकालू पुत्र शेखनूर मुहम्मद	गयागंज राजापुर चित्रकूट	रजिस्ट्री के आधार पर
35	श्रीमती पूनम गुप्ता पत्नी अरबिन्द गुप्ता	–	उमेश कुमार केशरवानी पुत्र जमुना प्रसाद	वार्ड नं0 05 दक्षिणी नाका पश्चिमी भाग राजापुर चित्रकूट।	रजिस्ट्री के आधार पर
36	पंकज,नीरज, धीरज पुत्रगण सुरेश चन्द्र कुशवाहा	–	मनीष कुमार पुत्र सीताराम	वार्ड नं0 04 कारखाना राजापुर	रजिस्ट्री के आधार पर
37	मंजू देवी पत्नी राजेश, राकेश, जितेन्द्र पुत्रगण बिन्देश्वरी	130	श्रीमती कंचन पत्नी बिन्देश्वरी	130/वार्ड नं0 12 पश्चिम नाका, राजापुर जनपद चित्रकूट।	वारिस के आधार पर
38	गोपाल जी अग्रवाल पुत्र स्व0 गोपेश्वर नाथ अग्रवाल	15, 16	गोपेश्वर नाथ पुत्र रेवती लाल	वार्ड नं0 10 रुपौलिहा टोला दक्षिणी नाका	वारिस के आधार पर

अधिषाशी अधिकारी
नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट।

अध्यक्ष
नगर पंचायत राजापुर, जनपद चित्रकूट।

एक नजर

रानीखेत विधायक के भाई को रिहा करने के विरोध में मुख्यमंत्री का फूंका पुतला

रानीखेत : क्षेत्रीय विधायक के भाई सतीश नैनवाल के अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर पर 40 जिंदा कारतूस के साथ 57वाहिनी एसएसबी ने जब्त किये व इनकी तुरंत गिरफ्तारी की गई। परंतु जीरो टोलोरेंस की सरकार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हस्तक्षेप के तुरंत बाद विधायक के भाई व उसके साथी को रिहा किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध किया। वक्ताओं ने कहा कि निरंतर रानीखेत विधानसभा के नाम को बदनाम करने व तस्करी जैसे गंभीर मामलों में लगातार क्षेत्रीय विधायक व उसके भाई की संलिप्तता देखने को मिली। कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष गीता पवार, एससी विभाग जिलाध्यक्ष ललित मोहन आर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष महेश आर्या, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, हेमंत सिंह बिष्ट, त्रिलोक आर्या, सुरेन्द्र पवार, पंकज गुरुरानी, मो. शहनवाज़, गोविंद राम, मो. उजेब आदि मौजूद रहे।

मानसिक मंदित से विवाह कराने पर चार पर रिपोर्ट

बरेली : एक युवती की कश्यप समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में मानसिक मंदित से शादी करा दी गई। ससुराल जाने पर युवती को इसका पता चला तो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से शिकायत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता के मुताबिक, उसका विवाह 23 जून 2023 को बिथरी चैनपुर के एक गांव निवासी युवक से कराया था। आरोप है कि ससुराल जाने के बाद पता चला कि उसके पति मानसिक रूप से कमजोर हैं। ससुर हम बिस्तर बनाकर रखने की जिद करते थे। विरोध करने पर सभी लोग उसके साथ मारपीट करने लगे। देवर कहता है कि उसके कहे अनुसार नहीं चलेगी तो यहां नहीं रहने देंगे।

जंगली जानवर के हमले में छह घायल

कार्यालय संवाददाता, बहजोई/संभल

अमृत विचार : जनपद में जंगली जानवर ने अब तक चार महिलाओं व बच्ची सहित छह लोगों को हमला कर घायल कर दिया है। इस बीच भेड़िये के हमले की सूचना मिलने पर डीएम व एसपी वन विभाग के अफसरों को लेकर गांव पहुंचे। वन विभाग ने दावा किया है कि पग चिन्हों से साफ है कि हमला करने वाला जानवर भेड़िया नहीं बल्कि गीदड़ या कुत्ता है।

गांव श्योराजपुर की मढैया में चारा लेने गई महिला माया देवी और उनके साथ गई दो बेटियों पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जंगली जानवर ने रविवार को पड़ोसी गांव दिलगोरा में खेत पर काम कर रहे ऋषिपाल तथा उसकी बेटी मीणा व राजपाल पर हमला कर दिया। लगातार हमले से दर्जनों गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीण भेड़िए द्वारा हमला किये जाने का दावा कर रहे हैं। बच्चों को घर से जाने से रोक दिया गया है जबकि ग्रामीण खुद भी अकेले घर से नहीं निकल रहे हैं।

> जंगली जानवर द्वारा हमले की जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक व वन विभाग के अधिकारियों के साथ गांव गए थे। क्षेत्र में भेड़िए की मौजूदगी या हमला करने के कोई संकेत नहीं मिले हैं। जंगली जानवर को पकड़ने व ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए वन विभाग व पुलिस की टीम को सक्रिय कर दिया गया है।
>
> –राजेंद्र पैंसिया, जिलाधिकारी

जंगली जानवर के पैरों के निशान देखे

जंगली जानवर द्वारा हमला करने की सूचना मिलने पर डीएम राजेंद्र पैंसिया, एसपी कुलदीप सिंह गुनावत व डीएफओ सूरज कुमार अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे। ग्रामीणों ने भेड़िए द्वारा हमले की बात कही तो वन विभाग ने भेड़िया नहीं होने का दावा किया। कहा कि हमला करने वाला जानवर गीदड़ या कुत्ता हो सकता है। डीएम ने वन विभाग की 10 सदस्यीय टीम बनाकर पूरी निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

खुद ही सुरक्षा का लिया जिम्मा

ग्रामीणों ने कहा है कि उन्होंने खुद ही अपनी सुरक्षा का जिम्मा लिया है। ग्रामीण प्रेम सिंह ने बताया कि अब दिन रात टोलियां बनाकर अपनी सुरक्षा करेंगे।

प्रकाश पांडे को जेल में मिली कथित दीक्षा की होगी जांच

देहरादून : अल्मोड़ा जेल में बंद अंडरवर्ल्ड डॉन प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को महंत पद की दीक्षा दिए जाने के प्रकरण को सरकार ने गंभीरता से लिया है। विशेष सचिव रिद्धिम अग्रवाल ने कारागार निदेशालय को इस मामले में जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मालूम हो कि बीते दिनों कतिपय व्यक्तियों द्वारा अल्मोड़ा जेल में बंद प्रकाश पांडे उर्फ पीपी को महंत पद की दीक्षा दिए जाने का दावा किया गया था। विशेष सचिव रिद्धिम अग्रवाल ने अपर महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग यशवंत चौहान को जांच अधिकारी नामित किया।

पकड़ा गया फर्जी एमबीबीएस डिग्रीधारक

ब्यूरो, देहरादून

- फर्जी डिग्री से राजकीय अस्पताल में प्राप्त कर ली थी नौकरी
- तीन वर्षों से चल रहा था फरार पांच हजार का था इनाम

अमृत विचार : दून पुलिस ने फर्जी एमबीबीएस डिग्रीधारक को गिरफ्तार किया है। फर्जी डिग्री के आधार पर आरोपी ने राजकीय अस्पताल में नौकरी प्राप्त कर ली थी। वह तीन वर्ष से फरार चल रहा था। दून पुलिस ने उसे करनाल (हरियाणा) से गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, नकरौंदा, डोईवाला निवासी अनिल कुमार नौटियाल ने फर्जी एमबीबीएस की डिग्री के आधार पर तीन वर्ष पहले स्वास्थ्य विभाग में उपजिला चिकित्सालय रूड़की में चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्ति पा ली थी। इसको लेकर अनिल द्वारा उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल व उत्तराखंड आयुर्विज्ञान परिषद में उपलब्ध कराए गए एमबीबीएस डिग्री के प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजों की जांच की गई तो वे फर्जी पाए गए। अनिल ने एमबीबीएस की डिग्री उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर, उड़ीसा की दी थी।

पकड़ा गया आरोपी अनिल कुमार।

मामले का खुलासा होने पर उत्तराखंड मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ डीडी चौधरी की ओर से अनिल नौटियाल के खिलाफ थाना रायपुर में धोखाधड़ी, जालसाजी कर कूटरचित दस्तावेज बनाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया। मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी फरार हो गया। जिस पर पुलिस द्वारा कोर्ट के आदेश पर उसके घर की कुर्की भी कर ली गई। बाद में दून पुलिस ने उस पर पांच हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। इस बीच मिली जानकारी के बाद पुलिस ने अभियुक्त अनिल नौटियाल को हरियाणा के करनाल से गिरफ्तार कर लिया।

धामी सरकार 4400 पदों पर करेगी भर्तियां

रिक्त पदों के लिए आयोग 15 से शुरू करेगा प्रकिया, मिलेगी नौकरी

ब्यूरो, देहरादून

- धामी सरकार में अब तक 16 हजार से ज्यादा युवाओं को मिल चुकी नौकरी
- पुलिस, वन आरक्षी समेत इंटर और स्नातक स्तरीय पदों पर मिलेगी नौकरी

अमृत विचार : राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। सरकार 11 विभागों में रिक्त समूह ग के 4405 पदों पर इसी माह भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने 15 सितंबर से आवेदन से लेकर परीक्षा और परिणाम का शेड्यूल जारी करने का निर्णय लिया है।

धामी सरकार ने महज तीन साल के भीतर 16 हजार युवाओं को विभिन्न विभागों में नौकरी देने का रिकॉर्ड बनाया है। यह आंकड़ा राज्य बनने के 23 साल में किसी सरकार में युवाओं को मिली नौकरियों से अधिक है। सरकार यूकेएसएसएससी, यूकेपीएससी, चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड आदि के मार्फत नौकरी दिलाने की प्रक्रिया में जुटी है। इसमें पुलिस दरोगा समेत शिक्षकों के सैकड़ों पदों पर वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया गतिमान है। मुख्यमंत्री ने यूकेएसएसएससी द्वारा स्वीकृत अधियाचन वाले पदों पर पारदर्शिता और समय सीमा के भीतर भर्ती करने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष जीएस मर्तोलिया ने बताया कि 11 विभागों से करीब 4405 रिक्त पदों पर भर्ती के अधियाचन स्वीकृत हुए हैं। आयोग ने इन रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती की तैयारी पूरी कर ली है। 15 सितंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। साथ ही परीक्षा तिथि से लेकर परिणाम का शेड्यूल भी जारी कर दिया जाएगा।

इन पदों पर होगी भर्ती

आयोग के अनुसार 15 सितंबर से पुलिस आरक्षी के 2000, वन आरक्षी के 700, इंटर स्तरीय सींचपाल, कनिष्ठ सहायक, राजस्व सहायक, मेट, कार्य पर्यवेक्षक के 1200, वैयक्तिक सहायक के 280, वैज्ञानिक सहायक के 50, स्नातक स्तरीय 50, सहायक विकास अधिकारी के 40, वाहन चालक 25, लाइब्रेरियन के 10, प्राईमरी शिक्षक एसटी के 15, आईटीआई विभिन्न ट्रेड के 35 पदों पर भर्ती होनी है।

नरसंहार से इनकार पर चुनाव से दूर रहेंगे कश्मीरी पंडित

जम्मू, एजेंसी

- राजनीतिक दलों पर लगाया अनदेखी का आरोप

जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को हटाने के बाद पहली बार हो रहे विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आने पर कश्मीरी पंडित समुदाय के कई संगठनों ने उनका नरसंहार होने की बात से लगातार इनकार करने को लेकर केंद्र शासित प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया से दूर रहने का फैसला किया है।

मतदान से दूर रहने का निर्णय कश्मीरी पंडित नागरिकों की बैठक में लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडित नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में एक ऐसे चुनाव में भाग लेने की नैतिक और राजनीतिक दुविधा पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें उनके नरसंहार को स्वीकार करने संबंधी समुदाय की मांग की अनदेखी की जाती रही है और जिसके परिणामस्वरूप उन्हें जबरन पलायन करना पड़ा। वकील एवं संवैधानिक मामलों के विशेषज्ञ टीटो गंजू ने कहा कि पिछले कई दशकों से हम निर्वासित समुदाय के रूप में रह रहे हैं और यह देख रहे हैं कि कैसे एक के बाद एक सरकारें और राजनीतिक दल हमारे पलायन और हमारी पीड़ा को चुनावों के दौरान चर्चा का विषय बनाते हैं। गंजू ने कहा कि इन चुनावों में भाग लेकर हम उसी व्यवस्था की मदद करेंगे, जो हमें लगातार नकारती रही है।

गंजू ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव से दूर रहने से राजनीतिक प्रतिष्ठान को स्पष्ट संदेश जाएगा कि कश्मीरी पंडितों को एक बड़े राजनीतिक खेल में महज मोहरे के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, जो उनकी वैध शिकायतों की अनदेखी करता हो।

टीएमसी के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार देंगे इस्तीफा

कोलकाता, एजेंसी : तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि वह राजनीति भी छोड़ देंगे। सरकार ने तृणमूल सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लिखे पत्र में उनसे राज्य की सुरक्षा के लिए कुछ करने का आग्रह किया। उन्होंने दो पन्नों के पत्र में कहा कि मैं वर्तमान परिस्थितियों में (पार्टी में) और नहीं रह सकता। राज्यसभा सांसद ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को सांसद पद छोड़ने के अपने फैसले के बारे में सूचित करने के लिए पत्र लिखा है और जल्द ही राज्यसभा के सभापति से मिलकर अपना त्यागपत्र सौंपेंगे। पूर्व नौकरशाह ने डॉक्टर की हत्या के बाद के घटनाक्रमों से निपटने के राज्य सरकार के तरीके की आलोचना की।

पेसमेकर घोटाला: सप्लाई एजेंट गिरफ्तार

संवाददाता, सैफई (इटावा)

- सैफई आयुर्विज्ञान विवि में हुए इस घोटाले के चलते 17 मरीजों की हुई थी मौत
- इस मामले में मुख्य आरोपी डॉ. समीर सर्राफ को पुलिस पहले ही भेज चुकी है जेल

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई के बहुचर्चित पेसमेकर घोटाले में पुलिस ने एक और आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। यह अभियुक्त पेसमेकर घोटाले के मुख्य आरोपी डॉ. समीर सर्राफ को अनावश्यक आर्बिट्रेरी परचेज और नॉन एमआरआई पेसमेकर सप्लाई करता था।

इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में हुए पेसमेकर घोटाले के चलते करीब 17 हृदयरोगियों की मौत का मामला सामने आने के बाद जांच हुई, जिसके बाद कार्डियोलॉजी विभाग में तैनात सहायक प्रोफेसर डॉ. समीर सर्राफ को गिरफ्तार किया गया, अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच गहनता से की जा रही है।

नकली पेसमेकर घोटाले के मामले में इन्द्रजीत निवासी कल्यानपुर जनपद कानपुर नगर (मूल निवासी आजमगढ़) को लंबी जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है। 7 फरवरी 2022 को सैफई आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के चिकित्साधीक्षक डॉ. आदेश कुमार ने कार्डियोलोजी विभाग सैफई के तत्कालीन असिस्टेन्ट प्रो. डॉ. समीर सर्राफ के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मामले में मुख्य आरोपी डॉ. सर्राफ को 7 नवंबर 2023 को गिरफ्तार किया गया था एवं बाकी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयासरत थी।

वर्ष 2018 से डॉ. सर्राफ द्वारा मरीजों को नॉन एमआरआई पेसमेकर लगाकर एमआईआई पेसमेकर का मूल्य परिजनों से वसूला गया। बायोट्रोनिक कंपनी के एमआरआई पेसमेकर का मूल्य लगभग 2 लाख रुपये तथा नॉनएमआरआई पेसमेकर का मूल्य 80-90 हजार तक होता है। इस वसूली की अधिक धनराशि में से 10 प्रतिशत इंद्रजीत को दिया जाता था।

कैंसर से परेशान सर्राफ ने खुद को मारी गोली, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- नगर के प्रमुख सराफ थे प्रदीप कुमार गुप्ता, मुंह में था कैंसर

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला रानीगंज निवासी सर्राफा व्यापारी प्रदीप कुमार गुप्ता ने रविवार की सुबह करीब 6:30 बजे घर पर खुद को रायफल से गोली मार ली। उनकी मौके पर मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रायफल कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वह कैंसर से पीड़ित थे।

मोहल्ला रानीगंज निवासी सर्राफ प्रदीप कुमार गुप्ता (68) शहर के प्रमुख सर्राफा व्यापारी थे और सोने-चांदी का थोक का व्यापार करते थे। परिवार वालों ने बताया कि कैंसर से पीड़ित होने से वह काफी परेशान थे। रविवार की सुबह दूसरे तल पर प्रदीप ने रायफल की नाल मुंह पर रख ली और खुद को गाली मार ली। उनका सिर पूरी तरह से क्षत-विक्षत हो गया। गोली चलने की आवाज पर परिवार और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा उनका खून से लथपथ शव फर्श पर पड़ा था। परिवार वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि प्रदीप कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। इसी के चलते उन्होंने आत्महत्या की है।

वर्ग पहेली-186

बाएं से दाएं

3. 1. एक तरह का मीठा बड़ा, खंडबरा 2. मिसरी का लड्डू।
6. 1. रस्सी या डोरी लगी हुई 2. औषधि की छोटी टिकिया, गोली।
8. 1. राजा का परिवार 2. राजकीय परिवार के सदस्य।
9. 1. पत्ता, पत्र, पल्लव 2. कान में पहना जाने वाला एक प्रकार का गहना जो पत्ते के आकार का होता है।

ऊपर से नीचे

1. घनघोर, घना, निविड़।
2. लेख के रूप में विज्ञापन का प्रकाशन।
4. 1. गोला, छोटी गोली, वटी 2. एक पकवान, पीठी से बनाई गई बड़ी।
5. सूर्य तथा ग्रह-नक्षत्र आदि, सौरमंडल, सौरपरिवार, (सोलरसिस्टम)।
7. पुरवा हवा, पूर्व से चलने वाली या आने वाली वायु, पूर्व की वायु।



वर्ग पहेली -185 का हल

	1 छी		2 ठे	
3 प	तं	4 वि	का	
ना		प		
	5 क	ट	वा	
6 टा	न	ना		7 आ
8 बें		क		सा
त		9 ना	म	ही	न

विडंबना

जिला अस्पताल के मन कक्ष की रिपोर्ट के अनुसार गंभीर मरीजों की संख्या 21,693

चार वर्ष में मिले 1 लाख से अधिक मानसिक रोगी

अंकित चौहान, बरेली

- अन्य मरीजों की संख्या 80143, मरीजों में 15 से 45 वर्ष के शामिल

अमृत विचार: लोगों की दिनचर्या में लगातार बदलाव हो रहा है। लोग परिवार के साथ कम समय बिताकर सोशल मीडिया पर ज्यादा समय दे रहे हैं। इसकी वजह से उनका मानसिक स्वास्थ्य भी असंतुलित हो रहा है।

यही वजह है कि मंडल में मानिसक रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जिला अस्पताल के मन कक्ष में चार वर्ष में मंडल के 1,01,836 मरीज मानसिक रोगों से ग्रसित मिले हैं। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार, इन मरीजों में 80 फीसदी बरेली के है। इसके आलावा बाकी मरीज पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के हैं। इनमें सबसे अधिक 21,693 मरीज गंभीर मनोरोग जैसे सिजोफ्रेनिया, द्विध्रुवी विकार, अवसाद, पैनिक डिसऑर्डर और ऑब्सेसिव-कंपल्सिव डिसऑर्डर से ग्रसित हैं। इनमें 15 से 45 वर्ष तक के मरीज शामिल हैं। इसके अलावा 80143 मरीज सामान्य मनोरोग जैसे अनिद्रा, चिड़चिड़ापन, सामान्य अवसाद समेत अन्य रोगों की चपेट में मिले।

मन कक्ष के प्रभारी डॉ. आशीष के अनुसार मन कक्ष में रोजाना 40 से 50 मरीज पहुंचते हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या मानसिक तनाव और डिसआर्डर से ग्रसित मिल रहे हैं। साल दर साल मरीजों संख्या बढ़ रही है। कोविड के बाद से मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है।

मरीज घबराए नहीं, इलाज कराएं

डॉ. आशीष के अनुसार मानसिक तनाव की वजह से मनोरोगी बढ़ रहे हैं। लोगों को जादू-टोना छोड़कर विशेषज्ञों से इलाज कराना चाहिए। अक्सर लोग झाड़-फूंक के चक्कर में पड़ जाते हैं, जिससे मानसिक रोगी की हालत और बिगड़ जाती है। उन्होंने कहा कि मनोरोग लाइलाज नहीं है। समय पर कुशल चिकित्सक के पास जाकर इलाज शुरू कराना चाहिए।

सुडोकू -99

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7			6			9	
	2	5		1				4
6		9			2			8
		3			8		2	9
	6						3	
1	8		2			5		
4			3			6		5
2				8		9	7	
		8		5			1	

सुडोकू -98 का हल

7	5	3	1	4	8	9	2	6
2	4	6	5	9	7	1	8	3
1	8	9	2	3	6	7	4	5
4	6	5	8	7	3	2	1	9
3	7	1	9	2	5	8	6	4
9	2	8	4	6	1	5	3	7
5	9	4	6	1	2	3	7	8
6	3	2	7	8	9	4	5	1
8	1	7	3	5	4	6	9	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.53 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 18.04 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष – आज परिवार और ऑफिस में बड़ी ज़िम्मेदारी ले सकते हैं। आवश्यक सामान में धन खर्च कर सकते हैं। घर में किसी मांगलिक कार्य की योजना बनने की संभावना है। अल्प श्रम से अधिक लाभ की प्राप्ति होगी।

वृष – आज राजनीति से जुड़े लोगों को दल और समाज में विशेष महत्व या उच्च पद दिया जा सकता है। अचानक धन की प्राप्ति भी हो सकती है। घर के सदस्यों के साथ संबंध खराब न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

मिथुन – आज आपकी यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। फिल्म और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े जातकों को बेहतरीन लाभ मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। नव दंपतियों के मध्य प्रेम बढ़ेगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मधुर रहेंगे।

कर्क – आज जॉब में अपनी योग्यता प्रदर्शित कर पाएंगे। अपने बजट को संतुलित रखने का प्रयास करें। दांपत्य जीवन में आपसी समन्वय बढ़ेगा। कोई मूल्यवान वस्तु खरीद सकते हैं। खान-पान को आप विशेष महत्व देंगे।

सिंह – आज प्रेम संबंधों में निकटता का एहसास होगा। आर्थिक स्थिति संतोषजनक रहेगी। आपको कोई बड़ा सम्मान मिल सकता है। व्यापार में नए प्रयोग कर सकते हैं। जीवनसाथी को पूरा समय देंगे। उनकी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखेंगे।

कन्या – आज आप नए विचारों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। अपनी प्रतिभा का बेहतरीन उपयोग कर पाएंगे। अचानक विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है।

तुला – आज आप अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। उलझे हुए मामले सुलझ सकते हैं। रहन-सहन से वैभव और ऐश्वर्य दिखाई देगा। तकनीकी संबंधी उद्योगों में अच्छा लाभ मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में सोच-समझकर निर्णय लें। व्यवसाय की समस्याओं को दूर करने में सफल होंगे।

वृश्चिक – आज सेवा प्रदाता जैसे व्यवसायों में तेजी देखने को मिलेगी। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। शत्रु वर्ग से समझौता होने की संभावना बन सकती है। नव दंपति फैमिली प्लानिंग की योजना बनाएंगे। जीवन में काफी शांति रहेगी।

धनु – आज व्यापार में विस्तार करने की योजना बनाएंगे। गृहस्थ जीवन की समस्याओं का निराकरण कर लेंगे। राजनीतिक लोगों के बीच आपकी पकड़ मजबूत हो सकती है। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे। सरकारी योजनाओं से लाभ मिल सकता है।

मकर – आज आप बचत और आय दोनों पर ध्यान देंगे। चिकित्सकों और वकीलों के लिए सप्ताह विशेष शुभ रहेगा। लवमेट्स के प्रति आपका रवैया उदार रहेगा। आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से बहुप्रतीक्षित मुलाकात होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ – आज बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। भौतिक सुख-सुविधाओं के प्रति अत्यधिक आकर्षित रहेंगे। जॉब में आपका प्रदर्शन प्रशंसनीय रहेगा। ऑनलाइन शॉपिंग में नए ऑफर मिल सकते हैं। घर में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

मीन – आज आपके सहज स्वभाव से आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही शानदार रहने वाला है। धन को लेकर चिंता दूर होगी। पार्टनर्स के साथ चल रहे विवाह थम सकते हैं। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति हो सकती है।

आज की फिल्में

जीवन युद्ध
सुबह : 09.00

तकदीर का तमाशा
शाम : 06.00

मि. एंड मिसेज खिलाड़ी
सुबह : 11.19

दोबारा
रात : 08.00

वंडर वुमन 1984
सुबह : 10.32

इट चैप्टर टू
रात : 08.45

रक्षा बंधन
सुबह : 11.42

क्रैक
रात : 08.00

फिर हेरा फेरी
दोपहर : 12.01

टाइगर नागेश्वर राव
रात : 07.59

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पति- पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे।
पति – जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली – और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है?
पति – कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है।

पुलिस- घर में मालिक होते हुए तूने चोरी कैसे की?
चोर- साहिब आपकी नौकरी भी अच्छी है, सैलरी भी अच्छी है, फिर आप ये सब सीख कर क्या करोगे?
चोर की बात सुनकर पुलिस की हैरान रह गई।

एक नजर

मीरवाइज नजरबंद, नहीं दे सकेंगे उपदेश

श्रीनगर। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य मौलाना मीरवाइज उमर फारूक को रविवार को फिर से नजरबंद कर दिया गया और उन्हें श्रीनगर में मनाये जाने वाले सालाना उर्स के अवसर पर ख्वाजा दीगर या सामूहिक अस्र की नमाज से पहले नक्शबंद साहिब दरगाह पर उपदेश देने की अनुमति नहीं दी गयी। अंजुमन औकाफ जामा मस्जिद ने कहा कि अधिकारियों ने एक बार फिर मीरवाइज को नजरबंद कर दिया है।

नाइट क्लब के बाहर गोलीबारी में एक गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के शाहदरा में एक नाइट क्लब के बाहर चार लोगों द्वारा कथित तौर पर गोलीबारी करने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि देर रात 12 बजकर 59 मिनट पर पुलिस को झिलमिल औद्योगिक क्षेत्र स्थित कांच क्लब के बाहर गोलीबारी की सूचना मिली। एसीमापुरी पुलिस थाने का एक दल घटनास्थल पर पहुंचा और क्लब के बाहर सड़क पर दो कारतूस और आठ खाली खोखे बरामद किए। उन्होंने बताया कि क्लब के दरवाजे पर गोली लगने के दो निशान थे।

अल्युमिना रिफाइनरी में तीन की मौत, एक घायल

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक अल्युमिना रिफाइनरी में कोयले से भरा एक हॉपर गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि लापता हो गये एक श्रमिक का पता लगाने के लिए बचाव प्रयास जारी हैं। रघुनाथपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के सिलसिला गांव में मा कुदारगढ़ी अल्युमिना रिफाइनरी में पूर्वाह्न करीब 11 बजे यह घटना घटी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक सूचना के मुताबिक कोयले से भरा एक हॉपर उसके नीचे काम कर रहे लोगों के ऊपर गिर गया।

यूपीएससी का अभ्यर्थी आठवीं मंजिल से कूदा, मौत

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में सिविल सेवा के एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की आठवीं मंजिल से छलांग लगा कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे वर्तक नगर इलाके में हुई। वर्तक नगर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को व्यक्ति के घर से एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें उसने अपने परिवार के सदस्यों से माफी मांगते हुए कहा था कि वह सभी लोगों की उम्मीदों को पूरा नहीं कर सका और इस दुनिया में जीवित रहना अब उसके लिए मुश्किल हो रहा है। अभ्यर्थी के दोस्तों के अनुसार वह यूपीएससी की परीक्षा पास नहीं कर पाने से अवसाद में था।

मतदाताओं को डराने का आरोप-प्रत्यारोप

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर नेकां और भाजपा ने एक दूसरे पर लगाए आरोप

श्रीनगर, एजेंसी

- भाजपा ने नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला पर धमकाने का आरोप लगाते हुए आयोग से की शिकायत

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को एक-दूसरे पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले वोटरों को डराने की कोशिश का आरोप लगाया।

नेकां अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि भाजपा जम्मू क्षेत्र में अपने विधानसभा चुनाव अभियान के दौरान हिंदू मतदाताओं को डराने की कोशिश कर रही है। अब्दुल्ला ने मध्य कश्मीर के बडगाम जिले में कहा कि भाजपा को लगता था कि हिंदू उनके पक्ष में मतदान करेंगे। लेकिन अब हिंदू पहले जैसे नहीं रहे, भाजपा ने राम मुद्दे का फायदा उठाने की कोशिश की और अब वह हिंदुओं को डराने की कोशिश कर रही है लेकिन हम विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करेंगे और लोगों का जीवन बदल देंगे।

भाजपा जम्मू-कश्मीर इकाई ने नेकां उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर लोगों को धमकाने का आरोप लगाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग से उमर का नामांकन रद करने की मांग की। जम्मू-कश्मीर भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुनील सेठी ने कहा कि गंदेरबल के पूर्व सरपंच ने उमर की सहमति से धमकी दी है कि जो लोग नेकां का समर्थन नहीं करेंगे, उन्हें मार दिया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कांग्रेस और नेकां गठबंधन अस्थायी टिप्पणी पर अब्दुल्ला ने जवाब दिया कि शाह बहुत बोल रहे हैं और मैं बताना चाहता हूं कि जिस भारत को वे पेश करने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसके खिलाफ हैं। हम घुसपैठिये नहीं हैं, न ही हम मंगलसूत्र छीनने वाले, न गाय बेचने वाले हैं। जिन मुसलमानों ने आजादी के लिए लड़ाई लड़ी और कुर्बान की, वे भी उतने ही भारतीय हैं।

भाजपा ने 10 उम्मीदवारों की छठी सूची की जारी

नई दिल्ली। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को 10 उम्मीदवारों की सूची जारी की, जिसमें उधमपुर पूर्व सीट से आरएस पठानिया और बांदीपुरा सीट से नसीर अहमद लोन को मैदान में उतारा गया है। जम्मू-कश्मीर की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए तीन चरण के चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर को होंगे। मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। भाजपा की उम्मीदवारों की छठी सूची के अनुसार, फकीर मोहम्मद खान, गुरेज (अनुसूचित जनजाति) सीट से, अब्दुल रशीद खान सोनावारी से और गुलाम मोहम्मद मीर हंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। भारत भूषण कठुआ से, राजीव भगत बिश्नाह सीट से और सुरिंदर भगत मढ़ सीट से चुनाव लड़ेंगे। ये तीनों विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं। भाजपा ने विक्रम रंधावा को बाहु विधानसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है।

मेघालय के निजी विवि पर बरसे सरमा

शिलांग (मेघालय), शैलेश अवस्थी

- गुवाहाटी में बाढ़-जिहाद के लिए चांसलर हक को ज़िम्मेदार ठहराया
- आरोप लगाया- विवि के गुम्बद और गेट का डिजाइन इस्लामिक
- मेघालय के सीएम ने बनाई संयुक्त जांच कमेटी, शीघ्र रिपोर्ट आएगी

लव-जिहाद के बाद अब असम-मेघालय में बाढ़-जिहाद चर्चा में है। अपने आक्रामक बयानों के लिए चर्चित असम के मुख्यमंत्री हिमंत विस्व सरमा ने मेघालय के एक निजी विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय पर बाढ़-जिहाद का आरोप लगाया है। इस विवि के मालिक एवं चांसलर महबाबुल हक पर आरोप लगाया कि इन्होंने विश्वविद्यालय की इमारत बनाने के दौरान पहाड़ियों और वनों की कटाई इस तरह कराई कि बारिश का पानी बड़े पैमाने पर गुवाहाटी पहुंचा और जबरदस्त बाढ़ आ गई।

सरमा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में शिक्षा के नाम पर बर्बादी की जा रही है। विश्वविद्यालय इमारत की डिजाइन भी इस्लामिक है। तीनों गुम्बद और गेट मक्का-मदीना की तर्ज़ पर हैं। इमारत बनाने के दौरान बड़े पैमाने पर पहाड़ियों और पेड़ों की कटाई हुई, जिससे बारिश का पानी बिना बाधा गुवाहाटी तक पहुंचता और बाढ़ आ जाती है। बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। अब इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, क्यूंकि इससे गुवाहाटी को जान माल का खतरा है।

सरमा ने दावा किया कि विवि के चांसलर ने अन्य पिछड़े वर्ग का बताते हुए इसका प्रमाणपत्र भी हासिल कर लिया था, जिसे बाद में जांच के बाद रद कर दिया गया था। मेघालय के री-भोई जिले में स्थित इस विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर वहां की पहाड़ियों को काटा गया। अब हम किसी भी हाल में गुवाहाटी को बाढ़ से बचाने के कोशिश करेंगे। एफआईआर भी कराएंगे।

बताया गया कि बाढ़-जिहाद का नया विवाद सामने आने के बाद मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के सांगमा ने असम के मुख्यमंत्री सरमा से बात कर उन्हें भरोसा दिलाया कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाएगी और इसके बाद उन्होंने असम और मेघालय के वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बना दी है। यह कमेटी शीघ्र ही हर पहलू पर जांच -पड़ताल के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। असम और मेघालय के बीच अन्य मुद्दों पर भी गौर करेगी...।

जनता के आशीर्वाद से हर लड़ाई जीतने की उम्मीद : विनेश

चंडीगढ़, एजेंसी

हरियाणा में कार्यक्रम को संबोधित करतीं जुलाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट।

पहलवान और कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए रविवार को कहा कि उन्हें लोगों के आशीर्वाद से हर लड़ाई जीतने की उम्मीद है। फोगाट को विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है।

हरियाणा में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच अक्टूबर को होगा जबकि मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। जुलाना पहुंचने पर फोगाट का गर्मजोशी से स्वागत किया गया तथा बुजुर्गों, महिलाओं और विभिन्न खापों के सदस्यों समेत उनके समर्थकों ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया तथा आशीर्वाद दिया। कांग्रेस ने शुक्रवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 32 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी, जिसमें उनका नाम भी पार्टी उम्मीदवारों में शामिल था।

गुजरात में अज्ञात बुखार से 12 लोगों की मौत

भुज। गुजरात के कच्छ जिले के लखपत तालुका में भारी बारिश से 12 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 12 वर्ष से कम उम्र के चार बच्चे भी हैं। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि मौत का कारण प्राथमिक रूप से न्यूमोनाइटिस प्रतीत होता है। जिला पंचायत सदस्यों ने कहा कि डॉक्टर बुखार का सही निदान नहीं कर पाए हैं, जिससे सांस लेने में कठिनाई हो रही है। कच्छ के कलेक्टर अमित अरोड़ा ने कहा कि पाकिस्तान की सीमा के निकट तालुका में 22 निगरानी दल और डॉक्टर तैनात हैं तथा एच1एन1, स्वाइन फ्लू, क्रीमियन-कांगो बुखार, मलेरिया और डेंगू की जांच के लिए नमूने लिए जा रहे हैं।

बजरंग को मिली धमकी कांग्रेस छोड़ने को कहा

सोनीपत, एजेंसी

- विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर दी गई धमकी शिकायत कराई दर्ज

कांग्रेस पार्टी में हाल ही में शामिल हुए ओलंपिक मेडलिस्ट बजरंग पूनिया को जान से मारने के धमकी मिली है। विदेशी नंबर से व्हाट्सएप पर धमकी दी गई है। बजरंग को धमकी में लिखा है कि बजरंग कांग्रेस छोड़ दो। वरना, तेरे और तेरे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। ये हमारा आखिरी संदेश है। बजरंग ने सोनीपत के बहालगढ़ थाना में शिकायत दर्ज कराई है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का राजनीति में प्रवेश हो चुका है। दिल्ली में शुक्रवार को दोनों कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इससे पहले दोनों ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनेश फोगाट ने कहा था कि उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश रहेगी। कांग्रेस ने हमारे आंसुओं को समझा।

ड्रोन हमलों के खिलाफ प्रदर्शन पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

इंफाल। मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए रैली निकालने के बाद, रविवार रात इंफाल में राजभवन और मुख्यमंत्री के बंगले के निकट पहुंचे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे। हजारों लोगों ने टिडिम रोड पर तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार्च किया और जब पुलिस ने उन्हें रोका, तो वे कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र की ओर बढ़ गए। राज्य और केंद्रीय बलों की टुकड़ी ने सड़क पर अवरोधक लगा दिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे। घटनास्थल पुलिस मुख्यालय, राज्य सचिवालय और भाजपा कार्यालय के निकट है। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और उग्रवादियों द्वारा हाल में किए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए तथा अधिकारियों की अक्षमता की निंदा की।

- राजभवन और मुख्यमंत्री के बंगले के पास पहुंचे गए थे प्रदर्शनकारी

स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप से श्रीगणेश की तस्वीर हटाई, प्रिंसिपल गिरफ्तार

कोटा। सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य को स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप से गणेश चतुर्थी के शुभकामना संदेशों को हटाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्ट हटाने के खिलाफ ग्रामीणों के विरोध प्रदर्शन के बाद यह कार्रवाई हुई। ग्रामीणों ने लटूरी गांव के सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य शफी मोहम्मद अंसारी को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। डीएसपी नरेंद्र नादर ने बताया कि प्रधानाचार्य ने स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप से श्रीगणेश की तस्वीर वाली पोस्ट हटा दी। बपावर थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि अंसारी को सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

- प्रिंसिपल शफी मोहम्मद अंसारी सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में किए गए गिरफ्तार

चिकित्सक से नशे में मरीज ने की अभद्रता

नई दिल्ली। द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल में नशे में दो लोगों ने चिकित्सक से अभद्रता की। वे अस्पताल में एक्स-रे सेवाएं उपलब्ध न होने से नाराज हो गए थे। यह घटना रविवार तड़के चार बजे हुई जब दोनों अस्पताल में आए और उनमें से एक के दाएं हाथ पर कटने का जख्म था। द्वारका पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि मरीजों ने दुर्व्यवहार किया। डॉ. मनोहर लाल ने बताया कि जब उन्होंने दोनों से दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल जाने को कहा तो उनसे गाली-गलौज की गयी।

मुख्यमंत्री बनर्जी मंत्रिमंडल की बैठक बुलाएं : बोस

कोलकाता। कोलकाता के सरकारी अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी के मामले में लोगों के न्याय की मांग के मद्देनजर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को तत्काल मंत्रिमंडल की आपातकालीन बैठक बुलाने और इस मुद्दे पर चर्चा करने का निर्देश दिया। बोस ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार को कोलकाता पुलिस के आयुक्त विनीत गोयल को बदलने की लोगों की मांग पर फैसला करना चाहिए। बोस ने कहा है कि सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती और राज्य में हो रही घटनाओं पर चुप नहीं रह सकती। राज्य को कोलकाता के पुलिस आयुक्त को हटाने की जनता की मांग पर ध्यान देना चाहिए।

- राज्यपाल बोले- कोलकाता पुलिस आयुक्त को हटाने पर करें फैसला

सपा नेता और मैनपुरी से सांसद डिंपल यादव ने हिमाचल के धर्मशाला में आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से विशेष दीर्घायु प्रार्थना समारोह के दौरान मुलाकात की। इस दौरान डिंपल ने वहां के मंदिर में भी दर्शन किया। ● एजेंसी

नाचने के दौरान हुई झड़प में तीन लोगों की मौत

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में गणेश पूजा पंडाल में डीजे पर नाचने को लेकर दो समूहों में झड़प में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया कि नंदिनी थाना क्षेत्र के शीतला मंदिर इलाके में हुई इस घटना में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंडाल में डीजे पर नाच रहे तीन लोग और उनके अन्य दोस्त, एक व्यक्ति और उसके दोस्तों से भिड़ गए। इसके बाद कुछ स्थानीय लोगों ने उन्हें शांत कराया। शनिवार रात को दोनों समूहों के बीच फिर से झड़प हो गई।

कारोबार/कृषि

शीर्ष आठ कंपनियों की पूंजी दो लाख करोड़ घटी

ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज -टीसीएस को, हिंदुस्तान यूनिलीवर-एचडीएफसी बैंक लाभ में

नई दिल्ली, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के साथ देश की शीर्ष 10 कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण में संयुक्त रूप से 2,01,699.77 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज को हुआ। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,181.84 अंक यानी 1.43 प्रतिशत नुकसान में रहा।

बाजार पूंजीकरण से आशय कंपनी के शेयर के कुल मूल्य से है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की पूंजी (एमकैप) 60,824.68 करोड़ घटकर 19,82,282.42 करोड़, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 34,136.66 करोड़ घटकर 16,12,762.51 करोड़ रुपये रहा। भारतीय स्टेट बैंक 29,495.84 करोड़ घटकर 6,98,440.13 करोड़ और भारती एयरटेल का 28,379.54 करोड़ घटकर 8,76,207.58 करोड़ रुपये रहा। इन्फोसिस 17,061.44 करोड़ घटकर 7,89,819.06 करोड़ और एलआईसी 16,381.74 करोड़ घटकर 6,57,009.14 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 15,169.76 करोड़ घटकर 8,51,204.65 करोड़ और आईटीसी 250.11 करोड़ घटकर 6,27,337.65 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर 14,179.78 करोड़ बढ़कर 6,66,919.73 करोड़ और एचडीएफसी बैंक 3,735.35 करोड़ बढ़कर 12,47,941.78 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही।

वैश्विक रुख तय करेंगे बाजार की चाल

नई दिल्ली। मुद्रास्फीति जैसे वृहत आर्थिक आंकड़ें, वैश्विक रुझान और विदेशी निवेशकों की गतिविधियां इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगी। कोटक सिक्योरिटीज के इक्विटी शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कुछ दिनों में सुधार है और ब्रेंट क्रूड अब 73 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के करीब है। भारत में, निवेशक इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति सहित अन्य वृहत आर्थिक आंकड़े जारी होने का इंतजार करेंगे। वैश्विक स्तर पर, निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर में कटौती को लेकर आशावादी बने हुए हैं। उनकी नजर इस महीने होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक पर होगी। आंकड़ों के तहत जुलाई के लिए औद्योगिक उत्पादन और अगस्त के लिए मुद्रास्फीति आंकड़ों की घोषणा गुरुवार को की जाएगी।

एफपीआई ने 11,000 करोड़ का किया निवेश

नई दिल्ली। विदेशी निवेशकों ने महीने के पहले सप्ताह में घरेलू शेयर बाजारों में 11,000 करोड़ का निवेश किया है। भारतीय बाजार में मजबूती और अमेरिका में ब्याज दर में कटौती की उम्मीद से एफपीआई का निवेश बढ़ा है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जून से इक्विटी खरीद रहे हैं। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ रुपये की राशि निकाली थी। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हाल ही में हुए निवेश आशाजनक हैं और भारत की मजबूत वृहद आर्थिक स्थिति से यह जारी रह सकता है। हालांकि, अमेरिकी ब्याज दर और भू-राजनीतिक परिदृश्य जैसे वैश्विक कारक प्रेरक शक्ति बने रहेंगे। आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने इस महीने (छह सितंबर तक) शेयरों में 10,978 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

जीएसटी पंजीकरण : सुविधाजनक और आसान

जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) के लिए ऑनलाइन आवेदन करना सरल और त्वरित प्रक्रिया है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म आपको व्यवसाय के लिए जीएसटी पंजीकरण प्राप्त करने में मदद करता है। पंजीकरण के लिए आपको आवश्यक दस्तावेज़, जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, और व्यवसाय का प्रमाण पत्र, को सही ढंग से प्रस्तुत करना होगा। इसके बाद, आवेदन फॉर्म भरकर, दस्तावेज़ अपलोड कर, और ओटीपी सत्यापन के माध्यम से प्रक्रिया को पूरा किया जाता है। सफलतापूर्वक आवेदन के बाद, आपको एक जीएसटी आइडेंटिफिकेशन नंबर (जीएसटीआईएन) प्राप्त होता है।

पंजीकरण के लिए तैयारी: पात्रता की जांच : सुनिश्चित करें कि आपकी व्यापार की गतिविधियां जीएसटी के दायरे में आती हैं।

दस्तावेज़ : आवश्यक दस्तावेजों को तैयार करें जैसे कि पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, पते का प्रमाण, और व्यवसाय का पंजीकरण प्रमाण पत्र।

जीएसटी पोर्टल पर लॉगिन : पोर्टल पर जाएं, सर्विस मेनू से रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें और न्यू रजिस्ट्रेशन चुनें।

आवेदन फॉर्म भरना: फॉर्म 1 : फॉर्म जीएसटी रजि. - 01 को भरें, जिसमें जानकारी दें : व्यापार का नाम और पता, पैन नंबर, व्यापार प्रकार, संबंधित राज्य और जिला।

दस्तावेज़ अपलोड करना: आवश्यक दस्तावेज़ों को स्कैन करके अपलोड करें जैसे कि पैन कार्ड, आधार कार्ड, पते का प्रमाण, बैंक खाता विवरण आदि।

आवेदन की समीक्षा और सबमिट करना: भरे गए विवरणों की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि सभी जानकारी सही है। सबमिट पर क्लिक करें।

ओटीपी सत्यापन: पैन और आधार नंबर के सत्यापन के लिए ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) प्राप्त होगा। इसे सत्यापित करें।

आवेदन संख्या प्राप्त करना: आवेदन सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद, आपको एक आवेदन संख्या प्राप्त होगी।

फीस : जीएसटी पंजीकरण शुल्क माफ कर दिया गया है। हालांकि, टैक्स की अपर्याप्त भुगतान पर दंड लग सकता है।

लाभ: सरलीकृत बिजनेस स्टार्ट-अप : केंद्रीकृत पंजीकरण प्रक्रिया के साथ, विभिन्न कर नियमों को नेविगेट करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है।

आवेदन की स्थिति की निगरानी: आप अपने जीएसटी पोर्टल खाते में लॉगिन करके आवेदन की स्थिति की निगरानी कर सकते हैं।

जीएसटीआईएन प्राप्त करना: आवेदन को स्वीकृत करने के बाद, आपको एक जीएसटी आइडेंटिफिकेशन नंबर (जीएसटीआईएन) प्राप्त होगा। यह आपकी जीएसटी पंजीकरण की पुष्टि है।

डिजिटल साइन: कुछ मामलों में, आवेदन के साथ डिजिटल साइन की जरूरत हो सकती है।

यदि किसी भी चरण में समस्या आती है, तो जीएसटी पोर्टल पर **हेल्प** सेक्शन या अपने राज्य के जीएसटी कार्यालय से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

रजिस्टर करने की पात्रता

- पहले से टैक्स सर्विसेज़ प्री-जीएसटी कानून अधिनियम के तहत पंजीकरण। ● अनिवासी टैक्सेबल और कैजुअल टैक्सेबल व्यक्ति।
- रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत टैक्स के अधीन व्यक्ति। ● ई-कॉमर्स एग्रीगेटर। ● 40 लाख से अधिक टर्नओवर वाले बिज़नेस, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और उत्तर-पूर्वी राज्यों में, सीमा रु. 10 लाख है। ● सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर और सप्लायर के एजेंट इनपुट करें। ● ई-कॉमर्स एग्रीगेटर से माल बेचने वाले। ● 20 लाख या उससे अधिक के वार्षिक टर्नओवर वाले बिज़नेस।

कोष के लिए स्पाइसजेट की 10% हिस्सेदारी बेच सकते हैं : अजय

नई दिल्ली। स्पाइसजेट के चेयरमैन अजय सिंह कोष जुटाने के एयरलाइन में 10% से अधिक हिस्सेदारी बेच सकते हैं। यह दौर सितंबर के अंत तक पूरा होने का अनुमान है। किफायती एयरलाइन वित्तीय चुनौतियों, कानूनी लड़ाइयों और विमानों को ठप करने सहित कई समस्याओं से जूझ रही है। कंपनी धन जुटाने की कोशिश कर रही है, जिससे उसे दायित्वों को पूरा करने में मदद मिलेगी। यदि परिस्थितियां अनुकूल रहीं तो सिंह एयरलाइन में 15% तक हिस्सेदारी बेच सकते हैं। स्पाइसजेट की ओर से कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है।

बैंक ऋण में गिरावट से निर्यातकों को नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- 11 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री के साथ होने वाली बैठक में उठेगा मुद्दा

निर्यातकों को बैंक ऋण में गिरावट से क्षेत्र को नुकसान होगा और वे 11 सितंबर को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। निर्यातकों का शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) के अधिकारी ने रविवार को यह कहा।

निर्यातकों के अनुसार 2021-22 और 2023-24 के बीच रुपये के लिहाज से निर्यात में 15% की वृद्धि हुई है, जबकि मार्च 2024 में बकाया ऋण, मार्च 2022 की तुलना में 5% कम हो गया है। फियो ने कहा कि निर्यात ऋण वृद्धि का देश के बढ़ते निर्यात से तालमेल नहीं है। फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, माल ढुलाई (समुद्री और हवाई दोनों) में उछाल और लाल सागर संकट से लंबी अवधि के लिए अधिक ऋण की जरूरत के बावजूद हमने मार्च 2022 और मार्च 2024 के बीच निर्यात ऋण में गिरावट देखी है।

घरेलू औषधि रसायन कारोबार में 10% वृद्धि की उम्मीद : ग्लेनमार्क

नई दिल्ली। ग्लेनमार्क फार्मा स्युटिकल्स ने कहा है कि भारत में दवा में उपयोग होने वाले रसायन बाजार के अगले दशक में नौ से 10% की संचयी सालाना वृद्धि होने की उम्मीद है। कंपनी ने कहा कि जन औषधि केंद्र देश में बहुत मजबूत इकाई के रूप में उभर सकती हैं। घरेलू औषधि रसायन बाजार का आकार दो लाख करोड़ होने का अनुमान है, जिसमें दो दशकों में सालाना 11% की वृद्धि हुई है। मुंबई स्थित दवा विनिर्माता ने रिपोर्ट में कहा कि अनुमान है कि जेनरिक खंड और जन औषधि केंद्र के विस्तार के साथ दस वर्षों में समग्र बाजार में इनकी 30% हिस्सेदारी हो सकती है।

उप्र के पांच शहरों में अटकी पड़ी हैं 378 आवासीय परियोजनाएं

नई दिल्ली। नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित उत्तर प्रदेश के पांच प्रमुख शहरों में 378 आवासीय परियोजनाएं अटकी हैं। इनमें 1.46 लाख फ्लैट हैं। रियल एस्टेट आंकड़ा विश्लेषण कंपनी प्रॉपइक्विटी ने यह जानकारी दी।

उत्तर प्रदेश के नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ और आगरा में 1,45,880 फ्लैट वाले 378 आवासीय परियोजनाएं रुकी हैं। ग्रेटर नोएडा में 74,645 इकाइयों वाली 167 अवरुद्ध परियोजनाएं हैं। नोएडा में 41,438 इकाइयों वाली 103 परियोजनाएं हैं, जबकि गाजियाबाद में 15,278 इकाइयों वाली 50 परियोजनाएं हैं। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद दिल्ली-एनसीआर में महत्वपूर्ण संपत्ति बाजार हैं। लखनऊ में भी 13,024 फ्लैट वाली 48 आवासीय परियोजनाएं अटकी हैं। आगरा में 10 परियोजनाएं अवरुद्ध हैं, जिनमें 1,495 इकाइयां शामिल हैं।

- नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद लखनऊ और आगरा में हैं परियोजनाएं

ऑनलाइन गेमिंग, बीमा प्रीमियम पर कराधान पर होगा विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

- जीएसटी परिषद की आज बैठक, जीएसटी और राजस्व प्रभाव पर पेश होगी रिपोर्ट

जीएसटी परिषद सोमवार (आज) को होने वाली बैठक में बीमा प्रीमियम पर कराधान, दरों को तर्कसंगत बनाने पर मंत्री समूह के सुझाव और ऑनलाइन गेमिंग पर रिपोर्ट समेत अन्य मुद्दों पर विचार कर सकती है। सूत्रों ने कहा कि फिटमेंट समिति जीवन, स्वास्थ्य और पुनर्बीमा प्रीमियम पर लगने वाले जीएसटी और राजस्व प्रभाव पर एक रिपोर्ट पेश करेगी। समिति में केंद्र और राज्य कर अधिकारी शामिल हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद इस बात पर फैसला करेगी कि स्वास्थ्य बीमा पर कर का बोझ मौजूदा 18% से कम किया जाए या वरिष्ठ नागरिकों जैसे कुछ श्रेणियों के व्यक्तियों को छूट दी जाए। परिषद में राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। जीवन बीमा प्रीमियम पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के संबंध में भी विचार-विमर्श होने की संभावना है। केंद्र और राज्यों ने 2023-24 में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी के माध्यम से 8,262.94 करोड़ प्राप्त किए, जबकि स्वास्थ्य पुनर्बीमा प्रीमियम पर जीएसटी से 1,484.36 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई। बीमा प्रीमियम पर कराधान का मुद्दा संसद में उठ चुका है। विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम को जीएसटी से मुक्त रखा जाए।

भारतीय पैरालंपियंस ने दिए गर्व के कई क्षण

समापन समारोह में रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया स्टेडियम, पहली बार देश को मिलीं कई उपलब्धियां

पेरिस, एजेंसी

दिव्यांग लेकिन असाधारण रूप से दृढ़ भारत के पैरा एथलीट को अपने पैरालंपिक अभियान पर गर्व महसूस होगा क्योंकि अधिकांश स्थापित नाम उम्मीदों पर खरे उतरे और कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपने ही रिकॉर्ड तोड़ 29 पदक जीतकर बड़े मंच पर अपनी जगह बनाई। भारत ने कुल 29 पदक जीते जिसमें से सात स्वर्ण हैं जो देश के लिए पहली बार हुआ है। वहीं, समापन समारोह में भारतीय दल की तरफ से तीरंदाज हरविंदर और स्प्रिंट रनर प्रीति पाल ध्वजवाहक बने। फ्रांस की तरफ से मेजबानी अमेरिका को सौंपे जाने के बाद समारोह औपचारिक रूप से समाप्त हो गया।

भारत ने 2016 के चरण में ही अपनी उपस्थिति दर्ज करानी शुरू की थी जिसमें देश के पैरा एथलीट चार पदक जीत सके थे। इसके बाद उनका प्रदर्शन शानदार होता चला गया जिससे तोक्यो में पैरा खिलाड़ियों ने 19 पदक जीते। पांच खेलों में कुल 29 पदकों से केवल ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धा में ही 17 पदक मिले जिसने सुनिश्चित किया कि देश इन खेलों में शीर्ष 20 में शामिल रहा।

ट्रैक और जूडो में अप्रत्याशित पदक

भारत के 84 सदस्यीय दल ने पैरालंपिक इतिहास में ट्रैक स्पर्धाओं सहित कई पहले स्थान सुनिश्चित किए जिसमें धावक प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 और 200 मीटर टी35 श्रेणी में कांस्य पदक जीता। टी35 वर्ग उन खिलाड़ियों के लिए है जिनमें हाइपरटोनिया, अटैक्सिया और एथेटोसिस जैसे विकार होते हैं। प्रीति के पैर जन्म से कमजोर थे और बड़े होने पर उनकी स्थिति और खराब होती गई। वहीं पहली बार जूडो में पदक मिला। कपिल परमार ने पुरुषों जूडो के 60 किग्रा जे1 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित करते हुए इस खेल में पहला पदक जीता। कपिल (24 वर्ष) बचपन में अपने गांव के खेतों में खेलते समय बिजली के झटके से घायल हो गए थे लेकिन उन्होंने इस दुर्घटना से खुद को उबारा।

पेरिस पैरालंपिक 2024 के समापन समारोह में लेजर शो के बाद रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया स्टेडियम। ● एजेंसी

तीरंदाजी और क्लब थ्रो ने पदक तालिका में आगे बढ़ाया

हरविंदर सिंह और धरमबीर जैसे खिलाड़ियों ने क्रमश: तीरंदाजी और क्लब थ्रो में अभूतपूर्व स्वर्ण पदक हासिल करके भारत को पदक तालिका में काफी ऊपर पहुंचाया। बिना हाथों के जन्म लेने वाली तीरंदाज शीतल देवी पहले से ही लाखों लोगों के लिए उम्मीद की किरण थीं। मिश्रित टीम में कांस्य पदक जीतने के बाद इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने कभी हार नहीं मानने का का जज्बा दिखाया। उन्होंने अपने हाथों की बजाय पैरों का इस्तेमाल करके निशाना साधा जिससे वह पेरिस में दर्शकों की पसंदीदा बन गई। पर उनके एकल स्पर्धा में 1/8 एलिमिनेशन से बाहर होने के बाद दर्शकों को बहुत निराशा हुई। कुछ दिन बाद हरविंदर ने दबाव में संयम बरतते हुए तीरंदाजी में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता और साथ ही तोक्यो चरण के अपने कांस्य पदक का रंग भी बदला। वहीं क्लब थ्रो स्पर्धा में पहला और दूसरा स्थान हासिल करना भारत के लिए दुर्लभ उपलब्धि रही जिसमें धर्मबीर और प्रणव सोरमा एफ51 वर्ग में पोडियम पर पहुंचे। धर्मबीर एक दुर्घटना में कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गए थे।

पदक तालिका

देश				कुल
चीन	94	76	50	220
ब्रिटेन	49	44	31	124
अमेरिका	36	42	27	105
नीदरलैंड्स	27	17	12	56
ब्राजील	25	26	38	89
इटली	24	15	32	71
यूक्रेन	22	28	32	82
फ्रांस	19	28	28	75
ऑस्ट्रेलिया	18	17	28	63
भारत	7	9	13	29

क्रूर ताने भी झेले हैं पर हम भी सम्मान के हैं हकदार : नवदीप

पेरिस। छोटे कद से पीड़ित नवदीप सिंह को हरियाणा के पानीपत जिले में अपने गांव में प्रशिक्षण की सामान्य कठिनाइयों के साथ लोगों के क्रूर तानों का भी सामना करना पड़ता था। नवदीप ने उन उपहासों को सफलता में बदलते हुए खेल के सबसे बड़े मंचों में से एक पैरालंपिक में स्वर्ण पदक हासिल किया। 4 फीट 4 इंच कद का 23 साल का यह खिलाड़ी भाला फेंक के एफ41 वर्ग में भारत का पहला स्वर्ण पदक विजेता बना। उन्होंने अपने जैसे पैरा खिलाड़ियों के लिए उस तरह की सम्मान की मांग की जैसा की सामान्य खिलाड़ियों को मिलता है। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की ओर से साझा वीडियो में नवदीप ने अपने स्वर्ण पदक को दिखाते हुए कहा हमें भी उतना दर्जा मिलना चाहिए, मैंने भी देश का नाम रोशन किया है। मेरा उद्देश्य समाज को शिक्षित करना है कि हम भी इस दुनिया में मौजूद हैं और किसी को हमारा मजाक नहीं उड़ाना चाहिए, जो अक्सर होता है। हम भी अपने देश को गौरवान्वित कर सकते हैं। शुरुआत में बहुत सारी बाधाएं थीं लेकिन मैंने अपने खेल को जारी रखने के साथ खुद को मजबूत बनाये रखा। मुझे इसका अच्छा परिणाम मिला।

सुमित और अवनि ने खिताब बरकरार रखा

जहां कई स्पर्धाओं में पहली बार पदक आये तो वहीं भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और निशानेबाज अवनि लेखरा सहित कुछ खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें थीं जिन्होंने तोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था। सुमित का बायां पैर एक दुर्घटना के बाद काटना पड़ा था। उन्होंने लगातार दूसरी बार भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर अपना ही पैरालंपिक रिकॉर्ड तोड़ दिया जबकि व्हीलचेयर पर रहने वाली राइफल निशानेबाज लेखरा ने एयर राइफल एसएच1 फाइनल में दबदबा बनाया बैडमिंटन कोर्ट से भी कुमार नितेश ने एक स्वर्ण पदक जीता जिन्होंने एक रोमांचक फाइनल में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को हराया। नितेश ने भी एक ट्रेन दुर्घटना के बाद अपना पैर खो दिया था। भारत अगर पैरा तैराकों का एक पूल बना ले तो शीर्ष 10 में जगह बनाने की उम्मीद रख सकता है क्योंकि पेरिस में केवल एक तैराक ने देश का प्रतिनिधित्व किया। वहीं शीर्ष पर रहे चीन ने तैराकी में 20 स्वर्ण सहित 54 पदक जीते।

पैरालंपिक विशेष और ऐतिहासिक रहा : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पेरिस पैरालंपिक 2024 विशेष और ऐतिहासिक रहा है खेलों में हमारे एथलीटों ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। मोदी ने आज सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा पैरालंपिक 2024 विशेष और ऐतिहासिक रहा है। भारत इस बात से बेहद खुश है कि हमारे बेहतरीन पैरा-एथलीटों ने 29 पदक जीते हैं, जो कि खेलों में भारत के पदार्पण के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यह उपलब्धि हमारे एथलीटों के अटूट समर्पण और अदम्य भावना के कारण है। उनके खेल प्रदर्शनों ने हमें कई यादगार पल दिए हैं और कई उभरते एथलीटों को प्रेरित किया है।

खेल डायरी

भारत ने पहले मैच में चीन को 3-0 से हराया

हुलुनबुइर (चीन)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मेजबान चीन पर 3-0 की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। भारत के लिए सुखजीत सिंह (14वें मिनट), उत्तम सिंह (27वें मिनट) और अभिषेक (32वें मिनट) ने गोल किए जबकि चीन एक भी गोल नहीं कर सका। ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक हासिल करने के बाद टूर्नामेंट में खेलने उतरी भारत ने शुरुआत में मिले मौकों को भुनाया और डिफेंस में भी मजबूत प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। सुखजीत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत में भारत को बढ़त दिलाई जबकि दूसरे क्वार्टर की समाप्ति से ठीक तीन मिनट पहले उत्तम सिंह ने बढ़त दोगुनी कर दी जिससे भारत पहले हाफ तक 2-0 से आगे हो गया। खेल फिर से शुरू होने के ठीक दो मिनट बाद अभिषेक ने शानदार रिवर्स हिट से गोल किया। भारत पूल एक में अपने दूसरे मैच में सोमवार को जापान से भिड़ेगा। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर यह टूर्नामेंट जीता था जिससे वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। वहीं, मलेशिया ने पाकिस्तान को 2-2 से बराबरी पर रोका जबकि जापान और कोरिया ने ड्रा खेला।

टेस्ट सीरीज रावलपिंडी और मुल्तान में होगी : नकवी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा है कि इंग्लैंड के साथ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला रावलपिंडी और मुल्तान में खेली जाएगी। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चल रहे काम का जायजा लेने के बाद नकवी ने कहा कि मुल्तान और रावलपिंडी तीनों टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे। नकवी ने कहा ईसीबी ने मुल्तान और रावलपिंडी में टेस्ट खेलने के प्रति अपनी रजामंदी दे दी है। नकवी के प्रवक्ता मोहम्मद रफीउल्लाह ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा इस बारे में कोई संदेह ही नहीं होना चाहिए। श्रृंखला अपने तय कार्यक्रम के अनुसार ही होगी। हम लगातार ईसीबी के संपर्क में बने हुए हैं और वे स्थान को लेकर भी संतुष्ट हैं। उल्लेखनीय है कि इस समय पाकिस्तान के विभिन्न स्टेडियम में निर्माण कार्य चल रहा है और इसी वजह से इंग्लैंड के साथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला की मेजबानी पेचीदा बन गई है। नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे नवीनीकरण के कार्य को देखते हुए कराची में दूसरे टेस्ट का आयोजन संभव नहीं है।

नोएडा में आज से होगा अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट

ग्रेटर नोएडा। न्यूजीलैंड का लक्ष्य सोमवार से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच में अफगानिस्तान की लंबी अवधि के प्रारूप में अनुभवहीनता का फायदा उठाना और उपमहाद्वीप में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होने वाले मैचों के लिए लय हासिल करना होगा। न्यूजीलैंड का अफगानिस्तान के खिलाफ यह पहला टेस्ट मैच होगा जो उसके लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड की टीम को उपमहाद्वीप की मुश्किल परिस्थितियों में छह टेस्ट मैच खेलने हैं। पिछले 40 वर्षों में यह पहला मौका होगा जब उसकी टीम उपमहाद्वीप में इतने अधिक टेस्ट खेलेगी। उपमहाद्वीप में न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। उसने यहां जो 90 मैच खेले हैं उनमें से 40 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसकी टीम इस रिकॉर्ड में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिए भारतीय टीम घोषित

मुंबई। बीसीसीआई की राष्ट्रीय चयन समिति ने रविवार को बंगलादेश के साथ इस महीने होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले आकाशदीप और यश दयाल को टीम में जगह मिली है। वहीं, ऋषभ पंत और केएल राहुल की टीम में वापसी हुई है। भारतीय टीम इसी महीने अपने घर में बंगलादेश के साथ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। पहला मुकाबला चेन्नई में 19 सितंबर से, जबकि दूसरा मैच 27 सितंबर से कानपुर में होगा। पहले टेस्ट मैच के लिए घोषित भारतीय टीम में रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी, शुभमन गिल, विराट, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाशदीप, जसप्रीत बुमराह और यश दयाल शामिल हैं।

मोईन अली ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन। इंग्लैंड के ऑल राउंडर मोईन अली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने द डेली मेल समाचार पत्र से कहा अब अगली पीढ़ी का समय है। मुझे लगा कि यह संन्यास लेने का सही समय है। मैंने अपना काम कर लिया है। मोईन ने इंग्लैंड की तरफ से 68 टेस्ट, 138 एक दिवसीय और 92 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले। वह सीमित ओवरों के दोनों प्रारूप में विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अब भी लगता है कि वह शीर्ष स्टार की क्रिकेट खेल सकते हैं लेकिन वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर यथार्थवादी बनने की कोशिश कर रहे हैं। मैं अब भी इंग्लैंड की तरफ से खेलने के लिए प्रयास कर सकता हूं लेकिन मैं जानता हूं कि मैं वास्तव में ऐसा नहीं करूंगा।

ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने रणधीर सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गये। उन्हें रविवार को यहां इस महाद्वीपीय संस्था की 44वीं आम सभा के दौरान यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल 2024 से 2028 तक रहेगा। उनका चयन सर्वसम्मति से किया गया।

यह 77 वर्षीय कुशल प्रशासक 2021 से ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष थे। उन्होंने कुवैत के शेख अहमद अल-फहद अल-सबा की जगह ली है, जिन पर नैतिकता के उल्लंघन के कारण इस साल मई में खेल प्रशासन से 15 साल का प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारतीय और एशियाई खेल संस्थाओं में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रहे रणधीर को खेल मंत्री और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल प्रशासकों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर ओसीए अध्यक्ष चुना गया।

युवा ओलंपिक 2030 के लिए भारत लगाएगा बोली: खेलमंत्री

नई दिल्ली। केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है। 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) की आमसभा में डा. मनसुख मंडाविया ने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने लगाने जा रहा है। आईओए की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा आज 44वीं ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया महासभा के संयोजक के रूप में आपके सामने खड़ा होना एक बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है।

आर्यना ने जीती अमेरिकी ओपन की ट्रॉफी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आर्यना सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हरा कर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका में आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त पेगुला को 7-5, 7-5 से हराकर अमेरिकी ओपन में पहला और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीता।

सबालेंका पिछले साल यहां फाइनल में हार गई थी जबकि इससे पहले वह दो बार सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने पहले सेट के आखिरी दो गेम और मैच के आखिरी चार गेम जीतने के बाद कहा पिछले साल मैंने यहां कड़ा सबक सीखा था। फाइनल के मुश्किल पलों में मैं मजबूत बने रहने की कोशिश कर रही थी। मैं खुद को यह याद दिलाने की कोशिश कर रही थी कि मैंने बहुत कुछ झेल लिया है और मैं इस दबाव को झेलने के लिए काफी मजबूत हूं। सबालेंका ने उन चुनौतियों का जिक्र भी किया जिनका सामना उन्हें पिछले कुछ वर्षों में करना पड़ा था। उनके पिता का 2019 में निधन हो गया था जबकि इस साल मार्च में उनके एक पूर्व प्रेमी की मृत्यु हो गई थी। दाहिने कंधे की समस्या के कारण उन्हें इस जुलाई में विंबलडन से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा।

जश्न मनातीं आर्यना सबालेंका। ● एजेंसी

● दूसरी वरीयता प्राप्त आर्यना ने जीता अपना तीसरा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट

उन्होंने कहा अपने पिता को खोने के बाद टेनिस के इतिहास में अपने परिवार का नाम दर्ज कराना हमेशा मेरा लक्ष्य रहा। जब भी मैं ट्रॉफी पर अपना नाम देखती हूं तो मुझे खुद पर बहुत गर्व होता है। मुझे अपने परिवार पर गर्व होता है जिन्होंने मुझे आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया था। सबालेंका पिछले साल फाइनल में कोको गॉफ से हार गई थी। तब उन्हें दर्शकों का समर्थन नहीं मिला था। गॉफ की तरह पेगुला भी अमेरिकी खिलाड़ी है, लेकिन दर्शक इस बार सबालेंका के प्रति कहीं अधिक उदार थे। पेगुला पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही थी। वह शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई तथा सबालेंका लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट जीतने के साथ ही दूसरे सेट में 3-0 की बढ़त बनाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी की अच्छी कोशिश की लेकिन वह सबालेंका को चैंपियन बनने से नहीं रोक पाई। पेगुला ने कहा उसने महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन किया।

बॉलीवुड हलचल

कंगना की फिल्म को मिला यूए सर्टिफिकेट

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी अब जल्द ही पर्दे पर रिलीज होगी। सेंसर बोर्ड ने एक्ट्रेस की फिल्म को सर्टिफिकेट दे दिया है। पर उन्होंने एक शर्त रखी है। सेंसर बोर्ड का कहना है कि फिल्म में से कुछ सीन्स काटने होंगे। साथ ही डिस्क्लेमर देना होगा, इसके बाद फिल्म रिलीज हो सकती है। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी के फिल्म मेकर्स से कुछ सीन्स कट करने के लिए कहा है। साथ ही डिस्क्लेमर देने की बात भी उन्होंने रखी है। फिल्म में जो भी हिस्टॉरिकल इवेंट्स को दिखाया गया है, उसमें डिस्क्लेमर लगाने के लिए कहा है। इमरजेंसी को यूए सर्टिफिकेट मिला है। पर ये तभी मिलेगा, जब फिल्म मेकर्स सीन कट कर देंगे और डिस्क्लेमर दे देंगे। हालांकि, अबतक फिल्म की रिलीज को लेकर कोई अपडेट नहीं है। फिल्म थिएटर्स में कब आएगी, ये नहीं बताया गया है। सिर्फ सर्टिफिकेट मिला है, जिसका इंतजार फिल्म मेकर्स काफी समय से कर रहे थे।

दीपिका के घर गूंजी किलकारी, बेटी का किया स्वागत

मुंबई। बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह बेटी के माता-पिता बन गए हैं। दीपवीर ने रविवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने प्रशंसकों के साथ इस खबर की आधिकारिक पुष्टि की। पोस्ट में लिखा है, आपका स्वागत है बच्चा 8.9.2024। इस खुशखबरी के बाद दीपवीर के प्रशंसक ख़ुशी से झूम उठे। शनिवार को अस्पताल जाते समय दीपिका की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं थी। अपने पहले बच्चे का स्वागत करने से पहले, दीपिका और रणवीर शुक्रवार शाम को गणेश चतुर्थी के अवसर पर मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर गए। हाल ही में इस जोड़े ने अपने शानदार मैटरनिटी शूट से प्रशंसकों का मनोरंजन किया। दीपिका और रणवीर के इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की गई संयुक्त पोस्ट में जोड़े ने इसे बुरी नजर से बचाने वाला और दिल इमोजी के साथ कैप्शन दिया। तस्वीरों में कपल को बेबी बंप को गले लगाते हुए देखा जा सकता है।

रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का पहला गाना मनासिलायो आज होगा रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की आने वाली फिल्म वेट्टैयन का पहला गाना मनासिलायो 9 सितंबर को रिलीज होगा। रजनीकांत इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म वेट्टैयन को लेकर चर्चा में हैं। वेट्टैयन के निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने के बारे में अपडेट साझा किया है। वेट्टैयन के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि फिल्म का पहला सिंगल 9 सितंबर को रिलीज किया जाएगा।पहले गाने का शीर्षक मनासिलायो है। इस अपडेट को साझा करते हुए निर्माताओं ने लिखा, अपने स्पीकर तैयार रखें। हमारा चेतन माल्टा के एक आदर्श मिश्रण के साथ आ रहा है मानसिलायो, वेट्टैयन का पहला सिंगल 9 सितंबर को रिलीज हो रहा है। अनिरुद्ध रविचंदर इस उच्च-बजट मनोरंजन के लिए साउंडट्रैक की रचना कर रहे हैं। इसके साथ इस फिल्म से रजनीकांत का नया पोस्टर भी साझा किया गया है। वेट्टैयन का निर्देशन टीजे ज्ञानवेल ने किया है।

इंडिया बी ने ए को 76 रन से हराया

दलीप ट्रॉफी

बेंगलुरु, एजेंसी

रिषभ पंत (61) और सरफराज खान (46) की संघर्षपूर्ण पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया बी ने रविवार को दिलीप ट्रॉफी के चौथे और आखिरी इंडिया ए टीम को 198 के स्कोर पर ढ़ेर कर 76 रन से मुकाबला जीत लिया है।

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडिया ए ने कल के दो विकेट पर 27 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया था कि 13वें ओवर में नवदीप सैनी ने इंडिया ए के कप्तान शुभमन गिल (21) को पंत के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद इंडिया ए को ध्रुव जुरेल (शून्य) और तनुष कोटियान (शून्य) के दो और झटके लगे। इस दौरान के एल राहुल एक छोर थामे रहे। राहुल ने (57) रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली। शिवम दुबे (14), कुलदीप यादव (14), आवेश खान (3) और आकाश दीप (43) रन बनाकर आउट हुये। खलील अहमद (4) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया बी के गेंदबाजों के आगे इंडिया ए के एल राहुल और अकाश दीप के अलावा कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सका। इंडिया ए की पारी 53 ओवर में 198 रन पर सिमट गई। यश दयाल ने तीन विकेट लिए। मुकेश कुमार और नवदीप सैनी को दो-दो विकेट मिले। वॉशिंगटन और नितीश एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले रिषभ पंत (61) और सरफराज (46) की संघर्षपूर्ण पारियों की मदद से भारत बी ने दलीप ट्राफी के रोमांचक मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को भारत ए के खिलाफ छह विकेट पर 150 रन बना कर 240 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त बनाई थी।

विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ जश्न मनाते वॉशिंगटन। ● एजेंसी

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

तीन इजराइलियों की गोली मारकर हत्या

यरुशलम। वेस्ट बैंक-जॉर्डन सीमा पर रविवार को तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इजराइली अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारी एक ट्रक पर सवार होकर जॉर्डन की ओर से एलेन्बी ब्रिज क्रॉसिंग पर आया तथा इजराइली सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना के अनुसार, जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी ढेर हो गया। हमले में मारे गए तीनों व्यक्ति इजराइली नागरिक थे।

इजराइल पर लेबनान से दागे गए 50 गोले

यरुशलम। उत्तरी इजराइल में लेबनान से लगभग पचास गोले दागे गए जिनमें से कुछ गोले वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा मार गिराए गए। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि ऊपरी गलील में 5:35 बजे बजने वाले सायरन के बाद लेबनान से आने वाले लगभग 30 प्रोजेक्टाइल की पहचान की गई। आईडीएफ एरियल डिफेंस एरे ने कई प्रोजेक्टाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया और बाकी खुले क्षेत्रों में गिर गए, इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

फिलिस्तीन समर्थक रैली में 8 को हिरासत में लिया

लंदन। लंदन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई के खिलाफ हजारों लोगों के विरोध प्रदर्शन के दौरान आठ लोगों को हिरासत में लिया गया। हजारों गाजा विरोधी प्रचारक शनिवार को लंदन की सड़कों पर उतरे। मार्च कुछ देर के लिए तब रुक गया जब हाथ में हमास की निंदा करने वाला बैनर लिए कुछ लोगों ने इस आंदोलन को अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने एक्स पर कहा कि कुल 8 गिरफ्तारियां की गईं जिसमें छह फिलिस्तीन समर्थक थे।

एक्स को ब्लॉक करने के विरोध में निकाली रैली

रियो डी जनेरियो। ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' को ब्लॉक करने के फैसले के विरोध में हजारों ब्राज़ीलियाई लोग सड़कों पर उतर आए। ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरिस ने एलोन मस्क द्वारा सोशल नेटवर्क के लिए एक नया कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करने से इनकार करने के कारण देश में 'एक्स' को ब्लॉक करने का आदेश दिया। इसके अलावा न्यायाधीश ने पहले इसी कारण से ब्राजील में स्टारलिंक के खातों को फ्रीज कर दिया था।

वियतनाम में तूफान से 14 लोगों की मौत

हनोई, एजेंसी। वियतनाम में तूफान 'यागी' के कारण देश के उत्तरी क्षेत्र में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 176 अन्य घायल हो गए। भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वियतनामी अधिकारियों द्वारा पिछले दशक में आए सबसे शक्तिशाली तूफानों में से एक यागी के कारण उत्तरी वियतनाम में 30 लाख से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं।

हसीना के प्रत्यर्पण को बांग्लादेश उठाएगा कदम

ढाका। बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के नव नियुक्त मुख्य अभियोजक मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने रविवार को कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत से प्रत्यर्पित कराने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि हाल में छात्र आंदोलन के दौरान हुई सामूहिक हत्याओं के आरोपों को लेकर उन पर मुकदमा चलाया जा सके। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा और वह भारत चली गईं।

मंगल पर मानवरहित उड़ान की योजना

वाशिंगटन। अमेरिका के प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क ने दो साल में मंगल ग्रह पर स्टारशिप अंतरिक्ष यान की पहली मानव रहित उड़ान और उसके बाद मानवयुक्त मिशन की उम्मीद जताई है। मस्क ने एक्स पर कहा कि अगली पृथ्वी-मंगल स्थानांतरण विंडो खुलने पर मंगल ग्रह के लिए पहला स्टारशिप 02 साल में लॉन्च होगा। मंगल ग्रह पर लैंडिंग परीक्षण करने के लिए ये बिना चालक दल के होंगे।

नेपाल ने बिहार को शुरू की बिजली की आपूर्ति

काठमांडू। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) ने पहली बार बिहार को 40 मेगावाट बिजली की आपूर्ति शुरू की है। एनईए के प्रवक्ता चंदन घोष ने बताया कि एनईए ने गुरुवार को पहले चरण में कटैया-कुशवाहा ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि नेपाल को बिहार को 125 मेगावाट बिजली आपूर्ति करने की मंजूरी मिल गई है। घोष ने कहा कि समय के साथ धीरे-धीरे इसकी मात्रा बढ़ाएंगे।

केंद्र मणिपुर की अखंडता की रक्षा को उठाए कदम

- हिंसा की घटनाओं के बीच मुख्यमंत्री बीरेन ने की अपील

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर में हिंसा की नई घटनाओं के बीच मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को केंद्र से राज्य की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए कदम उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि सिंह ने केंद्र सरकार से कुकी-जो समूहों द्वारा उठाई गई अलग प्रशासन की मांग के आगे न झुकने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कई विधायकों और विधानसभा अध्यक्ष के साथ राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और एक बैठक की। उन्होंने ये अपील राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सौंपे ज्ञापन में की।

एक अधिकारी के अनुसार, आचार्य को सौंपे ज्ञापन में सिंह ने कहा कि केंद्र को मणिपुर में शांति सुनिश्चित करनी चाहिए और निर्वाचित राज्य सरकार को पर्याप्त शक्तियां देनी चाहिए। सिंह ने परिचालन निलंबन (एसओओ) समझौते को रद करने का भी आह्वान किया। एसओओ समझौते पर केंद्र, मणिपुर सरकार और कुकी उग्रवादी संगठनों के दो समूहों - कुकी नेशनल ऑर्गनाइजेशन (केएनओ) और यूनाइटेड पीपुल्स फ्रंट (यूपीएफ) द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौते पर 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे तथा उसके बाद समय-समय पर इसे बढ़ाया जाता रहा। राजभवन ने एक बयान में कहा कि सिंह ने अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ राज्यपाल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। हालांकि, न तो राजभवन और न ही मुख्यमंत्री ने ज्ञापन की विषय-वस्तु साझा की।

लाइलाज है मांसपेशियों की दुर्बलता, जागरुकता जरूरी

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (मांसपेशीय दुर्विकास) एक नयूरोमस्कुलर (तंत्रिकाओं और मांसपेशियों से जुड़ा हुआ) आनुवांशिक विकारों का एक समूह है जिसमें मांसपेशियां लगातार घटती जाती हैं और कमजोर भी होती जाती हैं। यह एक ऐसी अवस्था है जो वक्त के साथ लगातार बढ़ती ही जाती है। फिलहाल इसका पूरे विश्व में कोई इलाज नहीं है और इसे भारत व अमरीका समेत कई देशों में विकलांगता के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। भारत के दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 में उल्लिखित 21 विकलांगताओं में एक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी भी है। मस्कुलर डिस्ट्रॉफी एसोसिएशन ऑफ यूएसए के अनुसार प्रति दो हजार लोगों में से एक व्यक्ति को यह बीमारी होती है। फिलहाल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी का इलाज नहीं है लेकिन चिकित्सीय सहायता मांसपेशियों के कमजोर होने की दर को कम कर सकती है। इससे प्रभावित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। आइए इसे विस्तार में समझते हैं।

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के कारण

हमारे शरीर में मांसपेशियों को बनाने हेतु प्रोटीन का निर्माण करने वाले कुछ जीन्स होते हैं। कुछ स्थितियों में इन जीन्स में उत्परिवर्तन या म्युटेशन हो जाते हैं जिसके कारण ये असामान्य रूप से कार्य करने लगते हैं। इनके असामान्य होने के कारण शरीर में मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने वाले प्रोटीन का निर्माण और संचार उचित तरीके से नहीं हो पाता और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण नजर आने लगते हैं।

ड्यूशेन और मायोटोनिक के मामले सबसे अधिक

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के इन प्रकारों में ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी और मायोटोनिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के मामले सबसे अधिक पाए जाते हैं। ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी केवल पुरुषों में पाया जाने वाला विकार है और इसके लक्षण 2 से 6 वर्ष की आयु में नजर आने लगते हैं। इससे प्रभावित पुरुष अमूमन 20 वर्ष की आयु से अधिक नहीं जी पाते। स्त्रियां हालांकि इससे प्रभावित नहीं होती लेकिन वे मां के रूप में इसकी वाहक जरूर हो सकती हैं। मायोटोनिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से भी बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होते हैं। इसके लक्षण बालपन से लेकर वयस्क अवस्था तक कभी भी उभर सकते हैं।

जागरूक रहकर ही इससे पा सकते हैं पार

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी मांसपेशियों को प्रभावित करती है और प्रगतिशील होने के कारण यह विकार व्यक्ति की स्थिति को लगातार कमजोर करता जाता है। ऐसी स्थिति से बेहतर तरीके से निबटने के लिए बहुत जरूरी है कि हम जागरूक हों। यह आलेख जागरूकता फैलाने की और हमारा एक कदम है। इस लेख को पढ़कर और इसे अपने आस-पास के लोगों के साथ साझा करके आप जागरूकता के इस मुहीम का हिस्सा बन सकते हैं।

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के प्रकार

- मायोटोनिक मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- लिम्ब एंड गर्डल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- फेसियोस्कैपुलोह्यूमरल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- कौनजेनाइटल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- औक्यूलोफैरैन्जल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- डिस्टल मस्कुलर डिस्ट्रॉफी
- एमरी-ड्रेइफस मस्कुलर डिस्ट्रॉफी

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी के लक्षण

- कदमों में लड़खड़ाहट
- दौड़ने या कूदने में परेशानी
- बार-बार गिरना
- लेटने या बैठने में कठिनाई
- नजर में कमजोरी
- मांसपेशियों में जकड़न
- कद न बढ़ना
- तेजी से वजन घटना
- बौद्धिक विकास में रुकावट आदि।

भारत बहुपक्षवाद का उत्साही व प्रतिबद्ध समर्थक : फ्रांसिस

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष ने की टिप्पणी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि भारत बहुपक्षवाद का उत्साही एवं प्रतिबद्ध समर्थक रहा है और 1.4 अरब की आबादी वाले लोकतंत्र के रूप में वैश्विक मामलों में निरंतर मजबूत योगदान देने के लिए उसका उज्ज्वल भविष्य है। फ्रांसिस ने 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा के इस सत्र के प्रमुख के तौर पर सोमवार को अपना एक साल का कार्यकाल खत्म होने से पहले ये टिप्पणियां कीं। फ्रांसिस ने यहां कहा कि इसमें कोई शक नहीं है-भारत निश्चित तौर पर संयुक्त राष्ट्र में अग्रणी देश है। भारत बहुपक्षवाद का उत्साही और प्रतिबद्ध समर्थक रहा है, जिसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा काफी महत्व दिया जाता है।

कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमन यांग 10 सितंबर को महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष का कार्यभार संभालेंगे। फ्रांसिस ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि विश्व निकाय में भारत की भूमिका जारी रहे और मजबूत होती रहे। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि भारत की सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने की महत्वाकांक्षा है। सदस्य इस पर फैसला लेंगे कि उन्हें परिषद में कैसे सुधार करना है, सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए कौन-से देश सबसे उपयुक्त होंगे और शक्तियों का विभाजन किस तरह से किया जाएगा। फ्रांसिस ने कहा कि लेकिन (भारत के) 1.4 अरब की आबादी वाला लोकतंत्र होने के कारण, मुझे विश्वास है कि कोई भी इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता कि भारत का वैश्विक मामलों में निरंतर मजबूत योगदान देने के लिए उज्ज्वल भविष्य है।

- कहा-वैश्विक मामलों में निरंतर योगदान देता रहा है भारत

विशेषज्ञता साझा करना सराहनीय कार्य

फ्रांसिस ने कहा कि भारत ने दक्षिण सहयोग के संदर्भ में ग्लोबल साउथ में अन्य विकासशील देशों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने में एक उन्नत विकासशील देश के रूप में बड़ी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया है, जिसके लिए भारत सरकार की सराहना की जानी चाहिए। पिछले सप्ताह, संयुक्त राष्ट्र में भारत के मनोनीत स्थायी प्रतिनिधि पार्थवनेनी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में फ्रांसिस से मुलाकात की थी। राजदूत हरीश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें पारस्परिक हित के विभिन्न मुद्दों पर फ्रांसिस के विचारों से लाभ हुआ। उन्होंने फ्रांसिस के कार्यकाल के दौरान भारत को मिले महासभा के समर्थन की सराहना भी की।

भारत के साथ काम करना चाहता है अमेरिका : बिस्वाल

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन की एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अमेरिका स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसी कुछ प्रमुख वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए भारत के साथ काम करने का इच्छुक है। यूएस इंटरनेशनल डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) की उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी निशा देसाई बिस्वाल ने यह बात कही। उनकी यह टिप्पणी इस सप्ताह भारत की उनकी प्रस्तावित यात्रा से पहले आई है। बिस्वाल ने कहा कि मुद्दा यह नहीं है कि भारत को किस चीज में मदद की जरूरत है, बल्कि यह है कि अमेरिका और भारत समस्याओं के समाधान के लिए किस तरह मिलकर काम कर रहे हैं।

इमरान ने संशोधित कानूनों के तहत की अपनी रिहाई की मांग

इस्लामाबाद। एक ओर जहां पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश 1999 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से बहाल किए गए संशोधनों के खिलाफ रैली निकाला था, वहीं दूसरी ओर उनकी कानूनी टीम ने शनिवार को जवाबदेही अदालत में आवेदन दायर करके पूर्व प्रधानमंत्री को 19.0 करोड़ पाउंड के भ्रष्टाचार मामले में बरी करने की मांग की। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि खान की कानून टीम ने अपनी याचिका में दलील दी है कि संशोधित कानून संघीय कैबिनेट के फैसलों की रक्षा करता है। गौरतलब है कि यह मामला अल कादिर यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के नाम पर नहर भूमि के कथित अधिग्रहण से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण सरकारी खजाने को 19 करोड़ पाउंड (करीब 50 अरब रुपये) का नुकसान हुआ था।

भारत-यूएई के संबंध होंगे मजबूत और खुलेंगे साझेदारी के नए रास्ते

- क्राउन प्रिंस वली अहद पहुंचे दिल्ली गर्मजोशी से किया गया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

अबू धाबी के वली अहद (युवराज) शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान अपनी दो दिवसीय भारत यात्रा के तहत रविवार को नई दिल्ली पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। नाहयान अपने भारत प्रवास के दौरान पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ऊर्जा और संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने हवाई अड्डे पर अहद की अगवानी की, जिसके बाद उनका औपचारिक स्वागत किया गया। यह उनकी इस यात्रा को भारत द्वारा दिए गए महत्व को दर्शाता है।

नाहयान के साथ संयुक्त अरब अमीरात सरकार के कई मंत्री और एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आया है। अल नाहयान एक व्यापार मंच में भाग लेने के लिए मुंबई जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि अल नाहयान की यात्रा से भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच संबंध और मजबूत होंगे तथा नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रास्ते खुलेंगे।

अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का नई दिल्ली आगमन पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनका स्वागत किया।

विदेश मंत्री जयशंकर पहुंचे सऊदी अरब

रियाद। विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए दो दिवसीय यात्रा पर रविवार को रियाद पहुंचे। इसके बाद वह जर्मनी और स्विट्जरलैंड जाएंगे। विदेश मंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि भारत-खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों की पहली बैठक में हिस्सा लेने के लिए सऊदी अरब की राजधानी रियाद पहुंचा। गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए प्रोटोकॉल मामलों के उपमंत्री अब्दुलमजीद अल समारी का आभार।

भारत-अमेरिका संबंध मजबूत करने अमेरिका पहुंचे राहुल

ह्यूस्टन। कांग्रेस नेता राहुल गांधी तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को अमेरिका पहुंचे। इस दौरान, राहुल भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को और मजबूत करने के लिए सार्थक एवं गहन बातचीत करेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका के टेक्सास प्रांत के डलास में भारतीय प्रवासियों और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के सदस्यों ने गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, जिससे मैं वास्तव में बहुत प्रसन्न हूं। अमेरिका आगमन की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए राहुल ने कहा कि मैं इस यात्रा के दौरान सार्थक चर्चाओं और गहन बातचीत में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं, जिससे दोनों देशों के बीच संबंध और मजबूत होंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पिछले हफ्ते कहा था कि राहुल को कैपिटल हिल में विभिन्न लोगों से व्यक्तिगत तौर पर बातचीत करने का मौका मिलेगा।

सिंगापुर में पहली बार आयोजित हुआ भोजपुरी कार्यक्रम

सिंगापुर, एजेंसी। सिंगापुर में बढ़ते भारतीय सांस्कृतिक वैभव की झलक पेश करते हुए हाल में पहली बार एक भोजपुरी कार्यक्रम का मंचन किया गया। देश में कलाकार वैश्विक एवं बहुराष्ट्रीय दर्शकों के सामने लगातार भाषाई विविधता एवं सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित कर रहे हैं। भोजपुरी एसोसिएशन सिंगापुर (बीएएस) के अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारतीय प्रवासी समुदाय खासतौर पर विदेशों में अपने परिवारों के साथ रहने वाले पेशेवर पहले से कहीं ज्यादा तेजी से बढ़ रहे हैं। और उनके साथ अपनी संस्कृति एवं परंपराओं को साझा करने लिए हम प्रतिभाशाली कलाकारों को इस तरह सामने ला रहे हैं कि वे उन्हें अपनी जड़ों से जुड़ने में मदद कर पाएं। बीएएस ने कहा कि पहली बार 31 अगस्त को 'नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस)' में उसने एक भोजपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया।

अगर दुर्गा पूजा पर माहौल बिगाड़ा तो कड़ी कार्रवाई

- बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दी उपद्रवियों को चेतावनी
- हिंदुओं को सुरक्षा का आश्वासन उत्साह से पर्व मनाने का आग्रह

ढाका, एजेंसी

दुर्गा पूजा के दौरान अशांति पैदा होने की आशंकाओं के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने रविवार को संदिग्ध उपद्रवियों को चेतावनी देते हुए इस हिंदू त्योहार के दौरान पूजा स्थलों को निशाना बनाने या साम्प्रदायिक सद्भाव भंग करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लिया। दुर्गा पूजा उत्सव नौ अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक मनाया जाएगा।

धार्मिक मामलों के सलाहकार डॉ. एएफएम खालिद हुसैन ने राजशाही जिले के गोदागारी में प्रेमातली गौरंग बाड़ी कालीमंदिर के दौरे पर कहा कि अगर कोई पूजाघरों में व्यवधान डालता है या लोगों को परेशान करता है, तो हम उन्हें नहीं बख्शेंगे। हम उन्हें कानून के तहत सजा दिलाएंगे और शांति सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने हिंदू समुदाय से अपने त्योहारों को उत्साह के साथ मनाने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि किसी को भी उनके मंदिरों को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ईरान ने रूसी सेना को बैलिस्टिक मिसाइलें दीं

अमेरिका को संदेह

तेहरान। अमेरिका का मानना है कि ईरान ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दी हैं। अमेरिकी खूफिया सूत्रों के अनुसार, ईरान ने हाल ही में यूक्रेन के खिलाफ संघर्ष में उपयोग के लिए रूस को कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें प्रदान की हैं। अमेरिकी और पश्चिमी अधिकारियों ने इसके संदर्भ में लगभग एक साल से चेतावनी दी थी। उन्होंने यह नहीं बताया कि रूस को कितने हथियार प्रदान किए गए हैं या कब दिया गया।

जांबाज

रांची के मोरहाबादी मैदान में नो योर आर्मी कार्यक्रम के समापन समारोह के दौरान करतब दिखाते सेना के जवान। ● एजेंसी

हैरिस का समर्थन करने के पुतिन के फैसले से हैरान हैं ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का समर्थन करने के फैसले से हैरान हैं। गौरतलब है कि पुतिन ने पूर्वी आर्थिक मंच के पूर्ण सत्र के दौरान मज़ाक में कहा था कि रूस डेमोक्रेटिक पार्टी की अमेरिकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार हैरिस का समर्थन करेगा, जैसा कि मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सुझाया है। उन्होंने कहा कि हैरिस की हंसी इतनी अच्छी है कि कोई भी यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि वह अच्छा कर रही हैं।

गाय हो या व्यक्ति, किसी की भी लिंचिंग नहीं होनी चाहिए

पटना, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ पदाधिकारी इंद्रेश कुमार ने रविवार को कहा कि न किसी व्यक्ति 'लिंचिंग' (पीट-पीट कर हत्या) होनी चाहिए और न ही गाय की। आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य ने पटना में कहा कि संघ अपने प्रमुख मोहन भागवत द्वारा जाति जनगणना के पक्ष में व्यक्त किए गए विचारों के साथ खड़ा है। इंद्रेश ने कहा कि भागवत जी ने जो कहा है, वह आरएसएस के शत-प्रतिशत स्वयंसेवकों का विचार है। जाति एक वास्तविकता है जिसे हम नकार नहीं सकते। लेकिन हमें जातिवाद के जहर को दूर रखने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, इसी तरह, हमारा भी मानना है कि कई धर्म हैं और रहेंगे। लेकिन हमें धार्मिक कट्टरता और उसके कारण होने वाली हिंसा से सावधान रहना चाहिए। लोगों को सभी के प्रति सम्मान रखते हुए अपने पथ का अनुसरण करना चाहिए।

- पटना में बोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार
- जाति जनगणना पर बोले-जातिवाद के जहर को दूर रखना जरूरी

गोरक्षकों द्वारा पीट-पीट कर हत्याएं किए जाने और विपक्ष द्वारा इनके लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराए जाने के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि देश और दुनिया के कई हिस्सों में लोग मांस खाते हैं। लेकिन हमें यह समझना चाहिए कि लोग गायों के प्रति संवेदनशील हैं।

डोभाल ब्रिक्स बैठक में भाग लेने रूस जाएंगे, यूक्रेन पर भी चर्चा होने की संभावना

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मॉस्को और कीव यात्राओं के बाद यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका की मांग की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस सप्ताह रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। डोभाल मुख्य रूप से ब्रिक्स समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस जा रहे हैं। यह बैठक रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर नए सिरे से जारी प्रयासों के बीच हो रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनएसए डोभाल ब्रिक्स बैठक के लिए रूस जा रहे हैं। ऐसी संभावना है कि वह अपने रूसी समकक्ष के साथ बातचीत भी करेंगे और क्षेत्र में शांति लाने के तरीकों पर विमर्श करेंगे। डोभाल की रूस यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन की राजधानी कीव की हाई-प्रोफाइल यात्रा के ढाई सप्ताह बाद हो रही है। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को कहा कि भारत और चीन इस संघर्ष का समाधान खोजने में भूमिका निभा सकते हैं।

पाकिस्तान में शिक्षा आपातकाल घोषित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने रविवार को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर देश में स्कूलों से वंचित 2.60 करोड़ बच्चों को शिक्षित करने के इरादे से 'शिक्षा आपातकाल' की घोषणा की। सरकारी एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान की खबर के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस कदम की घोषणा की और निजी क्षेत्र तथा नागरिक संगठनों से सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता शहबाज (72) ने शिक्षा एजेंडे को आगे बढ़ाने तथा सूचना के मामले में सबल एवं टिकाऊ राष्ट्र के लिए प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि हमने पूरे देश में शैक्षिक आपातकाल घोषित कर दिया है, छात्रों के लिए नामांकन अभियान शुरू किया है और स्कूलों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन शुरू किया गया है।

- शहबाज शरीफ ने निजी क्षेत्र और नागरिक संगठनों से मांगा सहयोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि साक्षरता एक मौलिक मानवीय और संवैधानिक अधिकार है जो हमारे देश के भविष्य की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि साक्षरता केवल पढ़ने और लिखने की क्षमता नहीं है, बल्कि यह सशक्तीकरण, आर्थिक अवसरों और समाज में सक्रिय भागीदारी का प्रवेश द्वार है।

स्कूल न जाने वाले बच्चों के दाखिले का संकल्प

इससे पहले मई में भी शहबाज शरीफ ने शिक्षा आपातकाल की घोषणा की थी और स्कूल न जाने वाले लगभग 2.60 करोड़ बच्चों को दाखिला दिलाने का संकल्प लिया था। संयुक्त राष्ट्र के निकाय यूनेस्को ने रेखांकित किया है कि विकासशील देशों में चार में से तीन बच्चे 10 वर्ष की आयु तक बुनियादी पाठ्य सामग्री को पढ़ या समझ नहीं सकते हैं, तथा विश्वभर में अब भी 75.4 करोड़ वयस्क निरक्षर हैं, जिनमें से दो तिहाई महिलाएं हैं।